राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होने पर जताई निराशा

व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद पहली बार वाशिंगटन पहुंचे ट्रंप 12

वर्ष : 10 | अंक : 73 | पटना, गुरुवार, 28 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 27.0°C

क्या बंगाल में भी होगी राजनीतिक उथल-पुथल ?

**पोल**

क्या उद्धव को उलझाकर खुद भी उलझ गए शिंदे ?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 51,190 |
| चांदी | 53.,400 |
| सेंसेक्स | 56,368 |
| निफ्टी | 17,583 |

# राजद के पूर्व विधायक भोला यादव को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

पटना, प्रात : किरण

राजद प्रमुख लालू प्रसाद के विशेष कार्य पदाधिकारी रहे भोला यादव को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने रेलवे भर्ती घोटाले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए श्री यादव के खिलाफ एक्शन लिया है। जानकारी के मुताबिक रेलवे भर्ती घोटाले मामले में सीबीआई अधिकारी भोला यादव से पूछताछ कर रहे हैं। भोला यादव के साथ ही जमीन देकर रेलवे में नौकरी हासिल करने वाले गोपालगंज निवासी हृदयानंद चौधरी को भी राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने भोला यादव के चार अलग-अलग ठिकानों पर छापा भी मारा। जानकारी के मुताबिक भोला यादव के दरभंगा जिला स्थित पैतृक घर कपछाही और बहादुरपुर स्थित आवास पर छापा मारा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई को प्रमाण मिले थे कि रेलवे में नौकरी के बदले लालू परिवार के लिए जमीन की व्यवस्था करने में भोला यादव



की बड़ी भूमिका रही। यह आरोप भी हैं कि भोला यादव ने स्वयं भी संपत्ति अर्जित की। सीबीआइ उन्हें पूछताछ के लिए लगातार तलब कर रही थी। आखिरकार बुधवार को सीबीआइ ने उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार किया। इसी मामले में दूसरी गिरफ्तारी पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल से हृदयानंद चौधरी की हुई। उनपर आरोप है कि लालू प्रसाद के परिवार को महुआबाग की अपनी 3375 वर्गफीट जमीन देकर पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर में नौकरी ली। जानकारी के मुताबिक सीबीआइ की अलग-अलग टीमों ने भोला यादव के पटना के फ्रेंड्स कालोनी, दरभंगा में गंज स्थित आवास और कपछाही स्थित पैतृक अवास पर छापे मारे। साथ ही भोला यादव के चार्टर्ड एकाउंटेंट के एक्जीबीशन रोड कार्यालय में भी सीबीआइ की टीम पहुंची और कई अहम विषयों पर जानकारी हासिल की। दिल्ली से गिरफ्तार भोला यादव को सीबीआइ ने बुधवार को ही राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश ने सीबीआइ के आवेदन पर भोला यादव को पांच दिनों के लिए रिमांड पर भेज दिया। अब भोला दो अगस्त तक सीबीआइ की रिमांड में रहेंगे, जहां उनसे लगातार पूछताछ होगी। बता दें कि सीबीआई ने दो महीने पहले इस मामले में लालू परिवार के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। पटना स्थित राबड़ी आवास और दिल्ली में मीसा भारती के घर समेत लालू प्रसाद यादव के कई ठिकानों पर सीबीआई की टीम पहुंची थी। टीम ने कई घंटों तक घरों की तलाशी ली। भोला यादव साल 2004 से 2009 के बीच जब लालू यादव रेल मंत्री थे, तब भोला यादव उनके ओएसडी रहे थे। उस समय रेलवे में जमीन के बदले नौकरी लगवाने के आरोप हैं। वर्ष 2015 में बहादुरपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे। वहीं, वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में वे हायाघाट से राजद के टिकट पर उतरे थे लेकिन उनकी हार हो गई थी।

**छापेमारी**

- कई ठिकानों पर की छापेमारी, पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया
- हृदयानंद चौधरी भी सीबीआई के गिरफ्त में

# पीएमएलए पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

### अदालत ने कहा-ईडी को गिरफ्तारी, सर्च, अटैच और संपत्ति जब्त करने का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सर्वोच्च न्यायालय में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रिवेंशन आफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है और ईसीआईआर प्रवर्तन निदेशालय का एक आंतरिक दस्तावेज है। आरोपी को ईसीआईआर की आपूर्ति अनिवार्य नहीं है और गिरफ्तारी के दौरान कारणों का खुलासा करना ही काफी है। अदालत ने पीएमएलए अधिनियम की धारा 45 में जमानत के लिए दो शर्तों को भी बरकरार रखा और कहा कि निकेश थरचंद शाह मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी संसद 2018 में उक्त प्रावधान में संशोधन करने के लिए सक्षम थी। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताई गई खामियों को दूर करने के लिए संसद वर्तमान स्वरूप में धारा 45 में संशोधन करने के लिए सक्षम है। कोर्ट ने यह भी माना कि ईडी अधिकारी 'पुलिस अधिकारी' नहीं हैं और इसलिए अधिनियम की धारा 50 के तहत उनके द्वारा दर्ज किए गए बयान संविधान के अनुच्छेद 20 (3) से प्रभावित नहीं हैं, जो आत्म-अपराध के खिलाफ मौलिक अधिकार की गारंटी देता है। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है और यह केवल ईडी का एक आंतरिक दस्तावेज है। इसलिए, एफआईआर से संबंधित सीआरपीसी प्रावधान ईसीआईआर पर लागू नहीं होंगे। ईसीआईआर की आपूर्ति अनिवार्य नहीं है।



**महबूबा ने दी थी चुनौती**

महबूबा मुफ्ती ने धारा 50 के संवैधानिक अधिकार और धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधान को चुनौती दी थी। पीएमएलए की धारा 50 'प्राधिकरण' यानी प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को सबूत देने या पेश करने के लिए बुलाने का अधिकार देती है। समन किए गए सभी व्यक्ति उनसे पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने और ईडी अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले**

- ईडी का गिरफ्तारी करने, सीज करने, संपत्ति अटैच करने, रेड डालना और बयान लेने के अधिकार बरकरार रखे गए हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिकायत ईसीआईआर को एफआईआर के बराबर नहीं माना जा सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईसीआईआर रिपोर्ट आरोपी को देना जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी के दौरान केवल कारण बता देना ही काफी है।
- पीएमएलए में 2018-19 में हुए संशोधन क्या फाइनेंस एक्ट के तहत भी किए जा सकते हैं? इस सवाल पर 7 जजों की बेंच मनी बिल के मामले के तहत विचार करेगी।

# सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म




नई दिल्ली, प्रात : किरण, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को 3 घंटे पूछताछ की। ईडी ने उन्हें अब तक कोई नया नोटिस नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी ने सोनिया से पूछा कि यंग इंडिया के लेन-देन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके घर 10 जनपथ पर हुईं। मंगलवार को भी जब ईडी ने उनसे कंपनियों के लेन-देन के बारे में सवाल किया तो सोनिया ने जवाब दिया- कांग्रेस, एसोसिएट जर्नल और यंग इंडियन से जुड़े सभी लेनदेन पूर्व कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा देखते थे।

### 3 दिन में 12 घंटे सवाल

पहली बार सोनिया 21 जुलाई को ईडी दफ्तर पहुंची थीं, यहां उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। इसके बाद 5 दिन का ब्रेक मिला। इसके बाद ईडी ने उन्हें 26 जुलाई को बुलाया गया और 6 घंटे तक सवाल किए। फिर बुधवार को ईडी ने सोनिया को पूछताछ के लिए बुलाया, यहां एजेंसी ने उनसे 3 घंटे पूछताछ की। कुल 12 घंटे हुई पूछताछ के दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष से हुए ये अहम सवाल

- यंग इंडिया लिमिटेड संस्था किस क्षेत्र में काम करती है?
- लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके आवास 10 जनपथ पर हुईं?
- लेनदेन के बारे में आपको क्या जानकारी है? इसके शेयर किस तरह बिके?

**सवाल-जवाब**

- पूछा-यंग इंडिया के लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें 10 जनपथ पर हुईं
- कंपनियों के लेन-देन के सवाल पर सोनिया ने भी वोरा पर फोड़ा ठीकरा
- नई दिल्ली में बुधवार को प्रदर्शन कर रही महिला कार्यकर्ताओं को सुरक्षाबलों ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान झड़प भी हुई।
- मुंबई के बोरिवली में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया।

**देशभर में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन**

बुधवार को सोनिया से पूछताछ के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभर में प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को सुरक्षाबलों ने उठा-उठाकर बसों में भरा। इस दौरान उनकी सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि देश को पुलिसिया स्टेट में बदल दिया है। सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म होने के बाद दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी सांसदों को रिहा कर दिया।

## संक्षिप्त खबर

### रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 31 जुलाई

नई दिल्ली। आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की अंतिम समय-सीमा 31 जुलाई है लेकिन 26 जुलाई तक सिर्फ 3.4 करोड़ करदाताओं ने आईटीआर दाखिल किया है। इस बीच सरकार ने भी साफ कर दिया है कि पिछले दो साल की तरह इस बार आईटीआर फाइल करने की डेडलाइन नहीं बढ़ने वाली है।

### विश्वविद्यालयों में नियमित समय पर होगी परीक्षा

पटना। राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चैहान के निदेश पर राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों की बैठक आयोजित कर लंबित परीक्षाओं, डिग्री का वितरण, सत्र नियमित करने, विश्वविद्यालयों एवं इनके क्षेत्रान्तर्गत आनेवाले महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के सेवान्त लाभ एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में निदेश दिया गया कि सभी परीक्षाएं समय पर ली जाएँ तथा उनका परिणाम ससमय घोषित किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में परीक्षा के परिणाम के दो माह के भीतर मूल प्रमाण-पत्र महाविद्यालयों को उपलब्ध कराने तथा इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट देने का भी निदेश दिया गया। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में पटना विश्वविद्यालय पटना, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालयपटना, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा, मगध विश्वविद्यालय बोधगया, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा, मौलाना मजहरूल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय, पटना, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों ने भाग लिया।

### स्पाइसजेट पर डीजीसीए सख्त

नई दिल्ली। एविएशन सेक्टर के रेगुलेटर डीजीसीए ने स्पाइसजेट पर कड़ी कार्रवाई की है। अगले आठ हफ्तों तक उसकी 50 फीसदी उड़ानों पर रोक लगा दी है। हाल में स्पाइसजेट के विमानों में तकनीकी गड़बड़ी के कई मामले आए थे। इसके मद्देनजर डीजीसीए ने एयरलाइन पर यह कार्रवाई की है। स्पाइसजेट के विमानों में हाल में 18 दिन के अंतराल में गड़बड़ी के करीब आठ मामले सामने आए थे। इसके बाद डीजीसीए ने छह जुलाई को उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया था। सिविल एविएशन राज्यमंत्री वी के सिंह ने सोमवार को कहा था कि डीजीसीए ने स्पाइसजेट एयरक्राफ्ट्स के स्पॉट चेक्स के दौरान सेफ्टी में उल्लंघन का कोई बड़ा मामला नहीं पाया गया। डीजीसीए ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि स्पाइसजेट एक सेफ और विश्वसनीय सेवा देने में नाकाम रही है। एयरलाइन इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने का उपाय कर रही है लेकिन इसके लिए उसे काफी कुछ करने की जरूरत है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में नीरज चोपड़ा की जगह

# पीवी सिंधु संभालेंगी भारत का झंडा

नई दिल्ली, प्रात : किरण

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का आगाज बर्मिंघम में गुरुवार (28 जुलाई) से हो रहा है। ओपनिंग सेरेमनी में भारत के खिलाड़ियों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा और इस बार ध्वजवाहक स्टार बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु होंगी। पहले यहां पर ध्वजवाहक जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा होने वाले थे, लेकिन वह चोट की वजह से अब कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ही नहीं ले रहे हैं। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से बुधवार शाम को ऐलान किया गया कि एसोसिएशन ने ध्वजवाहक के तौर पर स्टार शटलर पीवी सिंधु का नाम तय किया है। पीवी सिंधु दो बार की ओलंपिक चैम्पियन हैं, बर्मिंघम में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में वह प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगी। टीम इंडिया की ओर से स्टार जैवलिन



थ्रोअर नीरज चोपड़ा गोल्ड मेडल लाने के सबसे बड़े दावेदारों में से एक थे। उन्होंने हाल ही में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल भी जीता था, लेकिन इसी फाइनल इवेंट में वह खुद को चोट लगवा बैठे। इसी के बाद जब नीरज चोपड़ा का टेस्ट हुआ तब उन्हें एक महीने का आराम दिया गया है। इंग्लैंड के बर्मिंघम में 28 जुलाई से कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत हो रही है, यह खेल 8 अगस्त तक चलेंगे। भारत अक्सर कॉमनवेल्थ गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करता है और टॉप-3 में जगह बनाता है। ऐसे में इस बार भी भारत को यहां इतिहास रचे जाने की उम्मीद है।

# बिहार में कैंसर मरीजों का इलाज होगा आसान

### महावीर कैंसर संस्थान में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, ब्रेकीथेरेपी एवं इकोकार्डियोग्राफी मशीन का शुभारंभ

**लोकार्पण**

- राज्यपाल फागू चौहान ने किया लोकार्पण
- संस्थान को विवेकानुदान कोष से 50 लाख देने की घोषणा की

पटना, प्रात : किरण, संवाददाता

राज्यपाल फागू चैहान ने महावीर कैंसर संस्थान पटना में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, ब्रेकीथेरेपी एवं इकोकार्डियोग्राफी मशीन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस संस्थान में इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से गरीब कैंसर मरीजों को इलाज कराने में काफी सहूलियत होगी। राज्यपाल ने गरीब कैंसर रोगियों की चिकित्सा हेतु अपने विवेकानुदान कोष से महावीर कैंसर संस्थान को 50 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। राज्यपाल ने कहा कि महावीर कैंसर संस्थान महावीर



मन्दिर द्वारा संचालित देश का दूसरा सबसे बड़ा कैंसर अस्पताल है जहां बिहार ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों एवं बांग्लादेश व नेपाल से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। इस अस्पताल में कैंसर रोग के इलाज के लिए आधुनिक मशीनें तथा कीमोथेरेपी, रेडियेशन एवं सर्जरी की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने यह जानकर खुशी व्यक्त की कि महावीर कैंसर संस्थान में 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों का मुफ्त इलाज किया जाता है। कैंसर मरीजों को रक्त एवं रक्त से बने अवयव मात्र 100 रुपए प्रति यूनिट की दर से उपलब्ध कराये जाते हैं तथा संस्थान में भर्ती मरीजों को नाश्ता तथा दिन एवं रात के भोजन निःशुल्क दिये जाते हैं। यहाँ सभी प्रकार के इलाज न्यूनतम खर्च में किये जाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि महावीर कैंसर संस्थान में आज लोकार्पित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से की गई है। इस संस्थान में बोन मैरो ट्रांसप्लांट का खर्च बहुत कम आता है, जबकि बिहार से बाहर दूसरे बड़े शहरों में इसके लिए तीन गुणा से भी अधिक व्यय करना पड़ता है और परिवार को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ब्लड कैंसर के मरीजों, खासकर गरीबों के लिए यह सुविधा वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि नये ब्रेकीथेरेपी मशीन की सुविधा की भी शुरूआत होने से कैंसर मरीजों को लक्ष्य पर सेंकाई करने में काफी मदद मिलेगी। इस संस्थान में सेंकाई के लिए लीनियर एक्सीलेरेटर एवं कोबाल्ट थेरेपी की अति आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। राज्यपाल ने कहा कि नये इकोकार्डियोग्राफी मशीन से हार्ट की स्थिति जानकर मरीजों का समुचित इलाज करने में सहूलियत होगी। यह मशीन एक पूर्व सैनिक दम्पत्ति, जिनकी बेटी का देहांत कैंसर से हो गया था, द्वारा अस्पताल को दान में दिया गया है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गोला-बारूद, बेस बनाने की जरूरत : राजनाथ

### रक्षा मंत्री ने उन्नत गोला-बारूद को बताया नए युग के युद्ध की वास्तविकता

नई दिल्ली, प्रात : किरण, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्नत गोला-बारूद नए युग के युद्ध की वास्तविकता है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भारत में 'आत्मनिर्भर' गोला बारूद बेस बनाने की जरूरत है। उन्होंने निजी क्षेत्र से सशस्त्र बलों की बढ़ती तैयारियों के लिए गोला-बारूद की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के साथ काम करने का आह्वान किया। स्थानीय प्रयासों और विदेशी सहयोग से भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा बेहद आसान हो सकती है। रक्षा मंत्री बुधवार को नई दिल्ली में सैन्य गोला-बारूद पर 'मेक इन इंडिया अपॉर्चुनिटीज एंड चैलेंजेज' विषय पर 'अम्मो इंडिया' के दूसरे सम्मेलन



के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मजबूत और आत्मनिर्भर आधार का निर्माण करने के लिए गोला-बारूद के क्षेत्र में नवाचारों का आह्वान किया है, ताकि सशस्त्र बल भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रह सकें। रक्षा मंत्री ने उन्नत गोला-बारूद को नए युग के युद्ध की वास्तविकता के रूप में वर्णित किया, जो भारत के लिए इसकी क्षेत्रीय और वैश्विक अनिवार्यताओं और सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का आर्थिक विकास उसके हथियारों और गोला-बारूद की क्षमता से दिखता है।

**योगदान** | राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 81 वीं बैठक में बोलें उपमुख्यमंत्री...

# ऋण देना ही नहीं, लाभार्थियों का मार्गदर्शन करना भी बैंकों का दायित्व : तारकिशोर

पटना, प्रात : किरण, संवाददाता

हम आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर अमृत महोत्सव मना रहे हैं। सरकार गरीबों और पिछड़े समाज के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को संचालित किया है, जिसका राज्य की समृद्धि में बड़ा योगदान है। उक्त बातें बिहार के उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 81 वीं बैठक का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की बड़ी भूमिका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के लोगों का जन-धन योजना के तहत बैंक खाता खोलना और डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाता में राशि का हस्तांतरण युगांतकारी शुरूआत है, जिसके अच्छे परिणाम मिले हैं। सरकार चाहती है



कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी को सीधे प्राप्त हो, इसलिए इस दिशा में बैंकों को काफी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैंक के प्रतिनिधियों को स्पष्ट तौर कहा है कि पंचायत स्तर पर पंचायत सरकार भवनों में बैंकों की शाखाएं खोली जाएं, ताकि लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं अन्य बैंकिंग सुविधाएं आसानी से प्राप्त हो सकें। इसके अलावा राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में बैंक के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिहार की राशि बिहार के विकास में ही खर्च हों। उन्होंने कहा कि चाहे कृषि का क्षेत्र हो अथवा उद्योग का क्षेत्र, बिजनेस सेक्टर हो अथवा अन्य क्षेत्र सभी बैंक निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। बैंकों का दायित्व सिर्फ ऋण देने तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्हें लाभार्थियों का मार्गदर्शन भी करना है। हमारा प्रयास लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में बिहार के बैंकों को वार्षिक साख योजना (एसीपी) के लक्ष्य 161500 करोड़ रुपए के विरुद्ध 160837 करोड़ रुपए का साख बैंकों द्वारा वितरित किया जा चुका है। यह उपलब्धि 99.59 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से लेकर चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान वार्षिक साख योजना का आकार 110000 करोड़ रुपए से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा हो चुका है। साथ ही, राज्य का साख-जमा अनुपात (सी.डी. रेशियो) मार्च 2022 के अंत में 52.96 प्रतिशत रहा है साख जमा अनुपात ने पिछले वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। यह अब तक का अधिकतम साख-जमा अनुपात है, जो सराहनीय उपलब्धि है, परंतु इस दिशा में बैंकों को और मेहनत करने की जरूरत है। सभी बैंक प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना, रोजगार सृजन योजना, आवास ऋण योजना सहित अन्य विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि पशुपालन और मत्स्य पालन का क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी है। कोरोना की वैश्विक चुनौती के समय भी इस सेक्टर में हुए काम के बदौलत ही हमने विकास दर को 2.5 प्रतिशत तक रखने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि जीविका और शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं सहायता समूहों को ऋण देने तथा उनके बैंक लिंकेज के कार्य को तत्परता से पूर्ण करें।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसपी ने इमामगंज थाना का किया औचक निरीक्षण



गया। इमामगंज थाना का औचक निरीक्षण एसएसपी हरप्रीत कौर ने किया। इस दौरान लंबित कांडों के निष्पादन में विलंब होने के बाद सभी कांड के आईओ को जमकर फटकार लगाई। सभी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द लंबित कांडों का निष्पादन करें। इसके अलावे एससी/एसटी व शराब कांड के नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तारी एवं अनुसंधान करने का भी निर्देश दिया। एसएसपी कई घंटों तक थाना में बैठकर कांड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमामगंज थाना अध्यक्ष नैयर एजाज अहमद के अलावे सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नल जल का बकाया राशि नहीं मिलने से वार्ड अनुरक्षको में रोष

घोड़ासहन। बुधवार को स्थानीय वीरता चौक स्थित एक आवासीय परिसर में बनकटवा प्रखंड के नल जल योजना में कार्य किये वार्ड अनुरक्षकों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बनकटवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वार्ड अनुरक्षको ने हिस्सा लिया, वार्ड अनुरक्षकों का कहना है कि पूर्व में किए गये कार्य एवं मेंटेनेंस का खर्च करीब तीन साल बीतने के बाद भी अभी तक भुगतान नही हो सका है, जिससे कई कामगारों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो चुकी हैं। वार्ड अनुरक्षक संजय प्रसाद, रामाधार साह, धर्मेंद्र शाह, रामरूप महतो, घुनिया देवी आदि ने बताया कि हम लोगो का बहाली करीब तीन वर्ष पूर्व स्थानीय पंचायत स्तर पर वार्ड अनुरक्षक के रूप में की गई थी, जिसमें दो हजार रुपये प्रतिमाह की राशि भुगतान करने की बात कही गई थी। जिसके एवज में हम लोग के तीन साल अपने-अपने वार्डों में नल जल योजना का कार्य किए एवं कार्य का मेंटेनेंस भी समय-समय पर किया गया, लेकिन 3 वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक हम लोगों की मजदूरी नहीं मिल पाई है। राशि के लिए स्थानीय प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं जिला अधिकारी तक को अवगत करा चुके है, लेकिन अभी तक राशि का भुगतान नहीं हो सका है।

### विभिन्न कांडों में 19 अभियुक्त भेजे गए जेल

सुगौली। सुगौली पुलिस ने एसपी आशीष कुमार के निर्देश पर मोतिहारी सदर एसडीपीओ अरुण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सुगौली थानाध्यक्ष अपने पूरे पुलिस बल के साथ कई कांडों के अभियुक्त जो भागे फिर रहे थे, थानाध्यक्ष कई दिनों से उन के फिराक में थे और उन सभी लोगो जानकारी इकट्ठा कर बीती रात्रि को बजरा टीम और पुलिस बल के संयुक्त छापेमारी अभियान में 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जो थानाध्यक्ष और उनकी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

### दुष्कर्म में असफल युवक ने महिला को मारा चाकू, हालत गंभीर

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाने के श्रीपुर ओपी क्षेत्र के झांकी गांव में दुष्कर्म में असफल होने पर एक युवक ने महिला को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगो की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि झांकी गांव में एक महिला अपने घर में सोयी हुयी थी। इसी दौरान एक युवक घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला के द्वारा शोर मचाने पर नराज युवक ने महिला पर चाकू से हमला बोल दिया। और फरार हो गया। आसपास के लोगो की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने घायल महिला का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबध में श्रीपुर ओपी प्रभारी ने बताया कि इस मामले में दोषी पर कडी कारवाई की जाएगी।

### 28 व 29 जुलाई को होगा बिजली महोत्सव

गोपालगंज। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर बिजली कंपनी 28 व 29 जुलाई को गोपालगंज में बिजली महोत्सव आयोजित करेगी। इस आयोजन के दौरान कंपनी वर्ष 2014 से लेकर अबतक की विभागीय उपलब्धियों और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के प्रति उपभोक्ताओं व लोगों को जागरूक करेगी। शहर के आंबेडकर भवन में 28 व हथुआ अनुमंडल के प्राचीन औघड़दानी शिव मंदिर परिसर में 29 जुलाई को बिजली महोत्सव होगा।

# परवेज कुज्जर हत्याकांड मामले में शूटर गिरफ्तार

- 14 माह पूर्व हुयी थी फल व्यवसायी की गोली मारकर हत्या
- पुलिस गिरफ्त में हत्याकांड का शूटर

**गोपालगंज, प्रात: किरण**



जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के अरना गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर 14 माह पहले हुए फल व्यवसायी परवेज कुज्जर हत्याकांड मामले में फरार चल रहे एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए शूटर की पहचान थावे थाना क्षेत्र के जगमलवा गांव के फरमान के रूप में की गई है। 28 मई 2021 को थाना क्षेत्र के संत मोड़ पर अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचे गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के सिनेमा रोड निवासी फल व्यवसाई परवेज कुज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद गोपालगंज शहर में रोड जाम कर सैकड़ों लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर जमकर प्रदर्शन किया था। मामले को लेकर मृतक परवेज कुज्जर के पिता जियाउद्दीन मियां के आवेदन पर माझागढ़ थाना क्षेत्र के पथरा गांव के जावेद आलम, ओरमपुर के शाह आलम, इंदरवा के मोहम्मद हुसैन, गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 जंगलिया निवासी महबूब महमूद आलम, तुरकहां के अनवर अली उर्फ पप्पू, एकडेरवा के इकराम, तकिया गांव के अनस सलाम, सिवान जिले के महादेवा थाना के शलीमपुर गांव निवासी नसीरुद्दीन सहित आठ के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस जांच में थावे थाना क्षेत्र के जगमलवा गांव के दो शूटर का नाम सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पूर्व में एक शूटर और चार आरोपितों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। जिसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही थी। वहीं कोर्ट से कुर्की वारंट भी जारी किया गया था। बताया जा रहा है कि मंगलवार के दिन उचकागांव पुलिस ने फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त फरमान के घर पर जाकर कुर्की जब्ती की भी कार्यवाही कर चुकी है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि फरार चल रहा अप्राथमिकी अभियुक्त अरना बाजार में आया हुआ है, सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने अरना बाजार में छापेमारी कर फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त फरमान को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार की सुबह न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## गोपालगंज में चोरी के आरोपी को बांधकर बेरहमी से पीटा, नगर थाने के वीएम फिल्ड के समीप की घटना

**मामले की जांच में जुटी पुलिस, फोटो 3 खंभे में बांधे गए चोर के आरोपित**



गोपालगंज, प्रात: किरण। शहर के वीएम फील्ड के समीप स्थित एक खटाल में देर रात्रि चोरी करने घुसे दो चोरों को खटाल मालिक ने पकड़ लिया। इसके बाद खंभे में बांधकर उनकी जमकर बेरहमी से पीटाई की गयी। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने दोनो चोरो को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पकड़े गए चोर थावे थाना क्षेत्र के रामचन्द्रपुर गांव के अभिषेक ठाकुर व पिठोरी गांव के राहुल यादव बताए गए है। थानीय लोगों के अनुसार, शहर के वीएम फिल्ड के समीप वीरेंद्र यादव खटाल चलाते हैं। यही से वे डेयरी संचालन का कार्य भी करते है। मंगलवार की देर रात्रि दो चोर खटाल में घुस गए और वीरेंद्र यादव के पेंट के पॉकेट से 5 हजार नगदी और मोबाइल चोरी कर भागने लगे। तभी वीरेंद्र यादव की नींद खुल गई। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो पड़ोसी भी दौड़ पड़े। लोगों ने खदेड़कर दोनों को पकड लिया। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों की तलाशी ली तो उसके पास से नगदी और मोबाइल बरामद कर लिया गया। आक्रोशित लोगों ने दोनों चोरो को खंभे से बांधकर बेरहमी से पिटाई कर दी। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। सब इंस्पेक्टर अल्का पाण्डेय के अनुसार, दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कुछ अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कारगिल विजय दिवस पर सीमा पर तैनात जवानों को राखी बाँधी



**रक्सौल, प्रात: किरण, संवाददाता**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रक्सौल के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर हवाई अड्डा स्थित एसएसबी पोस्ट पर एसएसबी जवानों को रक्षासूत्र बाँध रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। इस मौके पर सम्मेलन की अध्यक्षा वीणा गोयल ने कविता के माध्यम से अपने भावों को प्रकट करते हुए कहा कि भारतीय सेना के शौर्य गाथा हिमपर्वत सदियों तक सुनायेंगे, ऋण उनके बलिदान का हम आजीवन चुका न पायेंगे। करो याद उन माताओ को, जिनके अपने प्रिय लाल गए, करो याद उन पिताओ को जिनकी सब उम्मीदें टूट गई, करो याद उन बहनो को जो रक्षाबंधन पर भी रोई थी। श्रीमती गोयल ने कहा कि इन्हीं भावों को आत्मसात कर मारवाड़ी सम्मेलन रक्सौल की सभी सदस्यों द्वारा एसएसबी जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बाँधकर, आरती उतारी गयी तथा उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की गयी। इस मौके पर एसएसबी के जवानों ने रक्षासूत्र बँधवा हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी अनुभूति हो रही है कि वे अपने घर से दूर नहीं हैं तथा अपने परिवारजनों के साथ हैं। इस मौके पर मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सचिव सोनू काबरा कोषाध्यक्ष संगीता धनोठिया, सारिका अग्रवाल, शिखा रंजन, संगीता रुंगटा, बबीता रुंगटा, रेणु रुंगटा, सुनीता शाह, अनुराधा शर्मा, मधु अग्रवाल, बबली अग्रवाल एवं डॉ. निशा रुंगटा आदि उपस्थित रहीं।

## हर घर तिरंगा के तहत एसएसबी द्वारा विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



**रक्सौल, प्रात: किरण, संवाददाता**

47 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सी समवाय पनटोका स्थित हवाई अड्डा के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में राजकीय मध्य विद्यालय चिकनी के प्रांगण में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा के अंतर्गत उप निरीक्षक रमेश चन्द्र नेगी प्रभारी सी समवाय हवाई अड्डा के नेतृत्व में छात्रों के बीच एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 स्कुली छात्र-छात्राओं के द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया तथा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के संदर्भ में भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की मुख्य विशेषताएं के बारे में इस निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। साथ ही भारतीय ध्वज संहिता के तहत सभी छात्रों को अपने घरों में भारतीय ध्वज फहराने को भी प्रोत्साहित किया गया ताकि सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम और सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान एवं निष्ठा उत्पन्न हो सके। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान संजय पटेल, पंचायत समिति, तहसीलदार सिंह, प्रधानाध्याप, मुकेश कुमार एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत मे निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर बच्चों का हौसला अफजाई किया गया।

## पांच बोतल देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के वृंदावन मौजे गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर मुर्गा का मीट के दुकान पर छापेमारी कर मुर्गा का मीट बेचने के आड़ में शराब की बिक्री करने के आरोप में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मुर्गा के मीट की दुकान के पीछे एक झोले में रखे 5 बोतल देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के वृंदावन मौजे गांव के मोहम्मद फिरोज आलम उर्फ.बेचन के रूप में की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद बुधवार के सुबह न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मुरलीगंज में केरियर सेमिनार का हुआ आयोजन

- मुरलीगंज के गोलबाजार स्थित व्याहुत भवन प्रांगण में हुआ आयोजन।
- मुरलीगंज शहर के व्याहुत भवन परिसर मे सेमिनार का शुभारंभ करते अतिथि व अन्य।
- मुरलीगंज शहर के व्याहुत भवन परिसर मे सेमिनार मे उपस्थित छात्र व छात्रा।

**चंचल कुमार, मुरलीगंज/मधेपुरा**




शहर के गोलबाजार स्थित व्याहुत भवन परिसर में बुधवार को केरियर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बाजार समेत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनो छात्र-छात्राएं शामिल हुए। आयोजित केरियर सेमिनार का शुभारंभ शिक्षाविद रविकांत वर्मा,डॉ मानव कुमार सिंह,मिथिलेश कुमार, ईं विजय प्रभात ने दीप प्रज्वलित कर किया।अतिथियों ने कहा कि छात्र-छात्राओ और युवाओ के लिए इस तरह के सेमिनार की आवश्यकता है। जिससे छात्रो को रोजगार परक कोर्स करने की जानकारी मिल सके। साथ ही बताया कि छात्र-छात्राओ और युवाओ को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है।सेमिनार में आए छात्रों को ईं विजय प्रताप ने इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लैब,नर्सिंग,एग्रीकल्चर, एजुकेशन,मेडिकल, पैरामेडिकल, फामेर्सी, जर्नलिज्म, डिप्लोमा, कंप्यूटर सहित अन्य रोजगार परक कोर्स के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस दौरान कई छात्रो ने विभिन्न कोर्सो के बारे में पनप रहे सवाल भी किया। वही उन्होने बताया कि लगातार तीन दिन विभिन्न प्रखंड उदाकिशुनगंज, बिहारीगंज व मुरलीगंज मे आयोजित होकर सम्पन्न हुआ।जिसका सफलतापूर्वक जबाव दिया गया। मौके पर ईं सुदर्शन कुमार,अभिमन्यु कुमार, गुलशन, मिट्ठू, नैना, निशा सहित दर्जनो छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# आवास प्लस योजना के 395 लाभुकों को मिला प्रथम किस्त

**184 लाभुक आवास निर्माण नहीं किये हैं प्रारंभ, जीविका के 95 लाभुकों के साथ बीडीओ ने की बैठक**

**चंचल कुमार, मुरलीगंज/मधेपुरा**



आवास प्लस योजना से मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत रजनी पंचायत के 395 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि भेज दी गयी है। बीडीओ अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 184 लाभुकों के द्वारा अब तक आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जिसमें 95 लाभुक जीविका से हैं। मंगलवार को जीविका से जुड़े 95 लाभुकों के आवास पूर्णता के लिए जीविका के सीएम तथा बीपीएम के साथ बैठक की गई है। आवास निर्माण की मॉनिटरिंग शुरू की गई है। प्रथम किस्त की राशि लेने के बाद आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों को जल्द निर्माण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लाभुक राशि लेने के बाद निर्माण नहीं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास प्लस योजना लॉन्च है। इसके तहत वह लाभार्थी होंगे, जो प्रधानमंत्री आवास योजना और पहले आई योजनाओं में घर पाने से वंचित रह गए हैं।

## रेलवे स्टेशन पर युवक को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

गोपालगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के गोपालगंज रेलवे स्टेशन पर एक युवक को घुमना उस वक्त मंहगा पड गया। जब उसे आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक शहर के दरगाह मुहल्ले के वार्ड नम्बर 25 का मोहम्मद नजीर बताया गया है। इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ के अवर निरीक्षक अबु फरहान गफ्फार ने बताया कि गोपालगंज रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट के घुमते हुए एक युवक को पकडा गया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में सोनपुर भेज दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन



**रक्सौल, प्रात: किरण, संवाददाता**

रक्सौल युवा कांग्रेस के बैनर तले रक्सौल विधानसभा अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी के नेतृत्व में शहर के किसान नेता चौधरी चरण सिंह गोलम्बर चौराहे पर तानाशाह नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह पश्चिमी चम्पारण प्रभारी प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने कहा कि केंद्र की अहंकारी और तानाशाही सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। ईडी और सीबीआई को हाथ की कठपुतली की तरह प्रयोग कर रही है, बेवजह द नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर दर्ज नहीं है फिर भी कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को ईडी समन भेजकर बुला रही है। साथ ही साथ जब सत्याग्रह हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी करते हैं तो उन्हें हिरासत में लिया जाता है और एक आम व्यक्ति की तरह दुर्व्यवहार किया जाता है जो लोकतंत्र के आत्मा पर प्रहार है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीभी जी के साथ पुलिसिया बर्बरता की गई जो विपक्ष की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है ऐसा लग रहा है कि अंग्रेजी हुकूमत से भी अधिक बर्बरता वर्तमान सरकार कर रही है। उक्त कार्यक्रम में ईश्वर चन्द्र प्रसाद, विजय कुमार, विकास कुमार, विशाल पांडे, राजेश शर्मा, नौशाद अली, नसरुद्दीन अंसारी, चुमन तिवारी, अफरोज आलम, मनीष कुमार, सन्नी कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र कुमार, विश्वास कुमार सहित अनेकों युवा उपस्थित थे।

## मण्डल कारा के कैदियों द्वारा निर्मित अगरबत्ती की बिक्री शुरू

गोपालगंज। जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉक्टर नवल किशोर चैधरी के निर्देशानुसार मण्डल कारा चनावे के कैदियों द्वारा तैयार किया गया अगरबत्ती बिक्री के लिए तैयार है। प्रभारी जेल सुपरिटेंडेंट सह वरीय उप समाहर्ता राहुल सिन्हा ने बताया कि मण्डल कारा के कैदियों द्वारा कारा परिसर में ही अगरबत्ती का निर्माण किया जाता है। कारा कैदियों द्वारा जो अगरबत्ती का निर्माण किया गया है उसे माँ थावे अगरबत्ती का नाम दिया गया है। उन्होंने उक्त अगरबत्ती की खरीदारी की अपील करते हुए कहा कि उच्च क्वालिटी व बेहतर सुंगध वाली माँ थावे अगरबत्ती कोई भी खरीद सकता है। साथ ही साथ उन्होने कहा कि जल्द ही समाहरणालय परिसर में कैम्प लगाकर उक्त अगरबत्ती की बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार उक्त अगरबत्ती को खरीदना चाहता है तो थोक रूप में उचित मूल्य पर अगरबत्ती प्राप्त कर सकता है।

# उचकागांव के कार्यालयों में लगायी गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तस्वीर

- भारत माता की जयकारे से गूंज उठा प्रखंड मुख्यालय
- प्रखंड कार्यालय में राष्ट्रपति की तस्वीर लगाते जिला परिषद सदस्य व अन्य

**गोपालगंज, प्रात: किरण**



बुधवार के दिन भाजपा कार्यकताओं ने जिला परिषद सदस्य तथा भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में भारत की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तस्वीर को प्रखंड के सभी प्रमुख सरकारी कार्यालयों में लगाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, नीरज कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकताओं के भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे से पूरा प्रखंड मुख्यालय गुंजायमान हो गया। भारत माता कि नारा लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तस्वीर उचकागांव वीडिओ मनोज कुमार पंडित, सीओ सीओ रवीश कुमार, थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह तथा स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार को दिया गया। जिसे कार्यालयों में लगाया जाएगा। इस दौरान जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि देश के सर्वोच्च पद पर प्रथम आदिवासी महिला महामहिम द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के बाद उनके तस्वीर को सभी कार्यालयों में लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार के दिन उचकागांव प्रखंड के सभी प्रमुख कार्यालयों में महामहिम का तस्वीर लगाया गया । मौके पर राजीव कुमार सिंह, सुमन साह, भीम प्रसाद रौनियार, दीपक राय वीरेंद्र शाह, अर्जुन प्रसाद सुभाष तिवारी, शशि तिवारी , बबलू सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दस गांव के लोगो को मिलेगा डिजिटल ऑनलाइन सेवा : रामबाबू यादव



**रक्सौल, प्रात: किरण**

गम्हरिया चौक पर हिंदुस्तान मोबाइल और डिजिटल सेवा का उद्घाटन पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेता रामबाबू यादव ने फीता काट कर किया। उद्घाटन करते हुए श्री यादव ने बताया गम्हरिया चौक जो करीब 10 गांव का प्रमुख बाजार है, वहां मो. सरताज ने डिजिटल ऑनलाइन सेवा और फाइनेंस पर मोबाइल बिक्री शुरू कर ग्रामीणों के लिए बहुत सुविधा अच्छा कदम उठाया है। पहले ग्रमीणों को इन सभी सुविधाओं के लिए रक्सौल बाजार ही एक मात्र विकल्प था। अब उद्घाटन होने से अगल बगल के ग्रामीणों में बहुत उत्साह दिखा।

मौके पर राजद नेता सोमेश्वर कुशवाहा, पूर्व मुखिया संजय पांडेय, हरदिया पंचायत के मुखिया मु. कबीर आलम, राजद नेता हीरा लाल साह, पूर्व मुखिया एजाजुल अंसारी, अनिल मिश्र, पंचायत समिति मु. सोनू आलम, साहिल राज, आदित्य कुमार, उप मुखिया मो. इंग्लिश मैन, कुणाल राय, मो. मुनाजिर आदि उपस्थित थे।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में सडकों व पुल पुलिया का बिछाया जा रहा जालः सुनील

- मंत्री ने किया 60 करोंड की 107 सडकों का किया सामूहिक रूप से उदघाटन
- भोरे में उच्च शिक्षा को लेकर किया जा रहा प्रयास, कार्यक्रम में मौजुद मंत्री, डीएम व अन्य

**गोपालगंज, प्रात: किरण**



सूबे के उत्पाद मद्य निषेध व निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को 107 सड़कों का सामूहिक रूप से उद्घाटन किया। जिसमें करीब 60 करोड़ की लागत से सड़कों का जीर्णोधार व निर्माण कराया गया था। कार्यक्रम भोरे के आईबी परिसर में आयोजित किया गया था। उदघाटन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चरणबद्ध तरीके से सड़कों, पुल पुलिया का जाल बिछाया जा रहा है। कोई भी गांव या टोला सड़कों से वंचित नहीं रहेगा। भोरे विधानसभा में भी हर गांव और टोला तक सड़क की पहुंच होगी। उन्होने कहा कि बिहार में उत्तर प्रदेश की सीमा से शराब की बड़े पैमाने पर तस्करी होती है। जिसको रोकने को लेकर उत्पाद विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है। शराब तस्करी को रोकने के लिए न सिर्फ शराब की बरामदगी की जा रही है। तस्करों की गिरफ्तारी भी की जा रही है। बल्कि 74 स्पीडी ट्रायल कोर्ट का निर्माण भी कराया गया है। जिससे तस्करो को जल्द से जल्द सजा दिलायी जा सके। प्रोबिश्नरी अधिकारियों की भी बहाली की जा रही है। ताकि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होने कहा कि भोरे के बीपीएस कॉलेज को भी विकसित किया जाएगा। वहां पर साइंस फैकल्टी को चालू करने को लेकर संबंधित विश्वविद्यालय को और यूजीसी को पत्र लिखा गया है। यहां पर उच्च शिक्षा को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। मौके पर डीएम डॉ नवल किशोर चैधरी, पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सहित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बीडीओ व पीओ ने की विकास कार्यो की जांच



**रामगढ़वा, प्रात: किरण**

राज्य सरकार के निर्देश पर रामगढ़वा बीडीओ मोहम्मद सज्जाद ने रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के मुरला पंचायत में चल रहे विकासात्मक कार्यो की जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान बीडीओ मोहम्मद सज्जाद व पीओ अमृतेश कुमार ने पंचायत के विभिन्न वार्ड व गांव में पहुँच कर बिहार सरकार की अति महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना के तहत पीसीसी सड़क, नाली, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच व मनरेगा के तहत चल रहे अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्यो, पन्द्रहवी वित्त योजना से हो रही कार्यो की जांच की। जांच के दौरान बीडीओ व पीओ ने उक्त पंचायत के सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन कार्यो का भी जायजा लिया। इस बाबत बीडीओ मोहम्मद सज्जाद ने बताया कि उपरोक्त जांच राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार प्रति सप्ताह किया जा रहा है, जिसको लेकर अनुश्रवण जांच की रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को भेजी जाएगी। बीडीओ ने बताया कियोजनाओ कि जांच व आमलोगों से पूछताछ की गई, जिसमे नलजल से आम लोगो को पानी समय पर मिल रहा है कि नही, मनरेगा में काम मिल रहा है कि नही।जिसकी जांच कर अग्रतर कार्यवाही हेतु डीएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी।जांच के दौरान रोजगार सेवक, आवास सहायक, मुखिया प्रतिनिधि सहित पंचायत सेवक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोतवाली समेत कई थानाध्यक्ष का तबादला

पटना। अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में रहने वाले पटना के सचिवालय थानाध्यक्ष का तबादला किया गया है। उन्हें बाढ़ अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पटना एसएसपी ने 5 इंस्पेक्टरों का तबादला किया है। वहीं, दरोगा रैंक के दो थानाध्यक्षों को थाने की अदला बदली की है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक मानव जीत सिंह ढिल्लों ने जिला आदेश जारी कर दिया है। सचिवालय थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद गुप्ता को अंचल पुलिस निरीक्षक बाढ़ में पदस्थापित किया गया है। पुलिस केंद्र पटना में पदस्थापित भागीरथ प्रसाद को थानाध्यक्ष सचिवालय, मोकामा थाना अध्यक्ष संजीत कुमार को कोतवाली का थाना अध्यक्ष बनाया गया है। थानाध्यक्ष कोतवाली सुनील कुमार को मोकामा का थाना अध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस केंद्र पटना में पदस्थापित प्रदीप कुमार को बाढ़ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वही सिंगोड़ी के थानाध्यक्ष मनोज कुमार को दुल्हिन बाजार और दुल्हिन बाजार के थानाध्यक्ष अशोक कुमार को सिगोड़ी में पदस्थापित किया गया है।

### केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही सरकार : अरुण यादव

पटना। युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने राजनीतिक लाभ के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को डराने और परेशान करने के लिए सीबीआई, आईटी, ईडी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। मोदी सरकार में सीबीआई, आईटी, ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां भाजपा के एक प्रकोष्ठ के रूप में काम कर रही है। श्री यादव ने कहा कि मोदी सरकार देश के संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को समाप्त करने पर तुली हुई है। देश में तानाशाही व्यवस्था कायम करना चाहती है। जोकि देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के गीदड़ भवकी से राजद और राजद के नेता डरने वाले नहीं है। मोदी सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए सभी वादे जुमला साबित हुआ हैं। इसलिए मोदी सरकार के विफलताओं एवं जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध राजद चुप बैठने वाला नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ राजद का संघर्ष और तेज होगा।

### सबसे बड़ी पार्टी के नाते सत्ता का विस्तार जरूरी : नवल किशोर

पटना। पटना में होने जा रहे भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारी के बीच भाजपा- जदयू में रस्साकशी जारी है। बिहार में आतंकी मॉड्यूल के खुलासे के बाद जिस तरह से भाजपा नेताओं ने आरोप लगाए है कि पूरे प्रदेश में इस तरह के संगठन फैले हुए हैं, जिस पर जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा था भाजपा नेताओं को संभलकर बोलना चाहिए। वहीं, केसी त्यागी के बयान पर भाजपा के एमएलसी नवल किशोर यादव ने कहा है यह कोई मैच नहीं चल रहा है कि हार जीत जरुरी हो। राजनीति में किसी भी एलायंस में एक दूसरे पर टिप्पणी करना सामान्य सी बात है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। नवल किशोर यादव ने भाजपा की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के सात मोर्चा के लोग यहां आ रहे हैं, जो प्रदेश के 203 इलाकों में जाएंगे और कार्यकताओं, लोगों से मिलेंगे, उनसे बात करेंगे। साथ ही नए सदस्य जोड़े जाएंगे। भाजपा के कार्यक्रम को लेकर विपक्ष का आरोप है कि वह प्रदेश में अपना विस्तार कर सरकार बनाना चाहती है।

# विकास के एजेंडे पर एकजुटता से आगे बढ़ रहा एनडीए : श्रवण कुमार

- समस्याओं का त्वरित समाधान होने के फलस्वरूप लोगों को दुबारा नहीं आना पड़ता
- जदयू प्रदेश मुख्यालय में अयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार में ग्रामीण विकास मंत्री हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




जदयू प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यकर्त्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पार्टी कार्यालय में हो रही जनसुनवाई के दौरान जमीन संबंधित मामले ज्यादा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने सहित अन्य कई मामले भी आते हैं। जो मामले सामने आते हैं, वह लगातार निष्पादित होते रहते हैं। यहां से आम लोगों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान हो रहा है, फलस्वरूप दुबारा लोगों को नहीं आना पड़ता। ग्रामीण विकास मंत्री ने सीबीआई एवं ईडी की कार्रवाई और भोला यादव की गिरफ्तारी के संदर्भ में राजद द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कानून अपने हिसाब से काम करता है और उसी नियम कायदे के तहत कार्रवाई हो रही हैं। जो लोग भी कानून को अपने हाथ में लेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी ही। चाहे वह कितने भी बड़े व्यक्ति हों या किसी के भी नजदीकी हों। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों पर सत्ता पक्ष के लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के लग रहे आरोप पर कहा कि सत्ता पक्ष के किसी व्यक्ति के विरुद्ध कोई साक्ष्य विपक्ष के पास हो, तो उसे जरुर देना चाहिए। निश्चित रूप से गलत करने वाले सभी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। एनडीए नेताओं द्वारा लगातार एक दूसरे के विरुद्ध हो रही बयानबाजी के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि किसी व्यक्ति के बयान पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। सभी के अपनी निजी राय और विचार होते हैं, परंतु जहां तक एनडीए गठबंधन का सवाल है तो यहां पूरे तौर पर गठबंधन धर्म का पालन हो रहा है। सही ढंग से काम चल रहा है, एनडीए अपने विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ रहा है। कोई भी व्यक्ति जो निजी विचार दे रहे हैं, वो इसके लिए स्वतंत्र हैं परंतु गठबंधन में उसका कोई महत्व नहीं है। गठबंधन में सिर्फ हमारे दल के शीर्ष नेताओं एवं प्रवक्ता के बयान ही महत्वपूर्ण हैं। उक्त अवसर पर मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ. नवीन आर्य चन्द्रवंशी, मुख्यालय प्रभारी महासचिव मृतुन्जय कुमार सिंह, महासचिव अरुण कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सर्राफ एवं सचिव वासुदेव कुशवाहा भी मौजूद रहे।

# दिल में छेद वाले बच्चों का डिवाइस क्लोजर तकनीक से हो रहा इलाज: मंगल पांडेय

- आईजीआईसी में कैंप लगा कर 17 बच्चों को किया गया इलाज
- केरल से आए वरीय चिकित्सक की देखरेख में हो रहा उपचार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में दिल में छेद वाले बच्चों के इलाज के प्रति स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। अब ऐसे बच्चों का इलाज पटना में भी किये जाने को लेकर विभाग का प्रयास जारी है। इसी क्रम में पटना के इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में दो दिवसीय कैंप लगाकार 17 बच्चों का डिवाइस क्लोजर तकनीक के जरिये निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इसमें बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, दरभंगा, गोपालगंज, मुंगेर, पटना, सारण, सीतामढ़ी, सुपौल और वैशाली के बच्चे शामिल हैं।

श्री पांडेय ने कहा राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और राज्य के भीतर ही उपलब्ध कराने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि लोगों को जटिल से जटिल बीमारी के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा राज्य की राजधानी में सुगमता से मिले। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास से कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत कम आय वाले परिवारों को इससे काफी मदद मिल रही है।

ऐसे बच्चे जो दिल में छेद की समस्या से पीड़ित हैं। उनका इलाज तेजी से किया जा रहा है। डिवाइस क्लोजर तकनीक के जरिये इलाज करने लिसी हॉस्पिटल केरल से एक वरीय चिकित्सक आए हैं। उनके सहयोग में आईजीआईसी के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं। इसे दौरान यहां के चिकित्सकों को गुणवत्तापूर्ण सर्जरी के टिप्स भी देंगे। बिहार से बच्चों को सर्जरी के लिए अहमदाबाद सत्य साईं भी भेजा जाता रहा है।

बिहार में भी बच्चों का ईलाज इस तकनीक से कर राज्य इस दिशा में स्वावलंबी बन रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि अहमदाबाद भेजे जाने से पूर्व आईजीआईसी में कैंप लगाकार दिल मे छेद वाले विभिन्न बच्चों की जांच होती है। जिन बच्चों का इलाज दवा से हो सके। उनका इलाज दवा से किया जाता है। जिनको सर्जरी की जरूरत पड़ती है। उनकी सर्जरी अहमदाबाद के अस्पताल में निःशुल्क कराया जाता है। साथ में जाने वाले अटेंडेंट का सारा खर्चा भी राज्य सरकार वहन करती है। केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयास से जहां बच्चों को नया जीवन मिल रहा हैं, वहीं परिवार की परेशानी भी दूर हो रही है।

# सीबीएसई कंपार्टमेंट परीक्षा में बिहार से 8251 परीक्षार्थी होंगे शामिल

### ऑनलाइन आवेदन 30 तक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कंपार्टमेंट परीक्षा में सूबे से 8251 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दसवीं में एक या दो विषय में फेल छात्र शामिल होंगे। वहीं, 12वीं में सिर्फ एक विषय में फेल छात्रों को ही शामिल होने का मौका मिलेगा। इसकी जानकारी बोर्ड की ओर से सभी स्कूलों को दी गयी है। स्कूलों से कंपार्टमेंट वाले छात्रों को एलओसी भरने को कहा गया है। बोर्ड द्वारा बुधवार से कंपार्टमेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन लेना शुरू कर दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन 30 जुलाई तक लिए जाएंगे। इसके लिए छात्रों को तीन सौ रुपये शुल्क देने हैं। वहीं, विलंब शुल्क के साथ 31 जुलाई से एक अगस्त तक आवेदन होगा। इसके लिए दो हजार रुपये अतिरिक्त शुल्क देने होंगे। बोर्ड की मानें तो आवेदन की ये तिथि प्राइवेट छात्रों पर भी लागू होगी। अगर कोई छात्र उत्तीर्ण तो है लेकिन छह विषयों में एक में फेल है तो वो छात्र भी कंपार्टमेंट में बैठ सकता है। बोर्ड ने दसवीं और 12वीं 2021 के उन छात्रों को अंतिम बार पास होने का मौका दिया है जो 2021 की वार्षिक परीक्षा में फेल हो गये। बोर्ड की मानें तो 2021 वार्षिक परीक्षा में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट 2021 में शामिल होने का मौका मिला। इसके बाद 2022 की टर्म-2 परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इसके बाद कई छात्र फेल हो गये हैं। इन छात्रों को अब अंतिम बार इस कंपार्टमेंट में शामिल होने का मौका दिया जा रहा है। बोर्ड की मानें तो टर्म-2 सिलेबस पर ही कंपार्टमेंट की परीक्षा ली जायेगी। यह सिलेबस बोर्ड वेबसाइट पर डाल दिया गया है। कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल छात्रों का प्रवेश पत्र संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में भेजा जायेगा। बिहार की बात करें तो दसवीं में 2911 और 12वीं में 5340 परीक्षार्थी फेल हुए हैं।

# नालंदा की अर्पणा सिंह ने साइकलिंग में बनाया रिकॉर्ड

- बोली- महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य
- सफर में सहयोग करने वालों का धन्यवाद किया

पटना/नालन्दा, प्रात : किरण संवाददाता



नालन्दा की मेघि गांव की अर्पणा सिन्हा ने बनाया एक नया रिकॉर्ड बनाया है। अर्पणा सिन्हा ने साइकलिंग से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निकली थी उन्होंने मात्र 30 दिनों में 38 जिले का सफर पूरा कर एक नया रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। अर्पणा का बिहार में साइकिल से सफर का आखिरी जिला नवादा था। नवादा के सदर अनुमंडल पदाधिकारी उमेश कुमार भारती ने इस साहसिक जागरूकता के लिए ढेर सारी बधाइयां दी। 30 दिन में 3000 किलोमीटर का सफर पूरा करने वाली अर्पणा अकेली लड़की बन गई है। अर्पणा सिन्हा ने बताया कि यह नालन्दा के लिए गर्व की बात है कि मैंने अपने जिले का नाम रौशन की हूं। साथ ही बताया कि रास्ते में 9 जुलाई के दिन दरभंगा एयरपोर्ट पर एक बाइक द्वारा टककर मार देने से वह काफी जख्मी हो गई थी, फिर भी वह अपने ट्रैक को पूरा करने के लिए पिछे हटने के बजाय दहाड़ते हुए आगे निकली। उनके इस सफर में कुछ लोगों ने डिमोटिवेट करने की भी कोशिश की मगर वह इन सब बातों को पीछे छोड़ जिला दर जिला साइकिल से नापते गई। अर्पणा ने बताया कि यह सफर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वतंत्रता खुद के फैसले लेने की आजादी, लड़कियों में आत्म विश्वास पैदा करना था। अर्पणा ने रास्ते में सहयोग करने वाले का धन्यवाद भी किया। साथ ही साथ अर्पणा ने अपनी मां अर्चना सिन्हा के अलावा गीता कुमारी, आराधना सिन्हा, डॉ विक्रम सिंह, सौरव कुमार, रंजीत कुमार, रणधीर कुमार, मोहम्मद औरंगजेब, नीतीश कुमार, अखिलेश कुमार, टिंकु कुमार, राहुल कुमार एवं सभी मीडिया कर्मी का धन्यवाद किया।

# संजय जायसवाल ने लोस में उठाया चंपारण हवाई अड्डा का मामला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के बेतिया के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने बुधवार को लोकसभा में रक्सौल हवाई अड्डा शुरू कराने का मामला उठाते हुए लोकसभा अध्यक्ष से केंद्र और राज्य सरकार से इससे संबंधित समस्याओं को दूरकर इसे चालू कराने का अनुरोध किया। डॉ जायसवाल ने कहा कि पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में नन ऑपरेशनल हवाई अड्डा है। 2015 में प्रधानमंत्री पैकेज से इस हवाई अड्डे को 250 करोड़ रुपए दिया गया था। इस हवाई अड्डे के लिए 121 एकड़ जमीन की आवश्यकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को तीन बार कह चुका है। लेकिन, बिहार विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा जवाब दिया जाता है कि इस वित्तीय वर्ष में कोई जमीन की मांग नही की गई है। भाजपा नेता ने कहा कि रक्सौल नेपाल की आर्थिक राजधानी वीरपुर से काफी नजदीक है और यह कई औद्योगिक इकाइयां हैं। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार इस मामले में बैठकर समस्याओं को सुलझाए। राज्य सरकार भी वित्तीय वर्ष की बात न करे, जिससे 60 साल पुराना यह हवाई अड्डा आजादी के अमृत महोत्सव में प्रारंभ हो सके।

### विपक्ष के आवाज को दबाने की साजिश : गगन



पटना। राजद के पूर्व विधायक भोला यादव की गिरफ्तारी पर राजद नेताओं ने नाराजगी जताई है। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि केन्द्रीय एजेंसियां का आतंक पैदा कर विपक्ष के आवाज को दबाने की साजिश हो रही है। विरोधी नेताओं की छवि खराब करने के लिए जिस प्रकार सीबीआई, आईडी, आईटी का दुरूपयोग किया जा रहा है देश की जनता सब समझ रही है और समय आने पर जवाब भी देगी। आज जब महंगाई, बेरोजगारी और जन सारोकार के मुद्दे को लेकर विपक्ष द्वारा सवाल उठाया जा रहा है तो केन्द्रीय एजेंसियों को चौदह साल पहले के मामले याद आ रहे हैं।

# लोजपा ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय श्रीकृष्णपुरी पटना में मिसाइल मैन के नाम से सुप्रसिद्ध महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यानंद शर्मा ने उनके तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सत्यानंद शर्मा ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन आम लोगों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम लगातार कहते रहते थे कि जीवन में चाहे जैसा भी परिस्थिति क्यों ना हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने का ठान लेते हैं तो उसे पूरा करके ही रहेंगे। डॉ. अब्दुल कलाम युवाओं एवं भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उक्त अवसर पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. अब्दुल कलाम ने आधुनिक भारत के निर्माण में जो अमूल्य योगदान दिए हैं उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। कृतज्ञ राष्ट्र आज उनके ऐतिहासिक दिवस पर उन्हें याद कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, युवा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इन्दिरा देवी, प्रदेश प्रवक्ता अनुपम पासवान, प्रदेश युवा प्रधान महासचिव प्रकाश कुशवाहा, ओम प्रकाश भारती, कन्हाईलाल पासवान, निभा देवी, रंजीत पासवान, रोमा सिंह समेत अन्य नेतागण मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

# स्वनिधि महोत्सव में 5500 स्ट्रीट वेंडर्स सम्मानित

### पटना नगर निगम द्वारा ज्ञान भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




- उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा दिया गया सम्मान पत्र
- नुक्कड़ नाटक एवं सास्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्ट्रीट वेंडर्स ने दिए जागरूकता के संदेश

पटना नगर निगम द्वारा शहर के रेहड़ी-पटरी वालों में केंद्रीय स्वनिधि योजना के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री तारकिशोर, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन एवं गणमान्य अतिथि द्वारा किया गया। इसके साथ ही बिहार सरकार के कई मंत्री एवं विधायक एवं पूर्व पार्षद भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में लगभग 5500 स्ट्रीट वेंडर्स को सर्टिफिकेट देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 से अधिक स्टॉल के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने प्रोडक्ट की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई। जिसमें हैंडीकार्फ्ट, हैंडलूम, लहठी चूड़ियां, सजावट की वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। पटना नगर निगम द्वारा चल रही योजनाओं की से सम्बंधित स्टॉल भी लगाए गए जहां लोगों को निगम की योजनाओं की जानकारी दी गई। अतिथियों एवं पटना नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया एवं फोन पे को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि इन बैंकों द्वारा 49 लाख का ऋण 269 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सस्ते दर पर दिया गया है। नगर आयुक्त ने कहा कि पटना नगर निगम द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 2 अक्टूबर से स्वच्छअंगिनी पार्ट 2 को लांच किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने पटना नगर निगम के पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए निगम के कार्यों की सराहना की। उपमुख्यमंत्री द्वारा स्टॉल का भ्रमण भी किया गया। पथ निर्माण मंत्री ने स्ट्रीट वेंडर्स का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह के विकास का मतलब है गरीब तबके के विकास करना। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मुझे खुशी है कि समाज के हर तबके के लोग खास कर स्ट्रीट वेंडर आज डिजिटल हो गए। ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट लिया जा रहा है। यह बदलते बिहार का प्रतीक है। विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए जिससे लोगों को इन योजनाओं की जानकारी मिलती रहे। ऐसे कार्यक्रम से जागरूकता बढ़ती है।

विभिन्न विभागों में प्रतियोगिता एवं उनके विजेता : मेहंदी के लिए रुक्सार प्रवीण, रानी शर्मा व रूमा दास। रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी, साहिबा मालिक व पीहू कुमारी को पुरस्कृत किया गया। वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में सोनी कुमारी, संध्या कुमारी एवं अंजलि कुमारी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार अवर सचिव मधुकर पांडे, निवर्तमान महापौर सीता साहू एवं पटना नगर निगम के अपर नगर आयुक्त (सफाई) उप नगर आयुक्त सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जानकारी

### राजद के पूर्व विधायक पर सीबीआई की कार्रवाई से छिड़ा सियासी संग्राम

# भोला यादव की गिरफ्तारी पर राजद व भाजपा आमने-सामने

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के नजदीकी एवं पूर्व विधायक भोला यादव की ठिकानों पर बुधवार को सीबीआई और इनकम टैक्स की संयुक्त रूप से छापेमारी हुई है। इसके साथ ही नई दिल्ली से पूर्व विधायक को गिरफ्तार भी कर लिया है। इस कार्रवाई को लेकर प्रदेश में सियासी संग्राम छिड़ गया है। राजद और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गई है। राजद ने केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला शुरू कर दिया है। राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने इसके लिए सीधे-सीधे मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। आज जिस तरह से लालू प्रसाद के पूर्व ओएसडी के ठिकानों पर छापेमारी की गई है वह सीबीआई के मिसयूज की पराकाष्ठा है। शक्ति यादव ने कहा कि आज तक यह साबित नहीं हो सका कि नौकरी के बदले किसी ने अपनी जमीन दी है सीबीआई भी आज तक इसे साबित नहीं कर पाई है। शक्ति यादव ने कहा केंद्र ने आज सीबीआई को इस हालत में पहुंचा दिया है कि सभी लोग सीबीआई के काम पर सवाल उठा रहे हैं। सभी लोग इस बात को मानने लगे हैं कि सीबीआई अपने सारे काम केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है।

वहीं, राजद के हमले के जवाब में भाजपा के नेता भी मैदान में उतर गए हैं। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि सारे घोटाले उनके कार्यकाल में हुए हैं, तो अब सीबीआई जांच कर रही है, ऐसे में उनकी बैचेनी को समझा जा सकता है। नितिन नवीन ने कहा कि लालू जी के कार्यकाल में क्या क्या घोटाले हुए हैं। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। यहां जिस घोटाले की जांच के लिए सीबीआई टीम पहुंची है, उसका पदार्फाश हमलोंगों ने नहीं किया और न ही भाजपा की मोदी सरकार के कार्यकाल का मामला है। यह उनके ही अपने लोगों ने पदार्फाश किया था कि कैसे लालू जी ने जमीन लेकर लोगों को नौकर दी थी। नीतीन नवीन ने कहा अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने कोई गड़बड़ी नहीं की है तो कोर्ट में लिखित एफेडेविट देना चाहिए और बताना चाहिए कि उन पर लगे सारे आरोप झूठे हैं। लेकिन वह जानते हैं कि ऐसा कर वह फंस जाएंगे। इसलिए बार बार विपक्ष में होने का बहाना बनाकर खुद को बचाने की कोशिश में लग जाते हैं। हमारा मानना है कि विपक्ष में हैं तो भी क्या उनके खिलाफ जांच नहीं हो, सिर्फ इसलिए वह यह कहेंगे कि यह हमारी सरकार ने किया है। भाजपा प्रवक्ता प्रेमरंजन पटेल ने आज की सीबीआई की कार्रवाई को लेकर कहा कि भोला यादव सिर्फ लालू प्रसाद के करीबी नहीं थी, उनके ओएसडी थे, लालू प्रसाद के सारे काम की जानकारी उन्हें होती थी। जो बातें लालू प्रसाद के बारे में उनके परिवार को नहीं थीं, भोला यादव को होती थी। जाहिर है जब मुखिया ही इस महापाप में शामिल रहे हैं, तो उनके करीबी कैसे इससे बचे होंगे। अगर सीबीआई ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है, गिरफ्तार किया है तो निश्चित है उनके खिलाफ कुछ जानकारी मिली होगी।

वहीं, जदयू विधायक अजीत चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और हमारे नेता का तो साफ कहना है कि ना हमलोग किसी को फंसाते हैं ना ही बचाते हैं। न हीं जो कानून तोड़ता है, उसके साथ खड़े रहते हैं। इनकम टैक्स विभाग ने किस आधार पर छापेमारी की है। इसके बारे में अभी कोई पूरी जानकारी नहीं है, यह तो वही लोग बता सकते हैं।

# चार दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे पशुपति पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- सदस्यता अभियान व संगठन मजबूती पर चर्चा की

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को पटना पहुंचें, पटना पहुंचनें के बाद श्री पारस को पार्टी कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस को पार्टी मुख्यालय में पहुंचनें के बाद पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ जिला में चल रहे राष्ट्रीय लोजपा और दलित सेना के संयुक्त जिला सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान के साथ संगठन विस्तार की जानकारी ली। श्री पारस ने कहा कि मेरा मुख्य उद्येश्य है कि लोजपा के संस्थापक मेरे बड़े भाई पद्म भूषण रामविलास पसवान के बताये हुए रास्ते पर चलकर अपने नेता के सपनों का साकार करना है और दलित शोषित वंचितों को मुख्यधारा में लाना उद्येश्य है। आगे श्री पारस ने पार्टी विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के द्वारा प्रदेश के सभी जिलाओं से प्रखण्ड और गांव के हर बूथ पर 10 की संख्या में जुझारू नौजवानों को पार्टी नई जिम्मेवारी देने का काम करेगी। श्री पारस के आगमन पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह, प्रधान महासचिव केशव सिंह, प्रदेश महासचिव रंजीत पासवान, ई विजय सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्षा डॉ स्मिता शर्मा, राधाकान्त पासवान, सौलत राही, जगत पासवान के अलावे पार्टी के अनेक नेताओं ने स्वागत किया। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि 28 जुलाई को श्री पारस स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें।

### सूबे के अधिकांश जिलों में ईडी के खिलाफ कांग्रेस ने किया सत्याग्रह



पटना। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ पर कांग्रेसजन का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी को लेकर प्रदेश के अधिकांश जिला मुख्यालयों पर पुनः कांग्रेस कार्यकताओं ने सत्याग्रह मार्च का आयोजन किया। इस बाबत जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी के द्वारा हमारे राष्ट्रीय नेताओं को परेशान करने की साजिश के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता अंतिम दम तक लड़ेगा। प्रदेश मुख्यालयों पर गांधी मूर्ति पर सत्याग्रह के बाद जिला मुख्यालयों पर जिले के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुनः सत्याग्रह मार्च निकाला। राष्ट्रीय नेता और सांसद राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने और महंगाई व बेरोजगारी जैसे असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के के खिलाफ भी कांग्रेसजन का आक्रोश सड़कों पर दिख रहा है।

# लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सह जिला प्रभारी सचिव ने की जिलास्तरीय विभिन्न विभागों की समीक्षा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बुधवार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बिहार पटना के सचिव सह प्रभारी सचिव समस्तीपुर जिला जितेंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिलास्तरीय विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव द्वारा जिला स्तरीय सभी विभागों के नोडल एवं प्रभारी पदाधिकारियों को अपने विभागों के सैंक्शन की पेंडेंसी पेमेंट हेतु पेंडेंसी एवं मेजर इश्यू आदि के बारे में विभागवार समीक्षा की गई। एवं किसी भी प्रकार की इश्यू या कमी बतलाए जाने पर उन्हें विभिन्न निर्देश व सुझाव दिए गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में स्थित सभी विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक की एक बैठक करवाएं। उसमें सभी अभिभावकों को चलने वाली सारी योजनाओं से अवगत कराएं एवं उसे दिए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के तहत किताब व स्कूल ड्रेस के लिए जो पैसा भेजा जाता है, उससे बच्चों को नई किताबें, कॉपी, कलम और स्कूल ड्रेस के मद्देनजर ही खर्च करने हेतु निर्देशित करें। बच्चों को होमवर्क दिए जाने हेतु शिक्षकों को निर्देशित करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। साथ ही कम अधिगम उपलब्धि (स्लो लर्नर) वाले छात्र-छात्राओं के लिए रिमेडियल टीचिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शिक्षकों का एक्सीलेंस सेल बनाकर कम प्राप्तांक लानेवाले व अधिकतम प्राप्तांक लाने वाले बच्चों को चिन्हित कर उसका विश्लेषण कर उस पर कार्य करें। उसके अनुसार स्कूल का रैंकिंग कर ले। जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता के साथ सभी सरकारी स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों में पीने की पानी की समुचित व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था आदि से संबंधित एक बैठक करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सभी पदाधिकारी केंद्र का निरीक्षण विभागीय निदेर्शानुसार करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही केंद्र संचालन में त्रुटि पाए जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस को दिया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक कर किसान क्रेडिट कार्ड के लिए अभियान चलाकर तेजी लाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। डीआरसीसी के माध्यम से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की स्थिति बहुत कम पाई गई। जिला का स्थान 18वां पोजीशन पाए जाने पर खेद व्यक्त की गई। अगले 3 सप्ताह में इसे चेतावनी के साथ पोजीशन सुधारने का निर्देश दिया गया। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के आच्छादन का स्पीड अप कराने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के पेंडेंसी शून्य करने का निर्देश सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को दिया गया। साथ ही दिव्यांगजन के लिए कैंप लगाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने का निर्देश दिया गया। स्थल भ्रमण स्वयं जाकर करने एवं ग्रामीणों से पेंशन मिलने हेतु फीडबैक लेने का निर्देश सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में कोविड-19 से संबंधित अपना डाटा संतोषप्रद रूप से पेश नहीं किए जाने के कारण सचिव महोदय द्वारा खेद व्यक्त की गई एवं अपनी डाटा को अप-टू-डेट करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। एक-एक एएनएम स्कूल व ट्रेनिंग कॉलेज को अपने स्तर से निरीक्षण करने का निर्देश अपर समाहर्ता और उप विकास आयुक्त को दिया गया। जिले स्थित सभी मंडल कारा में महिला शौचालय की जनसंख्या के आधार पर समुचित व्यवस्था, पुरुष शौचालय, किचन सह वर्कशेड, कारा अंतर्गत अस्पताल के भवनों आदि की मरम्मत, जरूरत पड़ने पर नया निर्माण शीघ्र करवाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग को दिया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ जिले में स्थित सभी एससी-एसटी छात्रावास एवं विद्यालय का 15 दिनों के अंदर स्वयं से भ्रमण व निरीक्षण करने का निर्देश अपर समाहर्ता एवं उप विकास आयुक्त को दिया गया। ओपीएमआरसी की सूची के तत्वाधान में जिले में निमार्णाधीन सभी प्रकार के सड़कों की जांच समय-समय पर करते रहने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। अगर जरूरत पड़े तो कार्यपालक अभियंता आरसीडी, कार्यपालक अभियंता आरडब्ल्यूडी को भी साथ ले जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में डीएम योगेंद्र सिंह, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, एवं सभी विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक, सभी अनुमंडल एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस एवं डीपीएम जीविका के पदाधिकारी उपस्थित थे।




- सभी विद्यालयों में शिक्षक और अभिभावक की बैठक करवाने का शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया निर्देश

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानाचार्य ने दी भारतीय विश्वविद्यालय संघ के गवर्निंग काउंसलिंग के सदस्य बनने पर कुलपति को बधाई

समस्तीपुर। समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के प्रधानाचार्य डॉ सत्येन कुमार ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुरेंद्र प्रताप सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। कुलपति के मनोनयन से पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्षोल्लास है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इससे मिथिला विश्वविद्यालय सहित बिहार एवं पूर्वी जोन के अन्य विश्विद्यालयों को भी कुलपति के अनुभव एवं दूर-दर्शिता का लाभ प्राप्त होगा। यह हमारे लिए अपार गौरव की बात है।

### विधुत समस्या के निवारण हेतु बैठक आयोजित

भागलपुर । बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक में बिजली की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त किया गया है। विभाग के निष्क्रियता और विद्युत आपूर्ति में घोर निष्क्रियता को देखते हुए विशेष बैठक आयोजित की गई थी। ज्ञात हो कि पिछले कई दिनों से अलग-अलग मोहल्ले से बिजली आपूर्ति में कमी और रखरखाव के नाम पर बिजली कट की शिकायत बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति को मिल रही थी। तदोपरांत जिला कौमी तंजीम के अध्यक्ष मो. तकी अहमद जावेद के नेतृत्व में कुछ सदस्यों द्वारा विभिन्न मोहल्ले में जाकर बिजली की स्थिति का जायजा लिया गया था, पता चला कि बिजली की स्थिति अत्यंत दयनीय है, कुछ लोगों को बिजली बिल अनाप-शनाप दिया गया है। इससे उपभोक्ता में विभाग के प्रति घोर निराशा और आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। इसलिए समिति संपूर्ण संदर्भ को देखते हुए विभाग और प्रशासन से मांग की है, अभिलंब विद्युत आपूर्ति में सुधार किया जाए और फॉल्ट सुधार और मीटर रीडिंग की व्यवस्था में सुधार हो मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की कटौती अभिलंब बंद किया जाये अन्यथा समिति आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेगी। यह निर्णय प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया है। बैठक में संजय कुमार अर्जुन शर्मा डॉ. सुनील अग्रवाल कुमार संतोष, मोहम्मद शाहबाज मिंटू, कलाकार महबूब आलम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 280 ग्राम गांजा के साथ बिक्रेता गिरफ्तार

सुलतानगंज। सुल्तानगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर कांवड़िया पथ में चलाया छापेमारी अभियान। इस दौरान पुलिस की टीम ने श्वास मादक पदार्थ (गांजा) के साथ एक बिक्रेता को गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले को लेकर सुल्तानगंज थानाध्यक्ष लाल बहादुर ने बताया कि कांवड़िया पथ के कमरांय चौक के समीप एक दुकान में गुप्त सूचना के तहत छापेमारी की गई। दूकान की तलाशी के क्रम में 110 पुड़िया गांजा बरामद किया गया है। जिसका कुल वजन 280 ग्राम है। यह बिक्रेता बोलबम में चल रहे कांवड़िया के बीच नशे का कारोबार फैला रहा था। गिरफ्तार बिक्रेता मृत्युंजय कुमार सिंह पिता उपेंद्र प्रसाद सिंह, असरगंज थानाक्षेत्र के कमराय (रामपुर) का रहनेवाला बताया जाता है। वहीं पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार मृत्युंजय सिंह के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# ठोस कचरा प्रबंधन प्रोसेसिंग युनिट भवन निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन व शिलान्यास

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

रोसड़ा प्रखंड के आदर्श ग्राम ग्राम पंचायत राज मोतीपुर वार्ड नंबर 08 महेशपुर के निकट मुखिया प्रेमा देवी, बीडीओ अनुरंजन कुमार, बीपीओ आनंद प्रकाश और प्रखंड स्वच्छता कोऑर्डिनेटर संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से ठोस कचरा प्रबंधन प्रोसेसिंग युनिट भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। मौके पर मनरेगा जेई एहतेराम करीमी, तकनीकी सहायक संजीव कुमार, रोजगार सेवक अनिल कुमार, कायार्पालक सहायक अमरदीप कुमार, विकास मित्र अमरजीत कुमार, समाजसेवी रंजीत सहनी, सभी वार्ड सदस्य, एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बताया गया कि इस योजना के क्रियान्वयन से ग्राम पंचायत से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ (कचरा) को एकत्रित कर, उसे डिकम्पोज किया जाएगा। जिससे ग्राम पंचायत स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रहेगा।



# बिजली हमारे लिए जीने के लिए सहयोगी बन चुकी है: सांसद अजय कुमार मंडल

सबौर, प्रात : किरण संवाददाता

बिजली इंसान के लिए अमृत माना जाता है,बिजली के बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। 2015 में बिजली की स्थिति बहुत दयनीय थी और हम लोगों को बिजली मात्र 12 घंटा में 6 से 7 घंटा बहुत मुश्किल से बिजली की आपूर्ति होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री के आवाहन पर दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत बिजली में काफी सुधार आई है। बिजली हम लोगों के बीच बिजली विभाग की ओर से 22 घंटा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में आनेवाले हर इलाके में बिजली की जरूरत है, हमारे घर से लेकर शवदाह गृह तक बिजली की जरूरत है। आज के बदलते परिवेश में जिंदगी की हर कड़ी में स्वास्थ्य के साथ साथ इंसान के सांस भी बिजली के बगैर नहीं चल सकती है। उक्त बातें बुधवार को बीएयू के मुख्य प्रशाल मे कहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर गांव बिजली से रोशन हो रहा है। बिजली हमारी आवश्यकता नहीं, जिंदगी जीने की बजह बन चुकी है।इसके बगैर न पठन-पाठन हो सकता है और ना किसी क्षेत्र में अनुसंधान की कोई दीप प्रज्वलित हो सकती है, ज्ञान हो या कोई उद्योग हो सभी जगह बिजली की उपस्थिति अनिवार्य हो गई है।वही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत जहां उत्पादन से लेकर वितरण तक की सुदृढ़ व्यवस्था देश में हो गई है, वहीं राज्य सरकार के प्रयास से गरीबों का घर दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है।किसान के बीच हरियाली छा रही है। उन्होंने कहा कि यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि जरूरत से बहुत ज्यादा बिजली हम उत्पादित कर रहे हैं।

कार्यक्रम के विधुत विभाग द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव के 75वें वर्ष के रूप में विगत 25 जुलाई से ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली महोत्सव मनाया जा रहा है, जो न्यू इंडिया के रोशन की कहानी कह रहा है। उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य की परिकल्पना चरितार्थ हो रही है। कार्यक्रम में शामिल भागलपुर के विधायक गोपाल मंडल ने भी अपने उद्बोधन में मंचासीन सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए बेहतर बिजली व्यवस्था की सराहना की। विभाग के एडीएम मृत्युंजय कुमार ने कहा की बिजली हमारी अहम जरूरत है इसके बबार्दी पर हमें नजर रखने की जरूरत है।दर्जनभर उपभोक्ताओं ने बिजली नहीं रहने की स्थिति और अब के बदलाव पर अपने अनुभव को शेयर किया है। कार्यक्रम के पूर्व मंचासीन अतिथियों ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम दौरान नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत नृत्य की प्रस्तुति किये। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने भाग लिया। इस मौके पर एनटीपीसी के एजीएम डी के गुप्ता ,डीजीएम अजय प्रसाद,विद्युत अधीक्षण अभियंता गौरव पांडे, एसटीएफ शकील उर्फ रहमान, विद्युत कार्यपालक अभियंता भागलपुर पूर्वी राजीव कुमार , आई टी प्रबंधक भास्कर ठाकुर , समाजसेवी अमित यादव, गौरीशंकर, शिवबालक यादव, कन्य अभियंता सुमित कुमार, बिहार कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. एस एन सिंह ,डीन ए.जी. डा. आरआर सिंह आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन भागलपुर आकाशवाणी शाखा के अधिकारी विजय कुमार ने किया है।



# सरकारी कार्य में बाधा एवं मारपीट को लेकर विद्युत कनीय अभियंता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

उजियारपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बिशनपुर में कार्यरत विद्युत कनीय अभियंता ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने व मारपीट की घटना को लेकर चार नामजद व अज्ञात लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जिसमे बताया गया कि विद्युत चोरी के स्थानों पर 25 जुलाई 2022 को मानव बल के साथ चैता वार्ड 6 स्थित रंजीत पांडे के आटा मिल के पास पहुंचा। मीटर की जांच करने के क्रम में मीटर रीडिंग सही नहीं आ रहा है। इसके बाद बगल के मुर्गी फार्म में जांच करने के क्रम में पाया गया कि मुर्गी फार्म का मीटर सही है। परंतु अन्य तार से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जो कि नल जल योजना के संबंध में दिए गए मीटर से डायरेक्ट तार जोड़कर मुर्गी फार्म में विद्युत संचालन किया जा रहा था। जबकि नल जल का आधिकारिक मीटर परिसर में नहीं था। स्थानीय लोगों से संबंध में पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब नहीं मिला। विभागीय गाड़ी से आगे बढ़ने पर सुजीत पांडे, अनमोल पांडे, सुनील पांडे उर्फ कारी, अमरजीत पांडे तथा कुछ अज्ञात लोगों द्वारा गाड़ी घेर कर गाड़ी खिंचकर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज एवं मारपीट किया गया। तथा पॉकेट से दो हजार रुपए निकाल लिया। उपरोक्त नामजद एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान मारने का प्रयास किया गया। किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर सदर अस्पताल समस्तीपुर में इलाज करवा रहा हूं। इसी को लेकर विद्युत कनीय अभियंता ने थाने में लिखित आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाया है।




### स्वर्णजयंती समारोह के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**समस्तीपुर।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर में स्वर्णजयंती समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में क्विज प्रतियोगिता और वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्विज प्रतियोगिता में इतिहास, राजनीति शास्त्र, विज्ञान, अर्थशास्त्र, समसामयिक, बिहार राज्य से संबंधित विषयों से प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ अतनु बनर्जी, डॉ आशीष पांडे, डॉ खुर्शीद अहमद खान के द्वारा किया गया। दूसरी पाली में वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ एसएन तिवारी, डॉ महेश चौधरी, डॉ कुणाल आदि लोगों ने किया।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर स्थित बीआरएनकेएस महाविद्यालय के प्रांगण में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया प्रख्यात वैज्ञानिक, श्रेष्ठ शिक्षक, भारत रत्न से सम्मानित एवं मिसाइल मैन के नाम से विख्यात, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के पुण्यतिथि। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सूर्य देव प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के सभी कर्मियों ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा इनके जीवन पर विस्तार से चर्चा किया गया।

# 389 प्रशिक्षु सिपाहियों ने पारण परेड में दी सलामी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस केंद्र में बुधवार को प्रशिक्षु सिपाहियों के प्रशिक्षण उपरांत पारण परेड समारोह 2022 का आयोजन किया गया। पारण परेड समारोह के मुख्य अतिथि मिथिला प्रक्षेत्र दरभंगा के आईजी ललन मोहन प्रसाद ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। प्रशिक्षु सिपाहियों के प्रशिक्षण का पुलिस अधीक्षक के द्वारा नियमित निरीक्षण किया गया तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये, जिसके कारण प्रशिक्षु सिपाहियों का प्रशिक्षण अच्छी हो पायी। इस कार्य के लिए पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया गया।

साथ ही उत्कृष्ट पारण परेड के लिए प्रशिक्षु सिपाहियों की प्रशंसा की गई। प्रशिक्षण उपरांत उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के अनुरूप पुरस्कृत किया गया। आपको बता दे कि पुलिस केन्द्र में औरंगाबाद-179, नवादा-127, अरवल-83 सहित कुल 389 प्रशिक्षु सिपाहियों का 09 अगस्त से बुनियादी प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण की अवधि (216 दिनों) में प्रशिक्षु सिपाहियों को बाह्य विषय में पीटी, पीपीटी, यूएसी, बाधाएं, ड्रील, वेपन, फिल्ड क्राफ्ट, दंगा निरोधी ड्रील, दंगा नियंत्रण, मैप रिडिंग, फायरिंग एवं मस्केटरी, योगा का प्रशिक्षण दिया गया तथा अन्तः विषय में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, लघु अधिनियम, बिहार पुलिस हस्तक नियम, अनुसंधान, सुरक्षा संबंधी कर्तव्य, यातायात प्रबंधन एवं सूचना पौद्योगिकी संबंधी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में लक्ष्याभ्यास 30 मई से 05 जून तक तथा अन्तः एवं बाह्य विषय की परीक्षा 01 जुलाई से 08 अगस्त तक ली गई।

पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), बिहार, पटना के निदेर्शानुसार बुनियादी प्रशिक्षण कराने हेतु पुलिस केन्द्र, समस्तीपुर में उत्कृष्ठ नियमित प्रशिक्षण देने हेतु अन्तः कुल 07 अनुदेशकों को पदस्थापित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रप्रिशिक्षण में प्रशिक्षु सिपाहियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठ, धैर्यपूर्वक एवं विषम परिस्थिति में कठिनाईयों का सामना करते हुए उक्त प्रशिक्षु को समाजिक स्तर पर, दंगा पीड़ित इलाके में एवं भीड़-भाड़ नियंत्रित करने हेतु लाठी चलाने हेतु, टियर गैस का प्रयोग करने हेतु एवं कम बल प्रयोग कर कैसे विधि व्यवस्था संधारण किया जाना चाहिए, का उचित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने के बाद सिपाहियों से विधि व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा।



### विद्यालय परिवार ने मनाया सामूहिक जन्मोत्सव



**पूसा।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ पूसा समस्तीपुर में बुधवार को सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं को कॉपी पेन उपहार स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर वर्ग एक से दस तक के कुल 96 छात्र-छात्राओं नवीन, करुणा, मोनिका, अमन, स्वाती, दीपा, निधि, गोविंद, रमेश, बेबी आदि का जन्मदिन मनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका बिन्देश्वर साह, साधना कुमारी, चन्द्रशेखर कुमार, कमली कुमारी, प्रिया भारती, सूरज कुमार, मंजू के द्वारा आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी गई।

# उमा पांडेय कॉलेज पूसा में आइकॉम और बीकॉम की पढ़ाई आने वाले सत्र से हो शुरू करने की मांग



पूसा, प्रात :किरण संवाददाता

छात्र संगठन आइसा के नेतृत्व में पूसा उमा पांडेय कॉलेज आइसा इकाई सचिव तुषार कुमार, अध्यक्ष राहुल कुमार, राजेश कुमार उर्फ बूटन कॉलेज छात्रों एवं आइसा इकाई सदस्य कमल कुमार, शिवम कुमार, शिव कुमार, काजल, प्रिया, प्रीति कुमारी द्वारा शैक्षणिक अराजकता दूर करने समेत महाविद्यालय में आइकॉम तथा बीकॉम की पढ़ाई आने वाले सत्र से शुरू करने, कॉलेज में पूर्व से अवस्थित पुस्तकालय प्रयोगशाला को दुरुस्त करते हुए सभी छात्रों को सिलेबस के अनुसार डबल पुस्तक निर्गत करने, महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए अविलंब शौचालय निर्माण कराने समेत अलग-अलग कॉमन रूम की व्यवस्था करते हुए मैगजीन पेपर व आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, खाली पड़े शिक्षक-कर्मचारी के पदों का अभिलंब भरने, क्लासरूम कार्यालय एवं कैंपस में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को नियमित चालू रखने की गारंटी नामांकन शाखा को व्यवस्थित करते हुए छात्र-छात्राओं के लिए पूछताछ काउंटर का स्थापना करने समेत अन्य छात्रहित में विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा है। इस बाबत जानकारी आइसा के प्रखंड अध्यक्ष रोशन कुमार ने दी।

### डीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों की काटी गई हाजरी

**समस्तीपुर।** डीएम योगेंद्र सिंह के द्वारा बुधवार को पूसा प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान डीएम के प्रखंड के महमदा पंचायत स्थित बुनियादी विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने 3 शिक्षकों को अनुपस्थित पाया। अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के हाजिरी काटने के साथ उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। जिस पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। डीएम के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र की संचालिका पर भी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। डीएम ने बुनियादी विद्यालय में बच्चों से पठन-पाठन व अन्य सुविधाओं की भी जानकारी ली। उसके बाद जल जीवन हरियाली योजना के तहत निर्मित अमृत सरोवर पर उन्होंने पौधारोपण किया। इससे पहले उन्होंने सरोवर निमर्माण कार्य की जांच भी की। इसमें उन्होंने कराये गये काम पर असंतोष जताया और सही से काम कराने का आदेश दिया। इस दौरान डीएम ने सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ वैभव कुमार, सीओ अश्विनी कुमार, पूर्व मुखिया रविशंकर सिंह आदि मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### चोरों ने घर में घुसकर की हजारों रुपए की चोरी

हवेली खड़गपुर। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के बनबर्षा गांव स्थित बंगाली टोला के एक घर से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए की संपत्ति की चोरी कर फरार हो गया इस घटना के संबंध में गृहस्वामी संजीत कुमार सक्सेना की पत्नी अलका देवी ने बताया कि उनके घर में सोमवार की देर रात्रि सभी सोए हुए थे तभी चोरों ने दीवाल के सहारे छत पर चढ़कर घर के कमरे में प्रवेश कर आभूषण मिक्सी गिफ्ट आदि सामान मोबाइल बरतन तथा रुपए 3000 नगद की चोरी चोरों ने कर ली है इसकी जानकारी तब मिली जब सुबह मैं जगी तो देखा कि दूसरे कमरे में पूरा सामान बिखरा पड़ा हुआ है और सभी कीमती सामान गायब है मेरे पति झारखंड में काम करते हैं मैं अपने घर में चार बच्चों के साथ अकेली रहती हूं इसी ज जे का फायदा उठाकर चोरों ने घर में चोरी कर ली वहीं चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### डीएम रामगढ़-नुआंव पथ पर अकोढ़ी पुल का किया निरीक्षण

भभुआ। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा रामगढ़-नुआव पथ पर अकोढ़ी पुल के निर्माण को लेकर कैमूर जिला अधिकारी नवदीप शुक्ला ने किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान निगम के सहायक अभियंता कनीय अभियंता को यथाशीघ्र पुल का निर्माण करने का आदेश जारी किया। निरीक्षण के दौरान बुधवार को कैमूर डीएम के साथ कैमूर डीपीआरओ, अनुमंडल पदाधिकारी मोहनिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़, एवं पुल निर्माण निगम से जुड़े हुए सभी अभियंता उपस्थित थे।

### सरपंच पति को मोबाइल पर मिली जान मारने की धमकी

मझौलिया। मंगलवार की संध्या हरपुर गढ़वा पंचायत के सरपंच पति फिरोज साह के मोबाइल पर जान मारने की धमकी व गाली गलौज के मामले में सरपंच पति थाना में दिया आवेदन प्रतिवेदीत किया है। आवेदक ने आवेदन में लिखा है कि 26/7/2022 को संध्या 7रू14 बजे मेरे मोबाइल न.9262692031 पर 9472282092 से गाली गलौज करने और उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए मोबाइल फोन काट दिया गया। इसी संबंध में थाना में आवेदन प्रतिवेदित किया है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

# पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य व निर्वाचित मुखिया, उप मुखिया को किया जायेगा प्रशिक्षित

बेतिया (सोनू भारद्वाज)



**कार्यक्रम**

- प्रखंडस्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ जारी

पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा पंचायत आम निर्वाचन-2021 के उपरांत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक-06.07.2022 से 16.07.2022 के मध्य जिलास्तर पर तदोपरांत प्रखंडस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाना है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के द्वारा दिनांक-16.06.2022 को वेबकास्टिंग के माध्यम से किया जा चुका है।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मनीष कुमार द्वारा बताया गया है कि प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्य तथा ग्राम पंचायत के निर्वाचित मुखिया/उपमुखिया को प्रशिक्षण दिया जाना है। जिला पंचायत कार्यालय, पश्चिम चम्पारण द्वारा प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण हेतु तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। प्रशिक्षण में सिर्फ निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही भाग लेंगे, उनके जगह पर किसी अन्य प्रतिनिधि का भाग लेना विभागीय निदेशानुसार वर्जित है। पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत सभी पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रकार है।

दिनांक-28 से 30 जुलाई 22 तक ठकराहां प्रखंड मुख्यालय में ठकराहां, भितहां, मधुबनी एवं पिपरासी के पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसी बगहा-02 प्रखंड मुख्यालय में बगहा-02 तथा बगहा-01 प्रखंड मुख्यालय में बगहा-01 के पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण में भाग लेंगे। दिनांक-02 से 04 अगस्त 22 तक रामनगर प्रखंड मुख्यालय में रामनगर प्रखंड, गौनाहा प्रखंड मुख्यालय में गौनाहा तथा सिकटा प्रखंड मुख्यालय में सिकटा एवं मैनाटांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दिनांक-16 से 18 अगस्त 22 तक मझौलिया प्रखंड मुख्यालय में मझौलिया, नौतन प्रखंड मुख्यालय में नौतन एवं चनपटिया प्रखंड मुख्यालय में चनपटिया प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य भाग लेंगे। दिनांक-23 से 25 अगस्त 22 तक योगपट्टी प्रखंड मुख्यालय में योगापट्टी, लौरिया प्रखंड मुख्यालय में लौरिया एवं नरकटियागंज प्रखंड मुख्यालय में नरकटियागंज प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य भाग लेंगे।

इसी तरह ग्राम पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। दिनांक-29 से 31 अगस्त 22 तक मधुबनी प्रखंड मुख्यालय में मधुबनी एवं पिपरासी प्रखंड अंतर्गत मुखिया एवं उप मुखिया प्रशिक्षण में भाग लेंगे। इसी तरह भितहां प्रखंड मुख्यालय में भितहां तथा ठकराहां, बगहा-02 प्रखंड मुख्यालय में बगहा-02 प्रखंड के मुखिया एवं उपमुखिया भाग लेंगे। दिनांक-06 से 08 सितंबर 22 तक बगहा-01, रामनगर एवं गौनाहा के मुखिया एवं उपमुखिया संबंधित प्रखंड मुख्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दिनांक-13 से 15 सितंबर तक नरकटियागंज, मैनाटांड़ एवं सिकटा, दिनांक-20 से 22 सितंबर 22 तक चनपटिया, लौरिया एवं योगापट्टी, दिनांक-27 से 29 सितंबर 22 तक मझौलिया, नौतन एवं बैरिया प्रखंड के मुखिया एवं उप मुखिया प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं तस्करी की करें निगरानीः डीएम

बेतिया। जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, वन प्रमंडल पदाधिकारी, बेतिया, समादेष्टा सभी सशस्त्र सीमा बल, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, एसडीएम, एसडीपीओ, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अधीक्षक, मद् निषेध आदि उपस्थित रहे। इस बैठक में नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं तस्करी, अफीम या भांग की फसल की अवैध खेती और उसका विनिष्टिकरण, अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम, नशीली दवाओं के मामले में जांच की प्रगति, एनडीपीएस मामलों में अभियोजन की स्थिति, नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, नशामुक्त भारत अभियान, जब्त दवाओं का निस्तारण, जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन आदि पर गहन विचार-विमर्श किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस पर गहन निगरानी अतिआवश्यक है। पुलिस विभाग, एसएसबी एवं हेल्थ डिपार्टमेंट समन्वय स्थापित कर इसकी प्रॉपर तरीके से निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर चलाना सुनिश्चित किया जाय। जिलास्तर पर विशेष रूप से स्कूलों, कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाय। नशामुक्ति केन्द्र एवं पुनर्वास केन्द्र के सफल क्रियान्वयन की कार्रवाई की जाय।

# साइबर अपराध को नकेल कसने में पुलिस हुई कामयाब



मझौलिया, प्रात: किरण संवादाता

**गिरफ्तारी**

- दर्जनों एटीएम कार्ड व दर्जनों मोबाइल के साथ चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

बुधवार के दिन मझौलिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुबौलिया चैक के समीप कर रहे थे वाहन जांच। इसी क्रम में सुगौली के तरफ से दुबौलिया आ रहे। एक स्कूटी व एक पल्सर बाइक के साथ चार व्यक्ति का गाड़ी के कागज अवलोकन के साथ ही साइबर क्राइम से जुड़े दस्तावेज सहित एटीएम व मोबाइल बरामद हुआ।

यह जानकारी थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने दी। उन्होंने बताया कि इनके विरूद्ध थाना कांड संख्या 549/22 दिनांक 26/7/22 धारा 399, 400, 401, 412, 413, 411, 414, 420, 467, 468,45,472,379,120(बी), भा.द.वी.एव 66(सी),66(एफ) आई टी एक्ट के नामजद अभियुक्त राहुल कुमार पिता शायमबिहारी बैठा साकिन झौवा टोला रनहा थाना श्रीनगर पूजाहा, पप्पू कुमार उर्फ आदित्य पिता स्व.रमेश बैठा साकिन जौकटिया वार्ड नं.1,दीपक कुमार उर्फ आर्यन पिता सुरेश बैठा साकिन जौकटिया वार्ड नं. 1,राजू राम पिता सतन राम साकिन पखनहा बाजार थाना बैरिया। इन चारों के पास से लगभग 78 दर्जनों बैंक के एटीएम कार्ड सहित एक एपल मोबाइल के साथ करीब 17 मोबाइल बरामद हुए तथा इनके पास से दो बाइक सहित साइबर क्राइम से जुड़े दस्तवेज बरामद हुए। इन चारों साइबर अपराधियों को मेडिकल जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया।

## देश के 15वें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जदयू नेता ने दिया बधाई, जताया आभार

**पूर्णिया।** देश के सर्वोच्च स्थान पर बैठने वाली 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को जदयू नेता वसीम कमाली ने मुबारकबाद दिया है। द्रौपदी मूर्मू को राष्ट्रपति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सर्वमान्य नेता व बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मूर्मू के राष्ट्रपति बनने से देश नया कृतिमान स्थापित करेगा। मुबारकबाद देने वालों में भारतीय अल्पसंख्यक महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रांतीय नेता जनता दल यूनाईटेड मो वसीम कमाली, भारतीय मानवाधिकार परिषद् पूर्णिया के जिला प्रवक्ता सह वरिष्ठ नेता जनता दल यूनाईटेड मो आजम रब्बानी, पूर्व जिला अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड मो मनीरूद्दीन नजामी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मो मुस्लिम अंसारी, बीबी मजहबी खातून, पूर्व प्रदेश सचिव जदयू खुशबू प्रवीण, पूर्व प्रदेश महासचिव जदयू अंजुमन आरा, इत्यादि सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे।

# घोसवरी प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

मोकामा, प्रात: किरण संवादाता

घोसवरी प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की संपन्न हुई बैठक में विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता से धरातल पर उतारने की नसीहत दी गयी,साथ ही सरकारी योजनाओं में हो रही अनियमितता पर लगाम लगाने की आवाज भी उठाई गयी।

प्रखंड प्रमुख मिथिलेश यादव की अध्यक्षता में पांच घंटे तक हुई मैराथन बैठक में सभी विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा भी की गयी। पंचायत समिति की बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में भारी अनियमितता का मुद्दा जोर- शोर से उछाला गया। त्रिमुहान पंचायत के मुखिया कौशल कुमार ने योजना की किस्त का भुगतान करने में बेवजह विलंब करने और योजना की बंदरबांट करने का गंभीर आरोप लगाया। कुछ पंचायत समिति सदस्यों ने जन वितरण प्रणाली में धांधली की भी शिकायत की।मनरेगा योजना,शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी केंद्र में बरती जा रही अनियमिताता का सवाल भी खड़ा किया। इस मैराथन बैठक में घोसवरी बीडीओ कामिनी कुमार ने विकास कार्यों को पूरी ईमानदारी से धरातल पर उतारने का आश्वासन दिया। कामिनी कुमारी ने कहा कि जन प्रतिनिधियों की शिकायत का दोबारा मौका नहीं मिलेगा। हर हाल में पंचायत का विकास कार्य धरातल पर उतारा जायेगा। पंचायत समिति की बैठक की शुरूआत में प्रखंड प्रमुख मिथिलेश यादव ने पंचायत सचिव देवेंद्र कुमार की गैर मौजूदगी पर जमकर निशाना साधा और विकास कार्यों में अनियमितता पर तत्काल लगाम लगाने का निर्देश दिया।

# पथ निर्माण विभाग में निविदा की न्यूनतम दर सीमा निरस्त कर दिये जाने से भ्रष्टाचार को मिल रहा बढ़ावा

पूर्णिया, प्रात: किरण संवादाता



फाइल फोटो

- बिहार संवेदक संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया कार्यवाई की मांग

बिहार संवेदक संघ के प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने बिहार के मुख्यमंत्री से पत्र लिखकर मांग की है कि, पथ निर्माण विभाग बिहार पटना के के द्वारा निर्गत अधिसूचना के माध्यम से निविदा की न्यूततम दर सीमा समाप्त किए जाने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के कारण इस पत्र को निरस्त करने के लिए पथ निर्माण विभाग बिहार पटना को निर्देशित किया जाय।

पत्र के माध्यम से कहा गया है कि पथ निर्माण विभाग बिहार पटना की निविदा की न्यूततम दर सीमा समाप्त कर दिया गया है। इस पत्र के निकालने के बाद सीमांचल सहित पूरे बिहार में एक नये भ्रष्टाचार को नौकरशाहों अभियंता पदाधिकारी ने जन्म दिया है। जिस भ्रष्टाचार का नाम निविदा मैनेज है। इस व्यवस्था के तहत विभाग में कार्यरत नौकरशाह अभियंता पदाधिकारी के द्वारा संवेदक को कार्य देने के नाम पर मोटी रकम ली जाती है और निविदा कम दर पर जिससे मोटी रकम ली जाती है, उसे मैनेज कर के दे दिया जाता हैं।

अगर किसी संवेदक के द्वारा उस निविदा मे भाग ली जाती है तो उस संवेदक के कागजात मे कुछ ना कुछ त्रुटि निकालकर उस संवेदक को असफल घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि निविदा मे वैसे संवेदक को ही सफल किया जाता है जिसकी मिली भगत विभाग में कार्यरत नौकरशाहों पदाधिकारी से होती है।

राज ने कहा कि अधिकांश कार्य विभाग के कार्यरत नौकरशाहों अभियंता, पदाधिकारी जिसका पदस्थापन सचिवालय से लेकर कार्य प्रमंडल में है इन सभी के मिलीभगत से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। इसलिए इस भ्रष्टाचार में संलिप्त नौकरशाहों अभियंता पदाधिकारी कभी यह नहीं चाहते की यह पत्र निरस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ सीमांचल में हुए विभिन्न कार्य विभाग की निविदा की जांच स्पेशल विजिलेंस यूनिट एवं ईडी एवं सीबीआई से किसी एक एजेंसी से करा दी जाए तो साफ जाहीर हो जाएगा की किस तरह पदस्थापित नौकरशाहों अभियंता, पदाधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग कर इस भरष्टाचार को बिना और किसी के डर का अंजाम देकर सरकार को हजारो करोड़ रुपये का क्षति पहुंचा रहे हैं।

संवेदक में भी पदाधिकारी अपनी राजनीतिक पहुंच एवं प्रशासनिक पहुंच को दिखाकर एवं सुना कर भय और डर के माहौल पैदा करते हैं और संवेदक का भी निविदा मे न्यूनतम दर समाप्त हो जाने के कारण मजबूरी हो गयी है कि कम लेने के लिए उन्हें प्रबंधन प्रणाली का हिस्सेदारी बनना पर रहा है। उन्होंने राज्य में इस नये भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए पथ निर्माण विभाग बिहार को निर्देशित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को जो पत्र भेजा गया है उस पत्र को मुख्यमंत्री के सचिवालय से आवश्यक कार्रवाई हेतु पथ निर्माण विभाग पटना को भी भेज दिया गया है।

# अज्ञात नंबर से मिली पत्रकार को जान से मारने की धमकी

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

- नारायणी प्रेस क्लब के अध्यक्ष सहित सदस्यों में रोष

पत्रकारों के ऊपर हो रहे अत्याचारों को बर्दाश्त करने के शिवा अब कुछ रहा नही। निकम्मी सरकार पत्रकारों पर हो रहे प्रतिदिन हमले और धमकी को लेकर बहरी और लाचार हो गई है। भारतीय संविधान के चैथे अस्तंभ को दीमक लग चुकी है कही झूठे मुकदमे में फसाया जाता है तो कही अभद्रता से पत्रकारों के साथ सलूक किया जाता है तो कही हत्या भी हो रही है। लेकिन प्रसासन कुछ नही कर पाती है, अगर सच्चाई दिखाना गुनाह है तो हम बेशक गुनाह करेंगे किसी मे दम हो तो पत्रकारों को रोक कर दिखाए हम 1 मरेंगे 100 मेरे जैसे जन्म लेंगे लेकिन अपने कलम को दागदार नही करेंगे उक्त बातें पत्रकार म0 मंजर आलम ने कही। बता दें कि पत्रकार के मोबाइल नम्बर पर 91629**757 नम्बर से सुबह 8:45 में फोन आता है तथा धमकी दिया जाता है कि सिवान दबंगो का शहर से महेंद्र सिंह धोनी बोल रहा हूँ। मैं सूटर हूं। इस बात के बारे मे किसी को बताया या अपने अखबार या चैनल में चलाया तो तुम्हारे घर मे घुस कर गोली मार दूंगा। उसके बाद अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज भी किया गया। जिसके बाद व्हाट्सएप पर भी वायस रेकॉर्डिंग कर पत्रकार के व्हाट्सएप पर भी धमकी दिया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर पत्रकार ने स्थानीय चैतरवा थाना में एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। चैतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। नम्बर की जांच कराई जा रही है जल्द ही अज्ञात व्यक्ति की पहचान कर कार्यवाही की जाएगी। मामले को संज्ञान में लेते हुए नम्बर को ट्रेस किया जा रहा है।

# खेलों का होगा विकास, खिलाड़ियों को मिलेंगी सुविधाएंः जिलाधिकारी

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



- जिला में खुलेगा खेलो इंडिया सेन्टर्स

खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा एकलव्य केन्द्रों सहित अन्य माध्यमों से पठन-पाठन एवं बेहतर तरीके से प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा खेलों इंडिया योजना के अंतर्गत जिले में खेलो इंडिया सेन्टर्स संचालित करने की योजना है।

इस संबंध में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार द्वारा खेलो इंडिया सेन्टर्स खोलने हेतु जिले के एकलव्य केन्द्र से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि उक्त योजनान्तर्गत भारत सरकार से खेलों को बढ़ावा देने हेतु प्राप्त सुविधाएं जिले के खिलाड़ियों को प्राप्त हो सके। इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी द्वारा जिला खेल पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को निदेश दिया गया कि विभाग द्वारा विहित प्रपत्र में मांगी गयी जानकारी अविलंब समर्पित कर दिया जाय ताकि खेलो इंडिया सेन्टर्स जिले में फंक्शनल हो सके और यहां के खिलाड़ी लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया भारत सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत खेलो इंडिया सेन्टर्स खुलेंगे। विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण संस्थानों, विद्यालयों तथा व्यक्तिगत रूप से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले खिलाड़ियों अथवा व्यक्तियों की मदद सरकार करेगी। इस कार्यक्रम के तहत ऐसे प्रशिक्षण केन्द्रों व खिलाड़ियों को आर्थिक मदद पहुंचाकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी है।

समीक्षा के क्रम में जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त योजना के तहत तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, हॉकी, निशानेबाजी, स्वीमिंग, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन, कुश्ती, फुटबॉल आदि खेल विधाओं को प्राथमिकता के तौर पर बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, विजय कुमार पंडित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फलदार पौधों के स्वागत से आईजी- डीआईजी हुए हर्षित

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता

आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज एसएसबी के आईजी पंकज दराद और डीआईजी सुनील कुमार ध्यानी जब एसएसबी 21 वी वाहिनी के प्रांगण में पहुंचे। तो सबसे पहले सेना के जवानों ने उन्हें गाँड ऑफ ऑनर की सलामी दी। इसके तुरंत बाद आईजी व डीआईजी मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। जहां पौधारोपण का कार्यक्रम था। मौके पर मौजूद मंदिर के पुजारी वह सेना के जवान नितीश कुमार दुबे ने उन्हें पुष्प देकर व माथे पर तिलक लगाकर वैदिक मंत्र के साथ उनका स्वागत किया। वहीं नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने पंकज कुमार दराद को सेब और गंधराज डीआईजी सुनील कुमार ध्यानी को चिकू और गंधराज के पौधे तथा कमांडेंट प्रकाश को तेजपत्ता का पौधा दिया। इसके बाद नैतिक जागरण मंच वे.ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराये गए पौधों को यादगार स्वरूप मंदिर परिसर मे लगवाया गया। आईजी नेअमरपाली, डीआईजी ने नाशपाती,प्रकाश ने चीकू तथा ममता अग्रवाल ने नाशपाती के पौधे लगाए। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के पौधा रोपण को देख श्री पंकज दराज पौधों द्वारा सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किए और कहा की पौधा साधारण नहीं हमारी सुरक्षा कवच है। प्लास्टिक की खिलाफ की जनजागृति की प्रसंशा करते हुए कहा कि प्लास्टिक सबसे बड़ा खतरा है और इसके प्रयोग से हम लोग को बचना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण के साथ-साथ पौधा संरक्षण की बात कहे। आजादी अमृत महोत्सव पर उन्होंने नशाखोरी को भी जधन्य अपराध बताते हुए कहा कि नशा हमारे परिवार और समाज को तोड़ रहा है।

### शोक सभा का आयोजन

**बगहा।** बगहा अनुमंडल अंतर्गत गंडक पार के पिपरासी प्रखंड के पूर्व प्रमुख सह कांग्रेस नेता के आकस्मिक निधन पर बगहा नगर कांग्रेस कमिटी के तरफ से बगहा एक प्रखंड के डूमरिया मे बुधवार को पिपरासी प्रखंड के पूर्व प्रमुख सह कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष यशवंत नारायण यादव के निधन पर कार्यकताओं ने शोक सभा का आयोजन किया। तथा मृत आत्मा की शांति को लेकर इश्वर से प्रार्थना की। बैठक में शोक प्रगट करते हुए बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने स्व यादव के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समाज सेवी बताया। कहा कि स्व यादव आजीवन समाज एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति हमेशा निष्ठावान रहे। नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने स्व यादव के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में शेष चंद यादव, सुजीत कुमार सोनी, गोलू पटेल, दिनेश यादव, हिरदया साह, मुकेश प्रसाद, शत्रुघ्न साह, जय ठाकुर सुभाष शाह, नीरज शर्मा, मोहन चैधरी समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रज्ञा निकेतन विद्यालय में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों को दिया गया प्रतिभा सम्मान

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण



**सासाराम।** प्रज्ञा निकेतन विद्यालय के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह का एक भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में आज वैसे छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉक्टर हिमांशु त्रिपाठी सभी सफल विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए उनके परिश्रम और लग्न की भूरी भूरी प्रशंसा की।

बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं से सिख लेते हुए उन्होंने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को भविष्य में नए नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। छात्र/छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय के प्रबंधक संजय त्रिपाठी ने आगत अभिभावकों का स्वागत किया और विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन को उनके परिश्रम का द्योतक बताया।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रदर्शन में विद्यालय के शिक्षक, विद्यालय का प्रबन्धन कौशल एवं विद्यार्थियों के अभिभावकों की अहम भूमिका होती है। सफलता सतत परिश्रम पर निर्भर करता है, अतः विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन का निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। विद्यालय के सचिव संजीव कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवस्थित एवम क्रमबद्ध अध्ययन के द्वारा जीवन में किसी भी लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से उनके अथक प्रयास एवं लग्न के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आखिर में अभिभावकों ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य एवम उपस्थित सभी शिक्षकगणों ने अगले वर्ष इससे भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लेते हुए इस कार्यक्रम का समापन किया।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2 व 3 अगस्त को

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण

सासाराम। कला,संस्कृति एवं युवा विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन रोहतास द्वारा आगामी 2 अगस्त से 3 अगस्त तक जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी (बालक अंडर-17) फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय सासाराम के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम के मैदान पर होगा। इस संबंध में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, रोहतास सह खेल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 1 अगस्त निर्धारित की गई है प्रतियोगिता में विद्यालय की टीमें ही हिस्सा लेंगी वैसे छात्र खिलाड़ी ही उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा ले पाएंगे जिनकी उम्र 17 वर्ष से कम होगी। उन्होंने बताया कि इस जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी प्रतियोगिता के विजेता विद्यालय टीम को राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी विद्यालयों की टीमों को अपने खेल पोशाक यथा जर्सी- पैंट ,बुट में उपस्थित होना आवश्यक होगा। इस आशय का पत्र सभी विद्यालयों को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र के माध्यम से भी भेजा है और विद्यालयों की सहभागिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने का निदेश दिया है। विद्यालय की टीमों को पंजीयन फॉर्म उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा के कार्यालय खेल भवन व्यायामशाला, फजलगंज,सासाराम से प्राप्त किया जा सकता है।

# द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाने पर एनडीए के सभी नेताओं को किया सम्मानित

पूर्णिया, प्रात: किरण संवाददाता



- मंत्री लेशी सिंह ने कहा आज देश में जाति धर्म किसी के उन्नति और तरक्की में नहीं बन रहा बाधक

बुधवार को धमदाहा अनुमंडल मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय क्रीड़ा मैदान में भारत के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समुदाय के महिलाओ को राष्टपति बनाये जाने पर एकलव्य विकास परिषद के द्वारा एनडीए घटक दल के नेताओं को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान आदिवासी समुदाय के महिलाओं ने बिहार सरकार के खाद्य आपूर्ति संरक्षण विभाग मंत्री धमदाहा विधायक लेशी सिंह का फूल माला से स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने देश के 15 वें राष्ट्रपति पद पर भारी मतों से ऐतिहासिक जीत के लिए द्रौपदी मुर्मू को बधाई भी दी। इस मौके पर मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार आदिवासी अनुसूचित जनजाति उड़ीसा राज्य के मयूरभंज जिला के जनजाति क्षेत्र में जन्मे महिला देश के 15 में राष्ट्रपति के पद पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू ने सरकारी स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर स्नातक तक की पढ़ाई की। कुछ दिनों तक सरकारी नौकरी करने के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ कर गांव में रहने लगी। गांव के ही स्कूल में बिना वेतन के बच्चों को पढ़ाने का काम किया। वर्ष 1997 में वह वार्ड परिषद चुनाव लड़ा। उसके बाद विधायक और मंत्री तक पहुंची। उन्हें उड़ीसा राज्य की सर्वश्रेष्ठ विधायक नीलकंठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। द्रौपदी मुर्मू झारखंड के महामहिम राज्यपाल बनी। मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि देश के 15 में राष्ट्रपति पद पर भारी मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद पर पदस्थापित होने के लिए पूर्णिया की जनता तथा बिहार प्रदेश की जनता की ओर से द्रौपदी मुर्मू को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं हैं। इस मौके पर एकलव्य विकास परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

**सम्पादकीय**

## रास्ते भर रास्ता ढूंढते हैं

देश में इस वर्ष मानसून लगभग अपने सामान्य गति से चल रहा है. कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश ने जनजीवन को काफी प्रभावित किया है. हालांकि मानसून का आना देश में सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. लेकिन अति वर्षा से कई इलाकों में बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण स्थानीय नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों के लिए आर्थिक रूप से मानसून अहम तो है लेकिन इससे उनकी दैनिक दिनचर्या सबसे अधिक प्रभावित होती है. अत्यधिक वर्षा से ग्रामीण क्षेत्र अन्य इलाकों से कट कर रह जाते हैं. इसकी मुख्य वजह सड़क का नहीं होना है. कच्चे और फिसलन भरे रास्तों पर चलना दूभर हो जाता है.

वैसे तो पहाड़ी क्षेत्र का नाम सुनते ही न जाने कितनी कल्पनाएं हमारे दिमाग में बन जाती हैं. पहाड़ी क्षेत्र है तो ठंडी हवाएं चलती होंगी, शुद्ध वातावरण होगा, गर्मी का नामों-निशान नहीं होगा. प्रतिदिन बारिश से मौसम सुहावना रहता होगा आदि. पहाड़ी क्षेत्रों का ग्रामीण जीवन किसी स्वर्ग से कम नहीं होगा. परंतु कल्पनाओं से हकीकत बिल्कुल विपरीत है. जब यहां लगातार बारिश आती है तो लोगों की जान को मुसीबत हो जाती है. कई बार बादल फटने अथवा जमीन धंसने की घटनाओं से जान माल का काफी नुकसान होता है. इस समय भी इस पहाड़ी राज्य में अत्यधिक बारिश तबाही मचा रहा है. दूर दराज के कई गांव ऐसे हैं जो अन्य इलाकों से कट गए हैं क्योंकि पक्की सड़क नहीं होने के कारण वहां पहुंचना मुश्किल हो गया है. बिजली और संचार की व्यवस्था भी लगभग ठप हो गई है. ऐसे में कल्पना करना मुश्किल नहीं है कि वहां का सामाजिक जीवन किस प्रकार कष्टकर होता होगा? बच्चों की पढ़ाई कितनी प्रभावित होती होगी?

उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित कपकोट ब्लॉक का बघर गांव, जो पहाड़ की चोटी पर बसा है. यह पहाड़ पर बसा आखिरी इंसानी गांव है. यहां पर आकर सीमा समाप्त हो जाती है. इसके आगे कोई गांव नहीं है. इस गांव में सड़क न होने की वजह से लोग बहुत मुसीबत का सामना करते हैं. एक तो यह आखिरी गांव है जहां सड़क की कोई सुविधा नहीं है. इससे ग्रामीणों विशेषकर स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. सड़क की सुविधा न होने के कारण किशोरियों को जंगल के रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है जिसकी वजह से उन्हें स्कूल आने जाने में काफी देर हो जाती है. इसके अलावा उन्हें हर समय रास्ते में किसी अनहोनी का भी डर सताता रहता है. इस संबंध में गांव की किशोरियों नेहा और बबली का कहना है कि हमारा स्कूल गांव से 4 किमी दूर है और जहां सड़क की सुविधा भी नहीं है, जिस कारण हमें जंगल के रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है.

इन्हीं परेशानियों के कारण न तो हम समय से स्कूल पहुंच पाते हैं और न ही घर. जिससे हमारी पढ़ाई पर भी बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है. जब स्कूल जाते समय हमें जंगलों से गुजरना पड़ता है तो जानवरों का भी भय बना रहता है. अगर ऐसे में कोई जंगली जानवर आ जाए तो हम कहीं भाग भी नहीं सकते हैं. रास्ते सही नहीं होने के कारण न तो हम भाग सकेंगे और न ही मदद के लिए किसी को बुला सकेंगे. वह बताती हैं कि जब बारिश होती है तो जंगल के कच्चे रास्ते कीचड़ से भर जाते हैं. ऐसे में हमें डर भी लगता है कहीं हम फिसल कर खाई में गिर न जाएं. उन्होंने कहा कि यदि स्कूल आने जाने के लिए सड़क मिल जाए तो हमें एक सुरक्षित रास्ता मिल जाएगा, जिससे हम स्कूल और घर समय पर पहुंच सकते हैं, जिससे हमारी शिक्षा भी प्रभावित नहीं होगी.

सड़क न होने से परेशान गांव वासी लाल सिंह और पवन सिंह का कहना है कि हम मजदूरी करने वाले लोग हैं, हमें रोज काम करने के लिए गांव से बाहर जाना पड़ता है. गांव में जहां बहुत थोड़ी सड़क ठीक है वह भी बारिश के दिनों में खराब हो जाती है. उन पर पानी भर जाता है जिससे आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. रास्ता सही न होने के कारण हमें राशन और खाने-पीने की सामग्री आदि लाने में भी मुश्किल आती है। बरसात के दिनों में हम दो या तीन दिन तक घर से बाहर भी नहीं निकल पाते हैं। इन दिनों यहां बादल फटने का डर भी हर समय सताता रहता है।

## संसद मानसून सत्र : जिद छोड़े विपक्ष


सिद्धार्थ शंकर

संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा की कार्यवाही में विघ्न डालने और सभापति के समक्ष अभद्र व्यवहार करने के चलते विपक्ष के 19 सांसदों को सदन की कार्यवाही से एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिन सांसदों को निलंबित किया गया है उनमें तृणमूल सांसद सुष्मिता देव, डॉ शांतनु सेन, डोला सेन, शांता छेत्री, मोहम्मद अब्दुल्ला, एए रहीम, कनिमोझी, एल यादव और वी वी. शिवादासन, अबीर रंजन विश्वास, नदीमुल हक शामिल हैं। एक दिन पहले लोकसभा में भारी हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कांग्रेस के 4 सदस्यों को निलंबित कर दिया था। ज्योतिमणी, माणिकम टैगोर, टीएन प्रथापन और राम्या हरिदास को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। कायदे से हंगामा करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन जब भी ऐसा होता है, तब हंगामा करके अपने निलंबन को निमंत्रण देने वाले सांसद यह रोना रोने लगते हैं कि उन्हें बोलने से रोका जा रहा है। इतने से भी संतोष नहीं होता तो आपातकाल लग जाने या फिर तानाशाही कायम हो जाने का शोर मचाया जाने लगता है। इन दिनों ऐसा ही हो रहा है। हैरत नहीं कि हंगामा करके संसद न चलने देने वाले सांसद यह मानकर चल रहे हों कि वे अपने उद्देश्य में सफल हैं। बड़ी बात नहीं कि उनके नेताओं की ओर से उन्हें शाबाशी भी मिल रही हो। चूंकि राजनीतिक दल संसद में हंगामा करने को एक तरह की उपलब्धि मानने लगे हैं, इसलिए संसदीय कार्यवाही का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यदि इस गिरावट को रोका नहीं गया तो ऐसी भी स्थिति बन सकती है कि संसद के चलने या न चलने का कोई महत्व न रह जाए। मानसून सत्र के पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही के स्थगित होते ही साफ संकेत मिल गया कि आने वाले दिनों में संसद में हंगामा तय है। सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे और यह 12 अगस्त तक चलेगा। करीब 32 विधेयक रखे जाएंगे, उनमें से कितने पारित हो सकेंगे, यह बताना मुश्किल है। अगर केवल हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित हुई, तो फिर कामकाज कैसे होगा? संसद सत्र से पहले ही यह तय हो गया था कि महंगाई, ईंधन की कीमतें, अग्निपथ योजना, बेरोजगारी और डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा। अब इनमें जीएसटी का मामला भी प्रमुखता से जुड़ गया है। महंगाई बढ़ी है, तो संसद को चलाना भी महंगा हुआ है। सांसदों को सत्र की शुरूआत में ही देखना चाहिए कि संसद को चलाने में प्रतिदिन कितना खर्च आता है। मानसून सत्र काफी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि बजट सत्र के बाद यह सत्र आता है। बजट सत्र में जो विधेयक पारित नहीं हो पाते हैं, उन्हें मानसून सत्र में पारित करने की कोशिश की जाती है। लेकिन, विपक्षी दल मानसून सत्र में हंगामे करते हुए कार्यवाही में बाधा लाते हैं। संसद की कार्यवाही का एक मिनट का खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए है। इसका मतलब एक घंटे की कार्यवाही में लगभग 1.5 करोड़ रुपए का खर्च आता है। खास बात यह है कि, यह जो करोड़ों का नुकसान होता है, यह सरकार का नहीं बल्कि आम जनता का होता है। संसद की कार्यवाही के लिए जो पैसे खर्च किए जाते हैं, वह आम जनता की कमाई से होता है। सरकार आम जनता से टैक्स के रूप में पैसा वसूल करती है। हर साल की तरह इस साल भी विपक्षी दल मानसून सत्र में हंगामे कर रहे हैं। जिस वजह से रोज कार्यवाही को स्थगित करना पड़ रहा है। 18 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में आज तक ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा, जिस दिन हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही स्थगित न हुई हो। इस साल विपक्षी दल हंगामे करने का कोई भी कारण नहीं छोड़ रहा है। पिछले साल भी ऐसा ही कुछ हुआ। जिस वजह से मानसून सत्र में लगभग 133 करोड़ का नुकसान हुआ है। पिछले साल सदन नहीं चलने से करीब 133 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। यह नुकसान सरकार का नहीं बल्कि करदाताओं का हुआ है। सरकार आम जनता से टैक्स के नाम पर जो पैसा लेती है वही पैसा सदन चलाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पिछले साल संसद के मानसून सत्र में 107 घंटों के निर्धारित समय में से केवल 18 घंटे ही काम किया। जिस वजह से आम जनता को करोड़ों का नुकसान हुआ। पिछले साल मानसून सत्र में लोकसभा में 19 जुलाई से 30 जुलाई तक 54 घंटे काम होना था, लेकिन विपक्षी दल के हंगामे के कारण सिर्फ 7 घंटे ही काम हुआ। वहीं, राज्यसभा में करीब 53 घंटे काम होना था, लेकिन 11 घंटे ही काम हो सका। दोनों सदनों में कुल 107 घंटे काम होना था, लेकिन 18 घंटे ही काम हुआ।

# सत्ता के लिये धार्मिक परम्परायें सर्वोपरि या संविधान की रक्षा?

**यह वह अशोक स्तंभ है स्वरूप है जो भारतीय संविधान के मुख्य पृष्ठ पर अंकित है। और इसी संविधान का अनुच्छेद 51ए प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिये अनेक कर्तव्य सुनिश्चित करता है। और इसी क्रम में यह उल्लेख है कि प्रत्येक नागरिक भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे, भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे तथा व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री द्वारा अशोक स्तंभ के उद्घाटन के समय किया जाने वाला कर्मकाण्ड संविधान की उक्त परिभाषा के अंतर्गत सही था?**





**निर्मल रानी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

पिछले दिनों सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के अंतर्गत भारत के नव निमार्णाधीन संसद भवन पर अशोक स्तंभ की एक विशालकाय विवादित प्रतिमा स्थापित की गयी। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दू रीति रिवाज एवं कर्मकाण्ड के साथ किया। यह वह अशोक स्तंभ है स्वरूप है जो भारतीय संविधान के मुख्य पृष्ठ पर अंकित है। और इसी संविधान का अनुच्छेद 51ए प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिये अनेक कर्तव्य सुनिश्चित करता है। और इसी क्रम में यह उल्लेख है कि प्रत्येक नागरिक भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे, भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे तथा व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री द्वारा अशोक स्तंभ के उद्घाटन के समय किया जाने वाला कर्मकाण्ड संविधान की उक्त परिभाषा के अंतर्गत सही था? इस के अलावा भी भारत के प्रधानमंत्री भारत नेपाल अथवा अन्य किसी देश में किसी मंदिर अथवा धार्मिक आयोजन में शरीक होते हैं तो उनका पहनावा देखकर तो कोई यह कह ही नहीं सकता कि वे किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के प्रधानमंत्री हैं। बल्कि ऐसा प्रतीत होता कि भारत को जिस हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात की जा रही है वह हिन्दू राष्ट्र बन चुका है और यही उस हिन्दू राष्ट्र के पहले प्रधानमंत्री हैं।

दो वर्ष पूर्व राफेल लड़ाकू विमान के पूजा पाठ यहाँ तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा विमान पर निम्बू व हरी मिर्च लटकाने जैसी अंधविश्वासपूर्ण परंपरा का पूरी दुनिया में मजाक उड़ाया गया। क्या इन्हीं अंधविश्वासी कारगुजारियों से संविधान के अनुरूप जनता में वैज्ञानिक और मानववादी चिंतन विकसित किया जायेगा? कभी इसी अंधविश्वासी कुनबे का कोई नेता यहां तक दावा कर बैठता है कि हमारे मंत्रोच्चारण मात्र से चीन की सेना पराजित हो जायेगी। कहीं कांवड़ियों पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पुष्प वर्षा कराई जा रही है और मुख्यमंत्री स्वयं हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रियों का अभिवादन कर रहे हैं। तो कहीं उत्तरांचल के मुख्यमंत्री कांवड़ियों के पैर धोते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू विभिन्न मंदिरों में झाड़ू लगाती नजर आईं। कहीं ब्राह्मण मण्डली द्वारा कथित तौर पर उनका शुद्धिकरण किये जाने के वीडिओ वायरल हुए। प्रधानमंत्री, उनके अनेक मंत्रिमंडलीय सहयोगी तथा अनेक भाजपाई मुख्य मंत्रियों व मंत्रियों से जुड़ी इसी तरह की अनेक खबरें व उनके चित्र अक्सर सामने आते रहते हैं।

परन्तु पिछले दिनों ठीक इसके विपरीत एक समाचार तमिलनाडु राज्य की धर्मपुरी लोकसभा क्षेत्र से प्राप्त हुआ। इस क्षेत्र के लोक सभा सदस्य डॉक्टर सेंथिल कुमारको पी डब्ल्यू डी द्वारा शुरू की जाने वाली एक सड़क परियोजना के शुभारंभ के लिये आमंत्रित किया गया था। विभाग की ओर से अवसर पर भूमि पूजन कराये जाने के उद्देश्य से ब्राह्मणों को भी आमंत्रित किया गया था। समारोह स्थल पर जब सांसद ने पूजा सामग्री सहित ब्राह्मण को मौजूद देखा उसी समय वे आग बबूला हो उठे। उन्होंने सवाल किया कि यहाँ केवल ब्राह्मण ही क्यों? चर्च के फादर इमाम आदि क्यों नहीं? सभी को इसमें शामिल करना चाहिये? उन्होंने निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी सरकारी समारोह में किसी धर्म विशेष के लोगों को न बुलाया जाये। क्योंकि यही तमिलनाडु का द्रविण मॉडल है और मुख्य मंत्री एम के स्टालिन भी यही चाहते हैं। गौर तालाब है कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के किसी भी उद्घाटन समारोह की शुरूआत किसी भी धर्म विशेष के धार्मिक रीति रिवाजों से नहीं की जाती है। बल्कि संविधान उल्लिखित धर्मनिरपेक्ष बिंदुओं का ही पालन किया जाता है। बेशक उत्तर भारतीय राजनीतिज्ञों की नजरों में दक्षिण भारत के केरल व तमिलनाडु जैसे राज्य खटकते रहते हों परन्तु हकीकत यह है कि अपनी इसी संवैधानिक, धर्मनिरपेक्ष व संविधान सम्मत सोच व विचारधारा के चलते ही आज जहां केरल में 0.7 तथा तमिलनाडु में 4.9 प्रतिशत गरीबी है वहीं बिहार, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में क्रमशः 51.9, 37.8 तथा 36.7 प्रतिशत गरीबी है। इन राज्यों में शिक्षा का आंकड़ा भी कम-ओ-बेश इसी अनुपात में है।

प्रायः विभिन्न मंचों पर यह बहस होती ही रहती है कि मानववादी चिंतन तथा वैज्ञानिक व तर्कशील सोच हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगी या फिर धार्मिक रीति रिवाज, उनकी आड़ में पनपने वाले पाखण्ड, दकियानूसी सोच और इसी से जुड़ी वोट बैंक की वह राजनीति जो किसी धर्म विशेष को प्रसन्न कर सत्ता तक पहुँचने में सहायक होती है? इतिहास में यह दर्ज है कि जब गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा उस समय भी वहां मौजूद ब्राह्मण मण्डली वहां उपस्थित हजारों लोगों को यह विश्वास दिलाती रही कि अभी श्लोकों के उच्चारण से गजनवी की सेना तबाह हो जाएगी। परन्तु आक्रांता गजनवी मंदिर का सोना लूट कर ले भागा और सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी। कितना हास्यास्पद है कि आज चीन से लड़ने के लिये फिर से वही भाषा बोली जा रही है? अतीत से हम कोई सबक सीखने के बजाये उसी दकियानूसी व अवैज्ञानिक विचारों को फिर खाद पानी दे रहे हैं? जिस गाय के गोबर और गौमूत्र को पूरे विश्व के किसी भी आधुनिकतम व प्रगतिशील देश में कोई वैज्ञानिक महत्व व मान्यता न दी जा रही हो उस गोबर और गौमूत्र को हम जबरन औषधि यहाँ तक कि अमृत के रूप मान्यता देने के लिये व्याकुल हैं। ऐसे ही अवैज्ञानिक प्रयासों के अंतर्गत कहीं किसी धर्म विशेष का धर्मग्रन्थ स्कूलों में पढ़ाया जाने लगा तो कहीं ज्योतिष विद्या सिखाए जाने का समाचार मिल रहा है। जो कभी दूसरों पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया करते थे उन्होंने अपनी कारगुजारियों को तृप्तीकरण का नाम दे दिया है।

धर्म विशेष के धर्म भीरुओं को हो सकता है यह सब अच्छा भी लग रहा हो। हो सकता है कि किसी को मजार पर चादरें चढ़ाना और इफ़्तार पार्टी से सुकून मिलता हो। परन्तु केरल और तमिलनाडु जैसे जो राज्य धर्म के बजाये वैज्ञानिक सोच को प्राथमिकता देते हों वहां की शिक्षा व आर्थिक सम्पन्नता का स्तर देखकर तो ऑखें खोलनी ही चाहिए। और यह स्थिति यह सोचने के लिये भी काफी है कि आखिर सत्ता के लिये धार्मिक परम्परायें सर्वोपरि हैं या संविधान की रक्षा?

# डिजिटल शासन के नए युग में परास्त होते गरीब

**केंद्रीकृत डेटा डैशबोर्ड नीतियों का आकलन करने, मानवीय गरिमा और अधिकारों तक पहुँचने में जितनी मदद करती है, उतने ही अक्सर तकनीकी खामियां किसी को अधिकारों तक पहुंचने से रोकती भी हैं। चिंता की बात यह है कि इंटरनेट और अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों तक पहुंच के बिना गरीब लोगों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि वे डिजिटल जानकारी प्राप्त करने, ऑनलाइन खरीदारी करने, लोकतांत्रिक तरीके से भाग लेने, या कौशल सीखने और कौशल प्रदान करने में असमर्थ या कम सक्षम हैं। मौजूदा डिजिटल प्रौद्योगिकी की बढ़ती पैठ किसी देश की अधिक सामाजिक प्रगति से जुड़ी है। लेकिन निश्चित समय में बिना ज्ञान या इंटरनेट तक पहुंच के लोग प्रगति के चक्र में पीछे छूट जाएंगे। ये सच है कि इंटरनेट कनेक्टिविटी और आईसीटी उसकी भविष्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पूंजी को बढ़ा मगर इससे उन लोगों के बीच आर्थिक असमानता पैदा होती है।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

सम्मान के साथ जीने का अधिकार एक संवैधानिक अनिवार्यता है। हालाँकि, यह आज शासन में डिजिटल पहल की चचाओं में शायद ही कभी प्रकट होता है। केंद्रीकृत डेटा डैशबोर्ड नीतियों का आकलन करने, मानवीय गरिमा और अधिकारों तक पहुँचने में जितनी मदद करती है, उतने ही अक्सर तकनीकी खामियां किसी को अधिकारों तक पहुंचने से रोकती भी हैं। चिंता की बात यह है कि इंटरनेट और अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों तक पहुंच के बिना गरीब लोगों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि वे डिजिटल जानकारी प्राप्त करने, ऑनलाइन खरीदारी करने, लोकतांत्रिक तरीके से भाग लेने, या कौशल सीखने और कौशल प्रदान करने में असमर्थ या कम सक्षम हैं।

मौजूदा डिजिटल प्रौद्योगिकी की बढ़ती पैठ किसी देश की अधिक सामाजिक प्रगति से जुड़ी है। लेकिन निश्चित समय में बिना ज्ञान या इंटरनेट तक पहुंच के लोग प्रगति के चक्र में पीछे छूट जाएंगे। ये सच है कि इंटरनेट कनेक्टिविटी और आईसीटी उसकी भविष्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पूंजी को बढ़ा मगर इससे उन लोगों के बीच आर्थिक असमानता पैदा होती है जो प्रौद्योगिकी का खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते। प्लेटफॉर्म और ऐप-आधारित समाधान गरीबों को पूरी तरह से सेवाओं से वंचित कर सकते हैं या आगे स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुँच को कम कर सकते हैं। जैसे स्लॉट बुक करना फोन, कंप्यूटर और इंटरनेट के बिना उन लोगों के लिये बहुत कठिन हों सकता है।

तकनीकी प्रगति तक पहुंच और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इसकी समग्र सफलता के बीच सीधा संबंध है। कम डिजिटल गैप वाले देश अधिक डिजिटल गैप वाले देशों की तुलना में अधिक लाभान्वित होते हैं। डिजिटल डिवाइड कम आय वाले बच्चों की सीखने और बढ़ने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। इंटरनेट एक्सेस के बिना, छात्र आज की गतिशील अर्थव्यवस्था को समझने के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल विकसित करने में असमर्थ हैं. लगभग 65 फीसदी युवा विद्वान घर पर इंटरनेट का उपयोग असाइनमेंट को पूरा करने के साथ-साथ चर्चा बोर्डों और साझा फाइलों के माध्यम से शिक्षकों और अन्य छात्रों से जुड़ने के लिए करते हैं। एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि व्यावहारिक रूप से 50 फीसदी छात्रों का कहना है कि वे इंटरनेट से जुड़ने में असमर्थता के कारण या कुछ मामलों में कंप्यूटर खोजने में असमर्थता के कारण अपना होमवर्क पूरा करने में असमर्थ हैं। इससे एक नया रहस्योद्घाटन हुआ है, 42 फीसदी छात्रों का कहना है कि इस नुकसान के कारण उन्हें निम्न ग्रेड प्राप्त हुआ।

अगर हम ध्यान से देखे तो भारत की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का संबंध ‟डिजिटल डिवाइड‟ से है, जो डिजिटल क्रांति के युग के दौरान और फिर भारत में इंटरनेट क्रांति के युग के दौरान बनी रही। ग्रामीण भारत सूचना गरीबी से पीड़ित था और आज भी कहीं न कहीं है। एक तथ्य यह है कि ‟जैसे-जैसे आय बढ़ती है, वैसे-वैसे इंटरनेट का उपयोग भी होता है‟, यह दृढ़ता से सुझाव देता है कि आय असमानताओं के कारण कम से कम आंशिक रूप से डिजिटल विभाजन बना रहता है। आमतौर पर, एक डिजिटल विभाजन गरीबी और आर्थिक बाधाओं से उपजा है जो संसाधनों को सीमित करता है और लोगों को नई तकनीकों को प्राप्त करने या अन्यथा उपयोग करने से रोकता है। शीर्ष पर कुछ लोगों द्वारा सूचना को नियंत्रित किया जाता है जो इसे नीचे वालों तक सीमित रखते हैं। डिजिटल डिवाइड होने पर सोशल मीडिया के युग में राजनीतिक सशक्तिकरण और लामबंदी मुश्किल है। डिजिटल डिवाइड आबादी के अमीर-गरीब, पुरुष-महिला, शहरी-ग्रामीण आदि क्षेत्रों में बनता है।

अंतर को कम करने की जरूरत है, तभी ई-गवर्नेंस के लाभों का समान रूप से उपयोग किया जा सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस की पहल जमीनी हकीकत की पहचान और विश्लेषण करके की जानी चाहिए। सरकार को विभिन्न हितधारकों जैसे नौकरशाहों, ग्रामीण जनता, शहरी जनता, निर्वाचित प्रतिनिधियों आदि के लिए उपयुक्त, व्यवहार्य, विशिष्ट और प्रभावी क्षमता निर्माण तंत्र तैयार करने पर भी ध्यान देना चाहिए। परिवार के कमाऊ सदस्य को काम पर जाते समय फोन साथ रखना होता है। फोन और इंटरनेट तक पहुंच न केवल एक आर्थिक कारक है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है। अगर एक परिवार के पास सिर्फ एक फोन है, तो इस बात की अच्छी संभावना है कि पत्नी या बेटी इसका इस्तेमाल करने वाली आखिरी होगी।

आने वाले दशक में इस बात की खास जरूरत है कि एक ऐसी प्रक्रिया को अस्तित्व में लाया जाए जिससे तकनीकी क्रांति के फायदों को सब तक पहुंचाना मुमकिन हो सके. डिजिटल क्रांति के साथ डिजिटल समावेश होना चाहिए और परिवर्तन के साथ-साथ जनता का सशक्तिकरण भी होना चाहिए। नहीं तो लूट जीतने वालों के पास जाएगी और डिजिटल शासन के इस नए युग में गरीब परास्त बने रहेंगे। ऐसा होना सबका साथ सबका विकास के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से ई-गवर्नेंस भारत जैसे राष्ट्रों के लिए प्रशंसनीय है जहां कई भाषाई पृष्ठभूमि के लोग प्रतिभागी हैं। भारत में ई-गवर्नेंस को गति मिल रही है, लेकिन जन जागरूकता और डिजिटल डिवाइड ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन्हें संबोधित किया जाना है। ई-गवर्नेंस उपायों की सफलता काफी हद तक हाई-स्पीड इंटरनेट की उपलब्धता पर निर्भर करती है, और निकट भविष्य में 5जी तकनीक का देशव्यापी रोल-आउट हमारे संकल्प को मजबूत करेगा। स्कूल/कॉलेज स्तर पर डिजिटल साक्षरता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन को सभी सरकारी स्कूलों में बुनियादी सामग्री के लिए और उच्च कक्षाओं और कॉलेजों में उन्नत सामग्री के लिए प्राथमिक स्कूल स्तर पर डिजिटल साक्षरता शुरू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उच्च डिजिटल साक्षरता से देश भर में कंप्यूटर हार्डवेयर को अपनाने में भी वृद्धि होगी। इसके अलावा, जब ये छात्र अपने परिवार के सदस्यों को शिक्षित करेंगे, तो यह गुणक प्रभाव पैदा करेगा।

# राष्ट्रपति पद को भी दलीय राजनीति में घसीट ही लाई भाजपा

अनिल जैन

अपने देश में राष्ट्रपति का पद प्रधानमंत्री की तरह राजनीतिक नहीं होता है। प्रधानमंत्री देश का भी होता है और किसी दल का भी होता है, लेकिन राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया व्यक्ति अपने निर्वाचन के बाद किसी दल का नहीं रह जाता। अलबत्ता उसकी निष्पक्षता का पलड़ा आम तौर पर सरकार की तरफ ही झुका रहता है। इसके बावजूद सैद्धांतिक रूप से वह दलीय सीमाओं से परे देश का राष्ट्रपति होता है। ओडिशा के आदिवासी समुदाय से आने वाली द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति बन गई हैं। वे देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। प्रतीकात्मक तौर पर यह पूरे देश के लिए गर्व और भारत के अपाहिज होते जा रहे लोकतंत्र के लिए सम्मान की बात है कि बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली सर्वाधिक वंचित समुदाय की एक महिला देश की प्रथम नागरिक बनी हैं। मगर इस गर्व और सम्मान की बात के साथ ही बेहद शर्मनाक बात यह है कि देश की इस प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति को दलीय राजनीति का मोहरा बनाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। इस सिलसिले में द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद निर्वाचित होने की आधिकारिक घोषणा के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी ने उनकी जीत का जश्न मनाते हुए राजधानी दिल्ली सहित देश के कई शहरों में विजयी जुलूस निकाले हैं और देश के आदिवासी बहुल इलाकों में उनकी जीत पर पूर्व नियोजित जलसे हो रहे हैं। राष्ट्रपति के चुनाव में अपने उम्मीदवार की जीत पर भाजपा का विजयी जुलूस निकालना कोई सामान्य घटना नहीं है, क्योंकि इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। ऐसा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि राष्ट्रपति किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद होता है। द्रौपदी मुर्मू जब तक चुनी नहीं गई थीं तब तक वे भाजपा और उसके नेतृत्व वाले गठबंधन यानी एनडीए की उम्मीदवार थीं। फिर उन्हें तो भाजपा और उसके सहयोगी दलों के अलावा कुछ विपक्षी पार्टियों ने भी घोषित रूप से समर्थन दिया था। यही नहीं, जिन विपक्षी पार्टियों ने उनके खिलाफ अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा था, उन पार्टियों के भी कुछ सांसदों और विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बजाय द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया था। ऐसे में उनकी जीत के बाद उन्हें किसी दल के दायरे में कैसे रखा जा सकता है? अपने देश में राष्ट्रपति का पद प्रधानमंत्री की तरह राजनीतिक नहीं होता है। प्रधानमंत्री देश का भी होता है और किसी दल का भी होता है, लेकिन राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया व्यक्ति अपने निर्वाचन के बाद किसी दल का नहीं रह जाता। अलबत्ता उसकी निष्पक्षता का पलड़ा आम तौर पर सरकार की तरफ ही झुका रहता है। इसके बावजूद सैद्धांतिक रूप से वह दलीय सीमाओं से परे देश का राष्ट्रपति होता है। इस बुनियादी बात को भाजपा के नेता भी निश्चित रूप से जानते होंगे लेकिन इसके बावजूद उन्होंने द्रौपदी मुर्मू की जीत पर जुलूस निकाले। आजाद भारत के इतिहास में इससे पहले राष्ट्रपति पद के 15 चुनाव हुए लेकिन किसी भी चुनाव के बाद विजयी जुलूस नहीं निकला, चाहे केंद्र में किसी भी पार्टी या गठबंधन की सरकार रही हो या राष्ट्रपति किसी भी पार्टी से जुड़े रहे हों। पिछली बार यानी 2017 में भी केंद्र में भाजपा की सरकार थी और राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए रामनाथ कोविंद भाजपा के उम्मीदवार थे। वे भी बड़े अंतर से चुनाव जीते थे लेकिन उनकी जीत पर भी विजयी जुलूस नहीं निकाला गया था। यह पहली बार हुआ कि राष्ट्रपति चुनाव के बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने उम्मीदवार की जीत पर जुलूस निकाल कर वैसे ही जश्न मनाया जैसे नेताओं के सांसद, विधायक या निगम पार्षद चुने जाने पर उनके समर्थक जुलूस निकालते हैं। द्रौपदी मुर्मू की जीत पर अगर भाजपा के सामान्य कार्यकताओं ने जुलूस निकाला होता तो उसे उत्साही कार्यकताओं की फौरी प्रतिक्रिया मान कर नजरअंदाज किया जा सकता था लेकिन राजधानी दिल्ली में भाजपा के इस जुलूस की अगुवाई खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। दिल्ली सहित देश के कई शहरों में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए जिन पर नव-निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें छपी थीं। जाहिर है कि जुलूस निकालने और व्यापक पैमाने पर जश्न मनाने की योजना पहले ही बन चुकी थी। यह कहना भी गैरजरूरी है कि यह योजना सत्ताशीर्ष के निर्देश पर या उसकी सहमति से ही बनी होगी। ऐसा मानने या समझने की वजह यह है कि भाजपा ने देश के एक लाख तीस हजार ऐसे गांव चिह्नित किए हैं जो या तो आदिवासी बहुल हैं या जहां आदिवासी आबादी खासी संख्या में है। इन गांवों में द्रौपदी मुर्मू की जीत का जश्न मनाने की योजना है, जिसकी तैयारी पार्टी ने पहले से कर रखी है। भाजपा की स्थानीय शाखाएं जश्न के आयोजन कर रही हैं। यह सही है कि भाजपा ने देश का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने की पहल की और बेहद साधारण परिवार की द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### कोरोना संक्रमित एक मरीज भर्ती

पटना सिटी। एनएमसीएच में कोरोना संक्रमित एक मरीज को भर्ती किया गया है। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि गांधी मैदान के पास का रहने वाला 34 साल के युवा को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट होने पर भर्ती किया गया है। उसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एमसीएच में भर्ती किया गया है। यहां एकमात्र कोरोना का मरीज यही भर्ती है।

### सीपीआई चौक शाखा का सम्मेलन 31 को

पटना सिटी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) चौक शाखा का सम्मेलन 31 जुलाई को होगा। पटना साहिब अंचल परिषद के सचिव देवरत्न प्रसाद ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे दिन बिहार हितैषी पुस्तकालय मंगल तालाब में होगा। सम्मेलन को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सह भाकपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य विश्वजीत कुमार एवं सीपीआई के राज्य कमेटी सदस्य एवं पूर्व पार्षद मोहन प्रसाद संबोधित करेंगे। सम्मेलन के पर्यवेक्षक जयप्रकाश मालाकार एवं प्रभारी सीपीआई पटना साहिब अंचल के सहायक सचिव शंभू शरण प्रसाद होंगे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

बाढ।अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के बुडरा गांव निवासी एक अधेड़ की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो जाने की सूचना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया की मंगलवार की देर रात किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुडरा गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश राय बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। जिनकी इलाज के क्रम में मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इधर मृतकों के परिजनों के बीच मातम का माहौल बना हुआ है।

### शराब मामले के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बाढ़।अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के राजपुरा गांव से शराब मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसआई बजरंगी कुमार ने बताया की पूर्व के शराब बरामदगी मामले में सुजीत कुमार राय पिता उल्लास राय ग्राम राजपुरा आरोपी था। इस कांड में 8 लीटर झारखंड निर्मित देसी शराब बरामद किया गया था।जिसको पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। जिसके उपरांत आगे की करवाई की जा रही है।

# भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय नेताओं का पटना साहिब में कार्यक्रम

## आगमन को महिला कार्यकताओं में उत्साह : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महामंत्री दीप्ति रावत और राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य नीतू गर्ग 28-29 जुलाई को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

भाजपा के पूर्व मंत्री सह पटना साहिब विस क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव ने खाजेकलां सामुदायिक भवन में क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 30- 31जुलाई को पटना में पहली बार आयोजित भाजपा के सात मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यसमिति की संयुक्त बैठक में राज्य के जिन 200 विधानसभा क्षेत्रों को चुना गया है, उसमें पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र का भी चयन कार्यकताओं के लिए गौरव की बात है। श्री यादव ने बताया कि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती दीप्ति रावत और राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य नीतू गर्ग 28 व 29 जुलाई को पटना साहिब में 11 विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। इनमें पांच धार्मिक स्थानों का परिभ्रमण भी शामिल है। 28 आईटीआई, बिस्कोमान कालोनी में बैठक करेंगी और क्षेत्र की महिला कार्यकताओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन करेंगी। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगी। वार्ड 70 में प्रधानमंत्री नामित गरीबों के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं के कम से कम 10 लाभार्थियों से बात कर उनके घर जाएंगी। अपराह्न 4 बजे खाजेकलां सामुदायिक भवन में सोशल मीडिया के प्रभारियों के साथ संवाद होगा। नीतू गर्ग तकनीकी एक्सपर्ट भी हैं। शाम में बड़ी पटनदेवी में पूजा-अर्चना के बाद महापौर सीता साहू के आवास पर वार्ड पार्षदों के साथ बैठक होगी। दूसरे दिन 29 जुलाई को कार्यक्रमों की शुरूआत प्राचीन श्री जल्ला महावीर मंदिर और तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकने से शुरू होगी। श्री यादव ने कहा कि अरोड़ा हाउस में आंगनबाड़ी, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सामाजिक संवाद के बाद वार्ड 61 के मेहंदीगंज पार्क में पौधारोपण करने के बाद अपराह्न ढाई बजे प्रकाशपुंज का भ्रमण करेंगी। इसके निर्माण के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी ने 50 करोड़ दिये थे। राज्य सरकार ने भी राशि प्रदान की है। अपराह्न 4 बजे छोटी पहाड़ी में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद भद्र घाट में आयोजित गंगा आरती में शामिल होंगी। शशाम सात बजे मंगल तालाब स्थित पाटलिपुत्र परिषद भवन में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद निर्धारित है, जिसमें इलाके के प्रमुख चिकित्सक, अधिवक्ता, व्यवसायी, अभियंता एवं प्रभावी मतदाता शामिल होंगे। बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री रूपनारायण मेहता, महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष कांति केसरी, दिनेश पटेल, किरण शंकर, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, विनय केसरी, सुरेश सिंह पटेल, रंजीत कुमार सिन्हा, लल्लू शर्मा सहित मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री व विभिन्न मंच-मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालू लदा ट्रैक्टर से एक महिला को रौंदा

## घटनास्थल पर ही मौत हो गई



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की सुबह लगभग 8:30 बजे एम्स के सामने डीएवी स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ने वाली अपनी बेटी आसना को छोड़ घर वापस लौट रही महिला को एम्स के मुख्य गेट के सामने ही बेलगाम रफ्तार से जा रहे बालू लोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया. महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. वहीं हादसे के बाद वहां आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया. मृतका की पहचान एम्स के नजदीक वाल्मी के पास बृंदावन कॉलोनी रोड नंबर 1 में रहने वाली अनामिका देवी उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई है.मृतका के पति अखिलेश कुमार हाजीपुर के जोनल रेलवे कार्यालय में चीफ ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर तैनात हैं. मृतका को दो ही बच्चियां है, जिनमें 16 वषीर्या आसना डीएवी वाल्मी में पहली कक्षा में पढ़ती है जबकि दूसरी बेटी अभी महज 4 वर्ष की है. इधर दोनों बच्चियों के सर से ममता का साया सदा के लिए उठ चुका था. उधर स्कूल से परिजन बच्ची को घर लेकर चले आये. महज 6 साल की आसना अपनी मां की दुर्घटना में मौत होने की खबर से अनजान विलाप करते परिजनों को देख रोने लगती है. उसे तो यह भी आभास नहीं है कि उसे दुलार प्यार करने वाली मां अब हमेशा के लिए उसे छोड़ कर चली गयी. स्थानीय लोगों ने एम्स रोड को जाम कर जमकर हंगामा किया. स्थानीय लोगों का कहना है कि एम्स गेट पर टेम्पू वाले जाम कर के रखते है. इसी वजह से यहां आए दिन सड़क हादसा होते रहता है. पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को पकड़कर थाने पर ले आई. आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में सी पटना एम्स पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने दो वार्डों में पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन



फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

नगर परिषद के वार्ड संख्या 26 एवं 25 में जनता की मांग पर पार्षद वीणा देवी एवं संजय कुमार बिट्टू की अनुशंसा पर पीसीसी सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बुधवार को नगर अध्यक्ष रूपा कुमारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के समय दोनों वार्डों में मुख्य पार्षद रूपा कुमारी स्वागत महिलाओं ने माला पहनाकर किया। वही मुख्य पार्षद ने वार्ड संख्या 25 के एक गली का जायजा लिया और कहा कि जल्द ही इसका निर्माण जल्द कराया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, राजद नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि शिवू यादव, पार्षद संजय कुमार विट्ठू, महेंद्र प्रसाद, अरुण झा, मोहम्मद बब्लू, श्यामनंदन यादव, प्रो० अवधेश कुमार यादव, विकास कुमार विट्ठू, राजवीर, सचिदानंद प्रसाद, रविन्द्र यादव, प्रमोद कुमार, रंजना गुप्ता, सपना कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शुद्धिकरण स्नान हेतु आये एक ही परिवार के 4 सदस्य उमानाथ घाट पर गंगा नदी में डूबे

बाढ, प्रात : किरण संवाददाता



शहर के उमानाथ मंदिर गंगा घाट पर बुधवार को बरबीघा से शुद्धिकरण स्नान के लिए आए चार लोग स्नान करने के क्रम में गंगा नदी में डूब गए।शुद्धिकरण स्नान के लिए परिवार के कुल 22 लोग वाहन रिजर्व करके बाढ़ के उमानाथ मंदिर आए थे। एक-एक करके चारों डूबते रहे और लोग देखते रहे। किसी भी व्यक्ति ने गंगा नदी की तेज धारा में डूब रहे शख्स की जान बचाने की हिम्मत नहीं की।क्योंकि उनके पास संसाधनों की कमी थी। इस प्रकार एक एक करके सभी गंगा नदी में समाहित हो गए। चारों के डूबने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और आसपास के लोग वहां हजारों की संख्या में जमा हो गए।

स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और डूबने वाले शख्स की तलाश शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक किसी का अता पता नहीं चल पाया था। एक ओर प्रशासन डूबने वाले लोगों के शरीर को खोजबीन करने में जुटी है, वहीं परिवार वालों के बीच कोहराम मचा हुआ है तथा उनका रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि स्थानीय लोगों के शिकायत है कि उमानाथ के घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार के उपाय प्रशासन के द्वारा नही किए जा रहें हैं। उनका कहना है कि उमानाथ के घाट पर भी हरिद्वार, प्रयागराज और बनारस की तरह ही जंजीर का बैरिकेटिंग लगाकर पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए और स्थाई रूप से एक बचाव दल की टीम, चाहे वह एसडीआरएफ की टीम हो या एनडीआरएफ की,यहां पर व्यवस्था की जानी चाहिए। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों में दर्जनों लोग गंगा नदी में डूबने के शिकार हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा हिदायत दी गई है कि सावधानी पूर्वक स्नान करें और गहरे पानी में नहीं जाए, लेकिन दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बात का पता नहीं होता है कि कहां पर कितना गहरा पानी है और धोखे से गहरे पानी में चले जाते हैं।जिसके कारण डूबकर उनकी मौत हो जाती है। बता दें की जिस तरह से लोग डूब रहे है, उसे बचाने के लिए काफी समय था।

यदि घाट पर एसडीआरएफ या एनडीआरएफ की टीम होती तो निश्चित रूप से चारों को बचाया जा सकता था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी देर तक पानी में वे लोग अपनी जान बचाने के लिए चिल्ला रहे थे।अतः जरूरत है बाढ़ नगर प्रशासन की ओर से जल्द से जल्द उमानाथ घाट पर कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था की ओर ध्यान देने की, ताकि गंगा में डूबते हुए लोगों की जान बचाई जा सके।इससे पुलिस तथा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की समय की भी बचत होती और फजीहत भी नही होती। हालांकि स्थानीय पूर्व पार्षद संजू देवी ने बताया कि पिछली बार कुछ स्थानीय लड़कों ने डूबते हुए दो शख्स की जान बचाई थी, जिसके बाद बचानों वालों के साथ ही मारपीट के गयी। इसलिए इस बार कुछ स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए नहीं कूदे। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

बता दें कि डूबने वाले लोग शेखपुरा जिला के बरबीघा के रजौला गांव के हैं। डूबने वाले शख्स मुकेश कुमार के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि मां के मृत्यु के बाद श्राद्ध क्रिया पूर्ण होने के बाद शुद्धिकरण के लिए गंगा स्नान के बाद मंदिर में पूजा पाठ करने हेतु आए थे। उन्होंने बताया कि पहले जब उनकी 17 वर्षीय भतीजी आभा जब डूबने लगी, तो उनके पिता, भाई व उसकी मां तीनों बचाने के लिए गए थे, परंतु वो भी उनके साथ साथ डूब गए।सबसे ज्यादा दुःखद बात ये है कि डूबने वाले सभी शख्स 40 वर्षीय मुकेश, 26 वर्षीय आभा जो नर्स थी, 16 साल की सपना जो पिछले साल 10वीं की परीक्षा दी थी तथा 15 वर्षीय हर्ष, जो नौवीं कक्षा का छात्र था, एक ही परिवार के थे।

# आईडब्ल्यूएआई ने ध्वजारोहण कर गाया राष्ट्रगान



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के 75 साल पूरा होने पर आजादी के अमृत महोत्सव पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के साथ मार्च निकाला गया। इसके पूर्व ध्वजारोहण एवं परेड का आयोजन देशभक्ति गीतों के साथ किया गया। इस आयोजन में राजकीय मध्य विद्यालय, बबुआगंज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भी शामिल किया गया। यह परेड भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, राजा घाट से शुरू होकर गायघाट चौराहा, अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल होते हुए वापस कार्यालय पहुंचा। यहां प्रभारी निदेशक अरविंद कुमार के द्वारा ध्वजारोहण करने के बाद राष्ट्रगान गाया गया। उनके द्वारा सबों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री अरविंद ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व पर लोगों को संबोधित भी किया।

# दो मानव तस्कर गिरफ्तार



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगोल नगर के दानापुर स्टेशन पे गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट पाटलिपुत्र वा सीआइबी, दानापुर की टीम ने संदेहास्पद अवस्था में बच्चों के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया` मालूम हो कि पुलिस ने गिरफ्तार दोनों व्यक्ति को बच्चों को टिकट एवम वीयाईपी गेट के पास देखा गया। शक होने पर उससे पूछताछ किया गया तो ज्ञात हुआ कि दो नसीम अख्तर 25 बर्ष पिता-सेता बुल 2.मोहम्मद ताहिर 19 बर्ष पिता-यूसुफ दोनो ग्राम-गरियाघट थाना केनगर जिला पूर्णिया था।दोनो ने बताया कि वह सभी 10 बच्चों को लेकर मुम्बई जा रहा था। इन सभी को वहां किसी होटल या ढाबा में मजदूरी कराते ,जिसके लिए उसे 7000-8000 तक का पगार मिलता।इस पैसे को मैं लेकर कुछ अपने पास रखता बाकी इनके पिता को भेजता। इसकी सूचना तत्काल बीबीए पटना को दिया गया` इस के बाद सूचना मिलने के बाद पटना के दो कर्मी जितेंद्र कुमार और त्रिपुरारी कुमार सिंह आये और आवश्यक कार्यवाही करने के बाद बच्चों को अपने कब्जे में लिए तथा गिरफ्तार उपरोक्त दोनों मानव तस्कर के विरुद्ध जी आर पी पाटलीपुत्र को सौंप दिया।

### बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ एवं मोकामा थानाध्यक्षों का तबादला

**बाढ़।** थानाध्यक्ष राजनंदन एवं मोकामा थानाध्यक्ष संजीत कुमार सिंह का तबादला कर दिया गया है।बाढ़ थानाध्यक्ष को यहां से हटाकर सीवान में पदस्थापित कर दिया गया है।ज्ञात हो कि इसके पहले बाढ़ थानाध्यक्ष राजनंदन मोकामा के थानाध्यक्ष रहे।और एक लंबे समय तक सेवा प्रदान करने के बाद उन्हें स्थानांतरित कर बाढ़ थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि यहां पर काफी कम समय सेवा देने के बाद ही उनका तबादला सीवान कर दिया गया है।वहीं दूसरी तरफ मोकामा थानाध्यक्ष संजीत कुमार का भी तबादला कर दिया गया है।और उन्हें कोतवाली थाना पटना में पदस्थापित कर दिया गया है। बता दें कि मोकामा थानाध्यक्ष संजीत कुमार पहले बाढ़ थाना में लंबे समय तक अपनी सेवा दे चुके है। कुछ महीने पहले ही उन्हें स्थानांतरित कर मोकामा थाना की कमान सौंपी गई थी।

# हर स्लम में डिजिटल पाठशाला होगा : डॉ प्रकाश



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यावरण जागरुकता को लेकर अभियान ड्रीम नेशन के द्वारा किया गया।इसका उद्घाटन मेयर पद के प्रत्याशी डॉ अजय प्रकाश के द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा कर ही हम सब अपनी सुरक्षा कर सकेंगे। हर किसी की हरियाली और पौधा लगा उसे पेड़ के रूप में विकसित करना चाहिए। इससे वातावरण में आक्सीजन बना रहेगा।इस दौरान बच्चों के बीच डॉ अजय प्रकाश ने पाठ्य सामग्री व टॉफी का वितरण करते हुए कहा कि यही बच्चे हमारे कल के भविष्य हैं। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की जरूरत है। वे हमेशा साथ रहेंगे। पटना में 110 स्लम है, जहां की शिक्षा व्यवस्था में मेयर चुनाव जीतने के बाद डिजिटल पाठशाला खोलने का काम प्राथमिकता वाले कार्य में होगा। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। साथ ही बनाए पेंटिंग भी डॉ प्रकाश को दिया। समारोह को डॉ राजनाथ सिंह, विजय कु चंद्रवंशी, अभय मिश्रा, अमित कु सिंह, सुधांशु गुप्ता आदि ने संबोधित किया। संचालन अमित कुमार सिंह ने किया।

# नीरज से लूटपाट करने वाला छह अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

## देसी कट्टा, 2 गोली, चापड़, लूट का सामान आदि बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए जुटे अपराधियों को आलमगंज थाना की पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। साथ ही 22 जुलाई की आधी रात को बेलवरगंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास हुए लूटपाट की घटना का उद्भेदन भी कर दिया गया है। अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा, दो गोली एक सब्जी काटने वाला चाकू।

चापड़, एक पर्स, जिसमें नीरज कुमार के नाम का आधार कार्ड, पैन कार्ड व 1500 रुपया और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिटी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने आलमगंज थाना परिसर में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार और अपर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार को सूचना मिली कि आयरन कसेरा महात्मा गांधी सेतु पुल के नीचे अपराधी अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हुए हैं। इसके बाद कार्रवाई करते हुए थाना के क्विक मोबाइल एवं गश्ती दल के सहयोग से उक्त स्थल पर जाकर घेरेबंदी कर युवकों को संदिग्ध अवस्था में दबोचा गया। इसमें खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला सीढ़ी घाट का रहने वाला राजीव कुमार उर्फ सूर्या पिता जद्दु राय के पास से एक देसी कट्टा, गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया। आलमगंज थाना क्षेत्र के गुड़ की मंडी रीठी गली का रहने वाला नाबालिग, जो राम महतो के मकान में किरायेदार के रूप में रहता है, उसके जींस पैंट के पीछे पॉकेट से एक पर्स बरामद हुआ, जिसमें नीरज कुमार के नाम का एक आधार कार्ड, पैन कार्ड और पंद्रह 1500 बरामद किया गया। इसी थाना क्षेत्र के बेलवरगंज दुर्गाचरण लेन का रहने वाला नाबालिग के जींस पैंट के पॉकेट से एक जिंदा गोली मिला। इसी तरह खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला नौजर घाट काली मंदिर के पास का रहने वाला दीपक कुमार उर्फ बिट्टू पिता राजेश चौधरी के पास से एक कपड़े में लपेटा हुआ चॉपड़ बरामद किया गया। खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला सीढ़ी घाट का रहने वाला मुन्ना कुमार पिता राधेश्याम राय के जींस पॉकेट से एक धातु का बना हुआ फाइटर पंजा बरामद किया गया। इस संबंध में कांड दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों के द्वारा पूछताछ में बताया गया कि 22 जुलाई की रात में बेलवरगंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास हुए लूटपाट की घटना में भी शामिल थे। पकड़े गए अपराधी गुड़ की मंडी रीठी गली का आपराधिक इतिहास रहा है। इस पर आलमगंज थाना में पांच मुकदमा दर्ज है। दूसरे नाबालिग दुर्गा शरण लेन का रहने वाले पर आलमगंज थाना में चार मुकदमा, तीसरा बड़ी पटनदेवी चौराहा के पास का रहने वाला पर आलमगंज थाना में चार मामला दर्ज है। अन्य अपराधकर्मी दीपक कुमार उर्फ बिट्टू, मुन्ना कुमारऔर राजीव उर्फ सूर्या का अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# एक लड़की को शिक्षित करने से दो परिवार शिक्षित होता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



रोटरी पटना सिटी सम्राट के द्वारा छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन बुधवार को किया गया। यह मार्गदर्शन साइकिल परियोजना के द्वारा प्रोत्साहित किया गया, क्योंकि एक पुरानी कहावत है कि यदि आप एक छात्रा को शिक्षित करते हैं, तो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि दो परिवार शिक्षित होता है।

इस उद्देश्य के साथ रोटरी सिटी सम्राट ने गांधी आर्य कन्या उच्च विद्यालय में लड़कियों के लिए एक कैरियर मार्गदर्शन में मार्गदर्शक के रूप में विगत 35 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ सुशील पोद्दार ने छात्राओं को पढ़ाई, परीक्षाओं एवं प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के मूल मंत्रों की जानकारी दी। उन्होंने अपने पावर प्वाइंट प्रस्तुति से छात्राओं को पढ़ाई कब शुरू करें, कैसे शुरू करें, दैनिक जीवन में क्या करें, क्या न करें, आदि बातों पर प्रकाश डाला। थ्योरी के साथ प्रैक्टिस का क्या महत्व है। पढ़ाई को आदत बनाना एवं लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ने की सलाह दी गई।

खुले सत्र में उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों पर भी सलाह दी और प्रश्नोत्तरी के सही जवाब पर क्लब की ओर से अध्यक्ष ने छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आर्य कन्या विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीलकमल को लड़कियों की शिक्षा में अनवरत योगदान के लिए रोटरी व्यवसायिक सेवा समाज रत्न से कार्यक्रम के चेयरमैन विजय कुमार यादव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव अभिषेक राज, ललित अरोड़ा, कुमुद रंजन, विक्रांत विशाल, जयप्रकाश पाल, बीएन कपूर, प्रमोद कुमार, राम कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नगदी सहित कई सामान ले उड़े चोर

काको। नगर पंचायत स्थित एक घर में दिनदहाड़े चोरों ने घुसकर नगदी एवं अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़ित सीतामढ़ी जिला निवासी ताहिर आलम ने थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है कि वे काको में किराये पर कमरा लेकर रहते है। वह अपने कमरे से साईट पर गए थे और एक-दो घंटे बाद लौटने पर कमरे का दरवाजा टुटा पाया। अंदर जाकर देखा तो बैग में रखे 41000 रुपये नगद और कुछ अन्य सामान गायब मिला।

### मवेशी चराने को लेकर हुई मारपीट एक घायल

मखदुमपुर। पर्यटन थाना वाणावर के परसोना गांव में मवेशी चराने को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया है। घायल युवक परसोना गांव निवासी महेश कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार महेश का परिवार बधार में मवेशी चरा रहा था इसी दौरान उसके परिवार को अलबेला नगर गांव के कुछ लोगों से मवेशी चराने को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनो में मारपीट हो गया। वही मारपीट की घटना में युवक घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया।

# पंच सरपंच का प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन संपन्न

खगड़िया,प्रात : किरण संवाददाता



**कार्यक्रम**
● कन्वेंशन में कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों के प्रति कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई

खगड़िया बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ अलौली का प्रखंड कन्वेंशन ग्राम कचहरी अलौली के सभागार में प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार के अध्यक्षता में किया गया। कन्वेंशन का विधिवत उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। कन्वेंशन में सर्वप्रथम 23 वां कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों के प्रति कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा शहीद जवान अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंच जाएंगे, नारों को बुलंद किया गया।

कन्वेंशन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 5 अगस्त 2022 को राज्यव्यापी आंदोलन के तहत ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में डीएम के सामने धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा तथा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं राज्यपाल के नाम डीएम डॉक्टर आलोक रंजन घोष को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उन्होंने पंच सरपंचों को एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने, सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अधिकार देने, ग्राम कचहरी को सर्व बुनियादी सुविधा संपन्न करने, डेढ 2 वर्षों का लंबित वेतन भुगतान करने, न्याय का प्रतीक पाग देने, प्रशिक्षण देने, पंच सरपंच को वेतन बढ़ाने, घोषणा अनुसार सुरक्षा हेतु लाइसेंसी हथियार देने, विकास हेतु फंड मुहैया करने आदि मांगों पर विस्तार से चर्चा किया गया तथा आंदोलन में अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

कन्वेंशन में शहर बन्नी सरपंच शशिकांत पासवान, इचरुआ सरपंच मीना देवी, मेघौना सरपंच सिद्धार्थ कुमार, हरिपुर सरपंच रंजीत कुमार, बांध चातर सरपंच शंकर राम, गोरियामी सरपंच दिलीप कुमार दीपक, पंच आरिफ खान , बहादुरपुर सरपंच पशुपति पटेल, सरपंच प्रमोद यादव, सिमराहा सरपंच अनुज यादव, उमाकांत आदि ने बिहार सरकार एवं पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी के सोतेला पन व्यवहार के खिलाफ आड़े हाथों लेते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

धन्यवाद ज्ञापन अलौली सरपंच रंजू कुमारी ने किया। कन्वेंशन में मांगों के बाबत एकजुटता का इजहार करते हुए जमकर नारे लगाए।

### सोनिया व राहुल की छवि खराब करना चाहती है सरकार : कांग्रेस

**जहानाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा की जा रही कार्यवाही के विरोध में देशव्यापी सत्याग्रह धरना का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा महात्मा गांधी के मूर्ति के समक्ष जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता प्रोफेसर भूषण कुमार सिंह के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि आज पूरे देश में केंद्र के सरकार द्वारा विपक्ष को ईडी और सीबीआई के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से घबरा गई है, इसलिए भाजपा उनकी छवि खराब करना चाहती है। देश में व्यापक अराजकता का माहौल कायम हो गया है। भाजपा के मंत्री, सांसद व विधायक द्वारा किया जा रहे घोटाले की जांच नहीं की जा रही है। नेताओं ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है। लोग परेशान हैं, युवा बेरोजगार है, सरकारी संपत्ति बेची जा रही है और कारपोरेट मालामाल हो रहा है। इस ओर देश की जनता का ध्यान नहीं जाए, इसलिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर कार्रवाई कर ध्यान भटकाने का काम हो रहा है। सत्याग्रह आंदोलन में कांग्रेस नेता प्रवीण शर्मा, प्रेम कुमार, रामजी प्रसाद, सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया।

# 'प्रदूषण से निपटने के लिए बनेगा डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान'

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



सभी तरह के प्रदूषण से निपटने के लिए जिले में डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार किया जायेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से संबंधित डाटा संकलन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार हो जायेगा, जिससे सभी प्रकार के प्रदूषण से निपटा जा सकेगा। इस निमित जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आरएसपी ग्रीन डेवलपमेंट एण्ड लेबोरेटिज प्रा0 लि0, हावड़ा के पर्यावरण विशेषज्ञ, अमित पोद्दार, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, मुजफ्फरपुर के वैज्ञानिक, शिव शंभु प्रसाद आदि के साथ समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी।

समीक्षा के क्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ, अमित पोद्दार द्वारा बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार करने हेतु खनिज, वन, नगर निकाय, पंचायत राज, उद्योग, लोक स्वास्थ्य, लघु सिंचाई आदि विभागों से डाटा संकलन किया जाना है। इसके पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जायेगी जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में सभी तरह के प्रदूषण से निपटने के लिए डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान बेहद कारगर साबित होगा। यह बेहद महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि इससे सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक व ई-वेस्ट, इंडस्ट्रियल वेस्ट, घरेलू सीवरेज, ध्वनि प्रदूषण, बॉयो मेडिकल वेस्ट आदि के साथ-साथ जल एवं वायु प्रदूषण से निपटने में सहायता मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि एक महीना के अंदर सभी डाटा संग्रहित हो जाना चाहिए। डाटा संग्रहण में पारदर्शिता बरती जाय। जो फैक्ट है, उसे अवश्य दशार्या जाय ताकि उसी के अनुरूप डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार किया जा सके।

# बारिश नही होने से अन्नदाता परेशान



सुपौल ,प्रात : किरण संवाददाता

पर्यायवरण असंतुलन की वजह से कभी कम वृष्टि तो कभी अत्यधिक वृद्धि से कही बाढ़ तो कही सुखाड़ से आम जनजीवन को जूझना पड़ता है, यू तो कोशी के इलाके में इस मौसम में हर साल बाढ़ की आफत से लोगो को जूझना पड़ता था, लेकिन इस बार बारिश कम होने से सुखाड़ की स्थिति आ गयी है, पिछले पांच वर्ष की तुलना में इस वर्ष जुलाई में संबसे कम बारिश हुई है, जिसका सीधा असर इलाके के अन्नदाताओं पर पड़ा है, इलाके में मानसूनी बारिश नही होने से किसान मजबूरन पम्पसेट के सहारे धान की रोपनी करने में लगे हैं, इस प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर किसानों ने सरकार से मांग कि है कि किसी तरह धान की रोपनी तो कर रहे है यदि समय से डीजल अनुदान राशि एवं उचित मूल्य पर खाद कि व्यवस्था हो जाती तो किसानी में सहूलियत होती ।

### दो पक्षों में हुई मारपीट में 3 घायल

**मखदुमपुर।** बुधवार को बिशुनगंज ओपी क्षेत्र के महंगोपुर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में महंगोपुर गांव निवासी लालू कुमार, चंद्रमणि यादव एवं इंद्रजीत यादव बताए जाते हैं, जिसमें गंभीर रूप से घायल लालू कुमार को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार महंगोपुर गांव में लालू यादव के परिवार के लोग बुधवार को अपने खेत का जोताई कर रहे थे। तभी पड़ोसी आकर एकाएक हमला कर दिया, जिसमें 3 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए मखदुमपुर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लालू कुमार को विशेष इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घायलों ने बताया कि पड़ोसी से पूर्व में मवेशी चराने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें बुधवार को एकाएक हमला कर घायल कर दिया। मामले में प्राथमिकी के लिए थाने में आवेदन दिया गया है।

# डीसीएम ट्रक से 2175 लीटर शराब जप्त चालक गिरफ्तार



कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय थाना क्षेत्र के डिलखिली टोल प्लाजा के मुसहर टोली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्पाद विभाग एवम एंटी लिकर की टीम के द्वारा एक ट्रक से 2175 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। वहीं शराब को लेकर जा रहे ट्रक चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस के द्वारा शराब सहित ट्रक और चालक को दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताते चलें कि उत्पाद विभाग एवम एंटी लिकर की टीम के द्वारा डिडखिली टोल प्लाजा के पास शराब चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच उत्तर प्रदेश की तरफ से बिहार में प्रवेश कर रहे एक डीसीएम ट्रक को उत्पाद विभाग एवम एंटी लिकर टीम के द्वारा रोक कर चेक किया गया तो उसमें मैंगी के नीचे छिपाकर शराब रखा गया था। जिसके बाद ट्रक एवं चालक को शराब के साथ दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर ट्रक की विधिवत तलाशी ली गई तो उसके अंदर से 2175 लिटर शराब को पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने ट्रक के साथ उसके चालक आंसू पिता जुम्मा खाँ ग्राम सिवाना गुठदिया, थाना किशनगढ़ बॉस जिला अलवर को एक मोबाईल और 1400 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# भागलपुर :कायाकल्प व एनक्वास को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता



सदर अस्पताल के विक्टोरिया भवन में बुधवार को कायाकल्प और एनक्वास (नेशनल क्वालिटी स्टैंडर्ड) की तैयारी को लेकर सभी आठ अरबन पीएचसी के प्रभारियों और एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. उमेश कुमार शर्मा, डीएचएस के डॉ. प्रशांत कुमार, केयर इंडिया के डीटीओ फैसिलिटी डॉ. राजेश मिश्रा, दयानंद मिश्र मौजूद थे। कायाकल्प और एनक्वास को लेकर प्रशिक्षण देने का काम डॉ. प्रशांत और डॉ. राजेश मिश्रा ने किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रभारियों और एएनएम को बताया गया कि कायाकल्प के निरीक्षण की तैयारी किस तरह से करनी है। साफ-सफाई से लेकर ऑपरेशन थियेटर और लेबर रूम को किस तरह से व्यवस्थित करनी है, इस बारे में जानकारी दी गई। मालूम हो कि कायाकल्प को लेकर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों का जल्द ही निरीक्षण होना है। सिविल सर्जन डॉ. उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि पिछली बार कायाकल्प में भागलपुर के 11 प्रखंड के अस्पतालों और 6 शहर के अस्पतालों ने बेहतर किया था। इस बार भी बेहतर करने की उम्मीद है। साथ ही एनक्वास को लेकर भी बेहतर तैयारी करनी है। एनक्वास में बेहतर करने पर जिले के अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ जाएंगी। इसका लाभ अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ यहां काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को भी होगा। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि पिछले बार तो बेहतर अंक मिला था, इस बार कैसे बेहतर करना है, इस बारे में बताया गया। खासकर लेबर रूम और ओटी की व्यवस्था मानक के मुताबिक कैसी होनी चाहिए। यह बताया गया। जहां भी सुधार की गुंजाइश है, उस बारे में ध्यान दिलाया गया। इसके साथ-साथ अब एनक्वास की विजिट पर भी फोकस करने पर ध्यान देने के लिए कहा गया। कुल मिलाकर कायाकल्प को लेकर जिले के अस्पतालों की तैयारी अच्छी है, लेकिन एनक्वास की विजिट को लेकर अभी और बेहतर तरीके से तैयारी करनी है, इस बारे में बताया गया।

एनक्वास पर किया जाएगा फोकसः डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि जिले के अस्पताल लक्ष्य और कायाकल्प में पहले से बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। अब एनक्वास पर फोकस करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान कही गई बातों को अमल में लाने के लिए सभी अस्पतालों के प्रभारियों और एएनएम को कहा गया है। सभी अरबन पीएचसी की सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसे और बेहतर किया जाएगा, ताकि कायाकल्प और एनक्वास के मानकों पर भी अस्पताल खरा उतरे।

### योगियां में स्कूली छात्राओं की कजरी गाते ही उमड़े बादल व होने लगी जोरों की बारिश

**रसूलपुर।** हरे रामा कृष्ण बने मनिहारी पहन लिये साड़ी हो रामा.....। समवेत स्वर में स्कूली छात्राओं की यह कजरी सुन न केवल उपस्थित श्रोता दर्शक ही झूमे बल्कि इंद्र भगवान भी खुश हुए और उमड़ घुमड़ कर पानी बरसने लगा। मौका था रसूलपुर थाना की असहनी पंचायत स्थित योगियां हाईस्कूल में चहारदिवारी उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम। विद्यालय प्रधान लालबाबू यादव के नेतृत्व में संगीत शिक्षिका अर्चना मैम ने अपनी छात्राएं शिल्पी, निक्की, पलक, रेशमा आदि के संग स्वागत गान से लेकर एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति की जिसकी सराहना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कजरी गायन आकर्षण का केन्द्र रहा। गायन के बाद झमाझम हुई बारिश देख सभी ने कहा कि कजरी एक बरसाती गीत है जिसे सुन प्रकृति भी खुश हो जाती है। समारोह में सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव, स्थानीय राजद विधायक श्रीकांत यादव ,मुखिया अखिलेश यादव आदि ने कहा कि बच्चों में असीमित प्रतिभाएं होती हैं ।

# पालीगंज पुलिस ने किया 313 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



पालीगंज, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को पालीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के बड़की पैपुरा गांव स्थित निजी विद्यालय से 313 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को पालीगंज पुलिस को थाना क्षेत्र के बड़की पैपुरा गांव स्थित एक निजी विद्यालय में भारी मात्रा में शराब छुपाए जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना पाकर पुलिस ने बड़की पैपुरा गांव पहुंची व उस विद्यालय में छापेमारी किया। उस समय विद्यालय बन्द था। लेकिन जब पुलिस ने विद्यालय की कमरे की तलाशी लिया तो शराब की काटुर्ने पाई। जिसे शराब को जप्त कर पुलिस ने थाने लाई। इस सम्बंध में पालीगंज इंस्पेक्टर विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अलग अलग लेबल के कुल 313 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह:जिले भर में चलेगा जागरूकता अभियान

लखीसराय, प्रात : किरण संवाददाता

● राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन दिए निर्देश

जिले में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए 01 अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इस सप्ताह को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान स्तनपान कराने से होने वाले फायदे समेत अन्य जानकारियाँ दी जाएगी और घर-घर जाकर लोगों को स्तनपान कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ताकि सामुदायिक स्तर पर लोगों को स्तनपान से होने वाले फायदे की जानकारी मिल सके और स्तनपान सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन सुनिश्चित हो सके। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर प्रदेश के सभी सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ हीं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सारी तैयारियाँ 01 अगस्त के पूर्व ही कर लेने को कहा है। सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया, शिशु के सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जन्म के पश्चात छः माह तक सिर्फ और सिर्फ माँ का दूध जरूरी है। इससे शिशु का ना सिर्फ शारीरिक और मानसिक विकास होता बल्कि, रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिलती , जो संक्रामक बीमारी से बचाव करता है। इसलिए, सभी शिशु को जन्म के पश्चात छः माह तक सिर्फ और सिर्फ माँ का ही दूध पिलाएं। इसके बाद ही ऊपरी आहार देना शुरू करें। इसके अलावा पुराने ख्यालातों और अवधारणाओं से बाहर आकर जन्म के एक घंटे के अंदर ही बच्चे को दूध पिलाना शुरू कर दें। माँ का यह गाढ़ा-पीला दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है। वहीं, पूरे सप्ताह शिशु के पोषण का आधार है, माँ का दूध ही सर्वोत्तम आहार है...समेत अन्य नारे के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। शिशु को जन्म के पश्चात छः माह तो सिर्फ माँ का दूध ही सेवन तो जरूरी है ही, इसके बाद भी कम से कम दो वर्षों तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान भी जरूरी है। तभी शिशु का सर्वांगीण शारीरिक, मानसिक विकास और स्वस्थ शरीर का निर्माण होगा। साथ ही रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिलेगी और संक्रामक रोग से भी दूर रहेगा। इसलिए, स्तनपान कराने वाली सभी माताओं को पुराने ख्यालातों और अवधारणाओं से बाहर आकर दो वर्षों तक अपने शिशु को स्तनपान कराना चाहिए।

# जहानाबादः शॉर्ट सर्किट के कारण एटीएम में लगी आग

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

● धुक धुक कर जला एटीएम

जहानाबाद जिले के घोसी बाजार में बुधवार की करीब 9:30 सुबह बजे शॉर्ट सर्किट के कारण पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में अचानक आग लग गई। और एटीएम से धुआं निकलने लगे जब बैंक खोलने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी पहुंचे तो देखा कि एटीएम से धुआ निकल रहा है। इसकी सूचना अग्निशामक विभाग को दिया गया मौके पर अग्निशामक के गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया है। इस घटना की सूचना कर्मचारियों द्वारा बैंक प्रबंधक को दिया ।

मौके पर बैंक प्रबंधक पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए हैं ।बैंक प्रबंधक प्रेम कुमार का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। जिसमें एटीएम के कई सामान जलकर नष्ट हो गए उन्होंने कहा कि लगभग ₹500000 नगद एटीएम में रखा हुआ था। लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि पैसा सुरक्षित है। एटीएम के देखने वाले तकनीकी के इंजीनियर को बुलाया जा रहा है ।

उसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा आग लगने का कारण क्या और आग कैसे लगी लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण ही आग लगी है । मौके पर अग्निशामक की गाड़ी पहुंच कर आग पर काबू पा लिया हैं। लेकिन जिस तरह से एटीएम में अचानक आग लगी उससे पूरे बैंक परिसर एवं सड़क पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया ।भारी संख्या में बाजार के लोग इकट्ठे हो गए। आग की लपटे इतनी तेज थी अग्निशामक विभाग के कर्मचारियों को आग पर काबू पाने के लिए लगभग 1 घंटे काफी मकसद करना पड़ा है। इसके बाद आग पर काबू पाया गया है।

# डेंगू से घबराने की जरूरत नहीं, इसे लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत

बांका, प्रात :किरण संवाददाता



बारिश का मौसम चल रहा है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव भी हो रहा है। ऐसे मौसम में डेंगू का भी खतरा बढ़ जाता है। अभी के समय में इसे लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत है। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. बीरेंद्र कुमार यादव कहते हैं कि डेंगू से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इससे बचने की जरूरत है। कैसे डेंगू से बचे रहें, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। डेंगू के लक्षण की जानकारी बहुत लोगों को है और इससे कैसे बचा जाए, यह भी जानते हैं। दिन में मच्छर काटने से यह बीमारी होती है, इसलिए इससे बचाव पर फोकस करना चाहिए। डेंगू के सिर्फ गंभीर मरीजों को ही भर्ती करने की जरूरत पड़ती है।

डॉ. यादव ने बताया कि डेंगू के कुछ गंभीर लक्षण हैं। जैसे आंखों के पीछे दर्द होना, हड्डियों के जोड़ों पर भयानक दर्द होना और मच्छर के काटने पर लाल चकते होना। डेंगू के गंभीर मरीज का प्लेटलेट्स काफी कम हो जाता है, इसलिए उसे भर्ती करना पड़ता है। इसके अलावा सिर में दर्द होना, तेज बुखार होना जैसे लक्षण सभी को मालूम हैं। डेंगू से बचाव में सफाई है रामबाण इलाज। अगर सफाई रहेगी तो न कूलर में पानी जमा रहेगा और न ही नारियल के खोली में। साफ रहने पर सभी कुछ खत्म रहेगा। इसलिए नियमित तौर पर सफाई पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा शरीर को पूरी तरह से ढकने वाला कपड़ा पहनें। शरीर का जो हिस्सा ढका नहीं है, उस पर मच्छर भगाने वाला क्रीम लगाएं। साथ ही मच्छरदानी का प्रयोग करें। ऐसा करते रहने से डेंगू से बचे रहेंगे। डॉ. बीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं।

त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक- मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्त्राव होना और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल सदर अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। डॉ. यादव ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर डॉक्टर से संपर्क करें। वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी आरिफ इकबाल ने कहा कि डेंगू से बचने के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।

घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें। गमला, फूलदान का पानी हर दूसरे दिन बदल दें। घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी सतर्कता जरूरी है। मॉल व दुकान चलाने वाले लोग भी खाली जगहों पर रखे डिब्बे और कार्टनों में पानी जमा नहीं होने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें।

### बथुआ बाजार मुख्य पथ बारिश से हुई झील में तब्दील, बढ़ी परेशानी

**गोपालगंज ।** जिले के फुलवरिया प्रखंड का भागीपट्टी समउर-मीरगंज मुख्य पथ का बथुआ बाजार हल्की बारिश में भी झील में तब्दील हो जाता है। और उक्त पथ से गुजरने वाले लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है. मंगलवार की देर शाम व बुधवार की अहले-सुबह हुई बारिश के कारण उक्त पथ पर झील का नजारा दिख रहा था। बथुआ बाजार मुख्य पथ से जुड़े उक्त सड़क में सबसे बुरा हाल पेट्रोल पंप से लेकर बड़ी मस्जिद के निकट है। जहां गड्ढ़े में तब्दील सड़क के उपर दो से तीन फीट पानी जमा है। अन्य दिनों में भी वहां कीचड़ युक्त पानी से ही लोगों को गुजरना पड़ता है। जिसके कारण यदा-कदा साईकिल एवं बाईक सवार को दुर्घटनाग्रस्त होना लगा ही रहता है। यातायात का दशकों का दंश झेल रहे बाजार वासियों की मानें तो विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण ही यह स्थिति बरकरार है। बरसात के दिनों में इस मुख्य पथ पर पैदल चलना भी मुश्किल।

# डायरिया प्रबंधन जरूरी, आशा बाँट रही हैं घर-घर ओआरएस के पैकेट

अमरेन्द्र कुमार मिश्र

**आरा।** बदलते मौसम में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। डायरिया के कारण बच्चों और वयस्कों में अत्यधिक निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने से समस्याएं बढ़ जाती एवं कुशल प्रबंधन के अभाव में यह जानलेवा भी हो जाता है। इसके लिए डायरिया के लक्षणों के प्रति सतर्कता एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर इस गंभीर रोग से आसानी से बचा जा सकता है। डायरिया के लक्षण दिखते ही मरीज तथा उसके घरवालों को सजग हो जाना चाहिए।प्राथमिक उपचार के रूप में ओआरएस का घोल दिया जा सकता है जिससे निर्जलीकरण की स्थिति से बचा जा सके। अगर मरीज को इससे राहत न मिले तो बिना विलम्ब किये तुरंत मरीज को चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। ताकि शीघ्र इलाज की समुचित व्यवस्था हो सके। इसमें विलम्ब जानलेवा साबित हो सकता तथा डायरिया से मरीजों की मृत्यु भी हो सकती है।

**ज्यादा घरेलु उपचार से बचें :**

एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि डायरिया के लक्षण यदि ओआरएस के सेवन के बाद भी रहे तो अविलम्ब मरीज को डॉक्टर के पास ले जाएँ तथा उचित उपचार कराएं। उन्होंने बताया कि नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए तथा चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए।जिले में डायरिया से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण उपचार में की गयी देरी होती है। उन्होंने बताया कि जिले में डायरिया के बेहतर प्रबंधन तथा जनमानस में इसके लिए जागरूकता फैले इसके लिए जिले की आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आशा घर घर जाकर ओआरएस के पैकेट का वितरण कर रही हैं। साथ ही, रोग से बचाव तथा उसके लक्षणों के बारे में पूरी जानकारी लोगों को दे रही हैं।

**क्या है डायरिया :**

डायरिया मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं। पहला एक्यूट वाटरी डायरिया, जिसमें दस्त काफी पतला होता एवं यह कुछ घंटों या कुछ दिनों तक ही होता है। इससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) एवं अचानक वजन में गिरावट होने का खतरा बढ़ जाता है। दूसरा एक्यूट ब्लडी डायरिया जिसे शूल के नाम से भी जाना जाता है। इससे आंत में संक्रमण एवं कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। तीसरा परसिस्टेंट डायरिया जो 14 दिन या इससे अधिक समय तक रहता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण एवं गैर-आंत के संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। चौथा अति कुपोषित बच्चों में होने वाला डायरिया होता है जो गंभीर डायरिया की श्रेणी में आता है। इससे व्यवस्थित संक्रमण, निर्जलीकरण, ह्रदय संबंधित समस्या, विटामिन एवं जरूरी खनिज लवण की कमी हो जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### विषैले सांप के काटने से छात्रा की मौत

भभुआ। भगवानपुर थाना क्षेत्र के कोचाडी गांव में बुधवार को तीन बजे भौर में कमलेश बिंद के पुत्री नीलम कुमारी को विषैले सांप काटने से इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भभुआ लाया था। मृतक नीलम कुमारी के परिजनों से स्थानीय नगर परिषद भभुआ निवर्तमान सभापति सह बसपा एवं बिहार प्रदेश वैश्य नेता जैनेंद्र कुमार आर्य उर्फ जानी ने सदर अस्पताल में मुलाकात किया। जैनेंद्र कुमार आर्य सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में बच्ची की मौत पर सदर अस्पताल के व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है।

### कैमूर: विजेता टीम राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेगा

भभुआ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित सुब्रतो मुखर्जी अंदर 17 फुटबाल बालक / बालिका का आयोजन पटना में किया जाना है। इसके आलोक में भभुआ कैमूर के जगजीवन स्टेडियम में उपरोक्त प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु जिले के टीम का चयन कर दिनांक 28,07,2022 को भभुआ में किया जाना है। उपरोक्त प्रतियोगिता में व 17 बालक /बालिका वर्ग के विद्यालय के टीम भाग लेगी एवम विजेता टीम को पटना में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। इस आशय की जानकारी जिला खेल मीडिया प्रभारी डा तुलसी प्रसाद ने दी।

# जदयू के प्रदेश सचिव मनोनीत हुए चंदन यादव

गया, प्रात : किरण संवाददाता



गया जनता दल यूनाइटेड बिहार के नव गठन में डॉ. चन्दन कुमार यादव को प्रदेश सचिव मनोनीत होने के बाद डॉ. यादव के बिहार के कई जिलों के समर्थकों ने जनता दल यूनाइटेड, बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा जी के पटना आवास पर जा कर प्रदेश अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र दे कर अभिनंदन किया। डॉ यादव के साथ सैंकड़ो कार्यकर्ता आज पटना पहुँच कर जदयू प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया, आभार कार्यक्रम में जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जदयू एक पार्टी नहीं परिवार है और इसके हर एक सदस्य महत्वपूर्ण है साथ हीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आपको जो जिम्मेदारी दी गयी है वो एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि आप इसका सफल निर्वाहन करेंगे और दल को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

डॉ यादव ने पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि हम जनता दल यूनाइटेड, बिहार के विगत 16 वर्षों में पार्टी के सदस्य रह कर बिहार के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी के विकासवादी सोच के साथ अनुयाई बन कर चल रहें है और बिहार के विकास में अपना योगदान कर रहा हूँ, विगत 16 वर्षों में पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दिया हमने अपना शतप्रतिशत देने का काम किया है और निरंतर देते रहूँगा और इस बार पार्टी ने बहुत बड़ी जिम्मेदारी प्रदेश सचिव बना कर दिया है, इसके लिए हम बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार का विशेष आभार व्यक्ति करते है, साथ हीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय उमेश सिंह कुशवाहा जी, पार्टी के संसदीय बोर्ड अध्यक्ष आदरणीय श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी और पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद आदरणीय श्री वशिष्ठ नारायण सिंह जी के साथ पुरी पार्टी का हृदय से आभार व्यक्त करते है साथ ही यह विश्वास दिलाते है कि जिस विश्वास के साथ हमें पार्टी ने यह जिम्मेदारी दिया है उसका हम शतप्रतिशत निर्वाहन करते हुए पार्टी को मजबूत करेंगे और अपने आदर्श और नेता आदरणीय नीतीश कुमार जी के हाथों को मजबूत करते हुए उनके संकल्प के अनुरूप बिहार के विकास में योगदान करते रहेंगे।

इस आभार कार्यक्रम में गोर लाल यादव, आदि बिहार के कई जिलों से आये सैंकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया और जदयू प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से पूरी पार्टी का आभार व्यक्त किया।

**आभार कार्यक्रम**

● प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि दल को मजबूत करने में आप (डॉ. चन्दन कुमार यादव) अपनी अहम भूमिका निभाएंगे

### दंपती को घायल कर सोने की चेन छीनी

**गोपालगंज।** जिले के थावे थाना के बगहा सैदा गांव में जमीन विवाद में मारपीट में दंपती घायल हो गए। इस मामले में सरवर अली के बयान पर जियाउल सहित चार नामजद व दस अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। सरवर अली ने उनके साथ उनकी पत्नी को भी गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर गले से सोने की चेन छीन लेने का आरोप लगाया है।

### मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। घायलों में भगवानपुर गांव के सदीक मियां, सोनवलिया गांव की रीता देवी, बामों गांव की बिना देवी तथा जगदीशपुर गांव के कमरुद्दीन मियां शामिल हैं। घायलों का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

### जब्त किए गए ओवरलोडेड तीन ट्रक

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को स्टेट हाईवे 90 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोडिंग के आरोप में बालू लदे ट्रकों को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने बताया कि जब्त ट्रकों के चालकों के विरुद्ध जुमार्ना के लिए जिला परिवहन कार्यालय को अग्रसारित किया गया है।

# संतोष कुमार मल्ल पहुंचे अजगैबीनाथ धाम,लिया व्यवस्था व मेला का जायजा



सुलतानगंज, प्रात :किरण संवाददाता

(भागलपुर)। अजगैबीनाथ धाम श्रावणी मेला को लेकर लगातार बिहार सरकार व उनके प्रतिनिधि का तांता लगा हुआ है। बुधवार को प्ररर्यटन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल अपनी सुरक्षा टीम के साथ सुल्तानगंज स्थित मारवाड़ी युवा मंच पहुचने है। जहां पर डीएम सुब्रत कुमार सहित अन्य अधिकारीयों ने बुके देकर स्वागत किये। इस दौरान प्ररर्यटन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने अजगैबीनाथ धाम के जहाज घाट में बने नमामि गंगे घाट का सहित कच्ची कांवडिया पथ का निरक्षण कर जायजा लिया है। इस दौरान सासंद प्रतिनिधि पवन केसान ने श्रावणी मेल क्षेत्र के तमाम समस्याओं के बारे मे जानकारी देते हुये कहा कि सुलतानगंज रेलवे स्टेशन बनने के दौरान गौतमबुद्ध कि प्रतिमा बनाये जाने की मांग की साथ ही उन्होंने बताया कि जो उनकी स्मृति स्थापित है उस तरह का प्रतिमा क्षेत्र में बनवाने कि मांग की है। इस दौरान प्रधान सचिव ने विशेष श्रावणी मेला की ओर बेहतरीन व्यवस्था को लेकर अपनी संतुष्टि कि बात कही हैं। इस दौरान प्ररर्यटन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने मिडिया को बताया कि बटेश्वर स्थान में मुख्यमंत्री द्वारा विगत समय में उदघाटन के दौरान कांवड़िया कि सुविधाओं को विस्तार से बताया गया हैं। जो गंगा घाट सहित कच्ची कांवड़िया पथ मे सफेद बालु बिछाये गये हैं।उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला एक महिने का मेला लगता हैं, इसी तरह मेला चलता रहे इसी को लेकर निरक्षण करने पहुचे हैं। श्रावणी मेला ओर बेहतर हो इसके लिये जिला प्रशासन सहित अन्य अधिकारीयों से बातचीत कि जा रही हैं। श्रावणी मेला प्ररर्यटन के रूप मे चल रही है। वही कांवड़िया संघ की ओर बेहतरीन सुविधा दी जा रही है। इसके लिए बिहार सरकार एंव केन्द्र सरकार द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान एसडीओ धन्नजय कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी अभीनव कुमार,सीओ शंभुशरण राय,विडिओ मनोज कुमार मुर्मू, कोतवाली थानाध्यक्ष सह मेला प्रभारी रामप्रित कुमार,सहित अन्य अधिकारी मौजुद थे।

# विधायक ने निर्मित दो पथों का किया अनावरण

अगिआंव, प्रात : किरणसंवाददाता



विधायक मनोज मंजिल ने पोसवां में मध्य विद्यालय से जवाहर लाल के घर होते हुए चासी रोड तक निर्मित पीसीसी पथ तथा ग्राम-खेंडी में बजरंगी रजक के घर से शिव स्थान के मैदान होते हुए काली स्थान तक निर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया।उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि यह रास्ता सालों से जर्जर था,लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था,बरसात में स्थिति नारकीय हो जाती थी,पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। विधायक निधि से 14,80,900 रुपये की लागत से पोसवां और खेंडी में 13,56000 रुपये की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया।उक्त पथ बन जाने से जनता को होगी सहूलियत। कोरोना के नाम पर नीतीश-भाजपा सरकार ने सभी विधायकों का 2-2 करोड़ रुपया काट लिया,उन पैसों को कहां खर्च किया गया इसकी जानकारी नहीं दी गयी और ना ही अस्पतालों में कोई विकास दिख रहा है। इस अवसर पर भाकपा-माले प्रखण्ड सचिव रघुवर पासवान, विधायक प्रतिनिधि जय कुमार यादव, माले नेता उदय पाल, राजद प्रखंड उपाध्यक्ष जवाहर लाल यादव उर्फ साधु जी,चंदेश्वर मास्टर, नागेंद्र यादव, भुलेटन पासवान, नंदजी यादव, प्रेमचंद रजक, वकील शर्मा, सियासन ठाकुर, रामचरण सिंह, भुलेटन चौधरी, माशूक अली चंदन कुमार उपस्थित थे।

### विद्युत उर्जा चोरी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

**गडहनी।** कनीय विद्युत अभियंता विद्युत प्रशाखा गडहनी रवि शंकर शर्मा के नेतृत्व मे विद्युत चोरी के विरूद्ध टीम गठित कर चरपोखरी थाना क्षेत्र के गडहनी महाजन टोली मे छापामारी की गई। जिसमे विद्युत उर्जा चोरी को ले मीना देवी पति जय भगवान केशरी के खिलाफ चरपोखरी थाना मे प्राथमिकी दर्ज करने को ले आवेदन दी गई।कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि मीना देवी के औद्योगिक स्थल आटा चक्की पर मीटर बाइपास कर विद्युत उर्जा की चोरी करते पाया गया। इनके द्वारा विद्युत उर्जा की चोरी करने के कारण एसबीपीडीसीएल पटना को 344912 तीन लाख चौवालीस हजार नौ सौ बारह रुपए की राजस्व की आर्थिक हानि हुई है। कनीय विद्युत अभियंता द्वारा भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सभी सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई गई। छापामारी दल मे सहायक विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार राय, मानव बल विद्युत आपूर्ति प्रशाखा गडहनी परमानन्द सिंह एवं सोनु कुमार शामिल रहे।

# एसपी ने मढ़ौरा डीएसपी कार्यालय का किया निरीक्षण



मढ़ौरा, प्रात :किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। सारण के एसपी संतोष कुमार ने बुधवार को मढ़ौरा डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस का जनता से बेहतर संबंध होना चाहिए ताकि अच्छी पुलिसिंग हो सके। उन्होंने काफी बल देकर कहा कि अपराध नियंत्रण में आम लोगों का सहयोग कैसे लिया जाए और पुलिस को फ्रेंडली कैसे बनाया जाए इस पर वे विचार कर रहे हैं। उन्होंने अपराध नियंत्रण में जनता के सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुलिस को जन उपयोगी बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। एसपी ने कहा कि वे निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की बेहतरी के साथ कार्यालय में संधारित किए जाने वाले सभी प्रकार के अभिलेखों को अपडेट रखने का भी निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारी को कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने और कांडों का निष्पादन त्वरित गति से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मढ़ौरा डीएसपी इंद्रजीत बैठा थानाध्यक्ष अकील अहमद के अलावे कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# कुख्यात अपराधी विक्की पटेल को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो साल से चल रहा था फरार

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



रोहतास। रोहतास जिला का कुख्यात अपराधकर्मी विक्की पटेल उर्फ विकास कुमार उम्र 23 साल को सासाराम मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि विक्की पटेल दो साल से फरार चल रहा था। हत्या, डकैती, शराब तस्करी मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी।

बताया कि वह हत्या के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। आज जब पुलिस को सूचना मिली कि वह सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में देखा गया है,तो सासाराम मुफ्फसिल थानाध्यक्ष को कार्रवाई का निर्देश दिया गया मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने चिंहित स्थान पर छापेमारी की और विक्की पटेल उर्फ विकास कुमार को गिरफ्फतार कर लिया। एसपी ने बताया कि विकास पर सबसे पहले 2019 में सासराम मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 136/19 में हत्या और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें एक बार वो जेल भी जा चुका है। फिर उसपर 2021 में मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 65/21 दर्ज किया गया जो डकैती का था। इसके बाद जुलाई 2021 में उसपर मुफ्फसिल थाना 253/21 दर्ज किया गया, जो शराब तस्करी से जुड़ा था। डकैती और शराब तस्करी के मामलों में ही वह फरार चल रहा था। विक्की पटेल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कारवाई में लग गई है। उससे पूछताछ में शराब तस्करी के नेटवर्क के खुलासे की भी उम्मीद की जा रही है।

● हत्या डकैती से लेकर शराब तस्करी मामलों में पुलिस को थी उसकी तलाश

### जानलेवा होती है कय दस्त की बीमारी : डॉक्टर अरुण शाह

**बोचहां।** बच्चों में कय दस्त की बीमारी जानलेवा होती है। प्रतिवर्ष भारत में 1 लाख से ज्यादा बच्चों की मौत कय दस्त से होती है। पूरे विश्व में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक ओआरएस वीक मनाया जाता है जिसका मकसद कय दस्त की बीमारी से बचने के उपाय और ओआरएस व जिंक आहार का महत्व बताया जाना है। ये बातें ब्रह्मपुरा स्थित क्लिनिक में भारी संख्या में आए मरीजों को संबोधित करते हुए शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण शाह ने कही। डॉक्टर अरुण शाह फाउंडेशन कीं ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की संपूर्ण सुरक्षा,डायरिया से संपूर्ण बचाव एवं बच्चों की मृत्यु दर कम करने के उपाय बताए गए। कय दस्त में बगैर घबराए सही उपचार के लिए सभी तरह की जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद सभी मरीजों व अभिभावकों के बीच डॉक्टर अरुण शाह फाउंडेशन कीं ओर से ओआरएस का एक पैकेट, जिंक का सिरप और लाइफ बॉय साबुन का वितरण भी किया गया। मौके पर संजीत कुमार, केदार प्रसाद, कैसर हसन,मो मोती सहित दर्जनों थे।

# हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



गया, प्रात :किरण संवाददाता

गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं बल मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, नई दिल्ली के आदेशानुसार आजादी का अमृत महोत्सवर के अंतर्गत हर घर झण्डा दिनांक 25 जुलाई 2022 से 15 अगस्त 2022 तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत क्षेत्रक मुख्यालय(वि. प्र.) स. सी. ब., गया, 29वीं वाहिनी एवं सभी समवाय द्वारा बुधवार को हर घर झण्डा उत्सव के बारे में लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से साईकिल/मोटरसाईकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री हरे कृष्ण गुप्ता,कार्यवाहक उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय स. सी. ब., गया/कमांडेंट 29वीं वाहिनीं गया एवं अन्य अधिकारीगणों ने झण्डा दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया।साईकिल / मोटरसाईकिल रैली के माध्यम से धनावा कैम्प से बोधगया एवं गया में हर घर झण्डा कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया, साथ ही सभी समवाय द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इस कार्यक्रम को हर्षोल्लास के आयोजित किया गया। रैली के दौरान क्षेत्रक मुख्यालय स. सी. ब., गया एवं 29वीं वाहिनी के अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण, बल के अन्य कार्मिक, स्थानीय पुलिस एवं आम जनता मौजूद थे।

# हल्की बारिश में एनएच झील में तब्दील

अरवल, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार सड़कों की जाल बिछाकर सुबे की सूरत को बदलने में लगी है। वही सरकार के तंत्र एनएच 110 के अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज अरवल जहानाबाद की लाइफ लाइन कही जाने वाली एनएच 110 मुख्य पथ किंजर मोड़ पर जल जमाव की समस्या से कई वर्षों से जूझ रही है। हल्की बारिश में ही यह सड़क झील में तब्दील हो जाती है। जिला प्रशासन के बड़े-बड़े पदाधिकारी भी आते जाते हैं। लेकिन जिला प्रशासन एवं एनएच अधिकारी कुंभकरणी नींद में सोयी है।

उक्त स्थान पर प्रति एक वर्ष एवं छह महीना में सड़क की मरम्मत की जाती है, लेकिन पुनः जलजमाव से सड़क हमेशा क्षतिग्रस्त हो जाती है और राष्ट्रीय मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आते हैं। लेकिन एनएच अधिकारी एवं जिला प्रशासन उक्त स्थल पर जलजमाव की समस्या को हमेशा के लिए समाप्त कराना मुनासिब नहीं समझ रही है। थोड़ी सी बरसात होने के बाद उक्त स्थल पर करीब दो से तीन फीट जलजमाव हो जाता है। इतना ही नहीं जलजमाव के कारण सड़क में छोटे बड़े गड्ढे उभर आते हैं, जिसके कारण छोटे छोटे वाहन आए दिन जलाशय रूपी इस जलजमाव में गिर कर चोटिल होते हैं, स्थिति ऐसी परेशानि युक्त हो जाती है कि पैदल चलना भी आम अवाम को मुश्किल हो जाता है।

हालांकि इस समस्या से जिला प्रशासन एवं एनएच अधिकारी को मीडिया तंत्र से लगातार अवगत कराई जाती है, लेकिन सभी खुली आंख से टीवी पेपर पढ़ते देखते हैं। जिसके बाद शायद इस समस्या से अवगत होते हुए भी इस समस्या को दूर करना इनके अधिकार क्षेत्र से शायद बाहर दिख रहा है। इतना ही नहीं जिला प्रशासन से लेकर एनएच अधिकारी इस जलाशय से गुजरते हैं। जिसके बाद भी उनकी आंखें शायद उक्त स्थल पर बंद हो जा रही है।

इधर सांसद से लेकर क्षेत्रीय विधायक तक को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन इनके द्वारा भी यह कह कर पल्ला झाड़ दिया जाता है की ये काम एनएच विभाग का है। अब सोचने वाली बात यह है कि आखिर जनता किसके पास गुहार लगाए ? इधर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा भी इस समस्या से निजात दिलाने के लिए बैठक के माध्यम से वादा किया गया था लेकिन स्थानीय प्रशासन की वादा भी हवा हवाई होती दिख रही है।

# पूर्व के जमीनी विवाद मे चाचा ने भतीजा व भोजाई को मारी गोली

गडहनी, प्रात :किरण संवाददाता



थाना क्षेत्र के पोसवा गाँव मे पूर्व के जमीनी बिबाद मे अपनो ने ही एक महिला समेत एक युवक को गोली मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। सूत्रो की माने तो थाना क्षेत्र के पोसवा गाँव के रहने वाले राम सिगासन सिंह की अपना ही गोतिया से पूर्व से जमीनी विवाद को लेकर बिबाद चल रहा था।

उसी क्रम मे विवाद ने बुधवार को एक नया रूप लेते हुए गोली बारी मे तब्दील हो गया। देखते ही देखते दूसरे पक्ष के लोगो ने गोली चला दी जो राम सिगासान की पत्नी आशा देवी और पुत्र राजीव कुमार को लग गई, घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। वही दूसरी तरफ मौके पर उपस्थित लोगो ने जख्मी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जहा महिला आशा देवी की स्थिति नाजुक बताई जाती है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुँच मामले की छान बिन मे जुट गई है। गोली मारने का आरोपी घर छोड़ कर फरार बताया जाता है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। वही सूत्रो की माने तो घटना के बाद गाँव मे तनाव बना हुआ है।

● भारत का स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्र भारत का निर्माण विषय पर होगा राष्ट्रीय सेमिनार

# माह के अंतिम दो दिनों में हो सकती है वर्षा

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय ,पूसा के ग्रामीण मौसम विभाग ने 27 से 31जुलाई तक के लिए मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। इसके अनुसार 30 एवं 31 जुलाई को उत्तर बिहार के समस्तीपुर ,दरभंगा ,मधुबनी , सीतामढ़ी ,शिवहर,वैशाली , मुजफ्फरपुर ,पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बर्षा होने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.0 एवं 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 93 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 78 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.6 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पण 3.7 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.3 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 29.4 एवं दोपहर में 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

इस अवधि में 70 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा. डा०आर०पी०सी०ए०यू० पूसा समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 27-31 जुलाई 2022 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार 27 से 31 जूलाई तक की अवधि में आसमान में मध्यम बादल छाये रह सकते हैं अगले एक से दो दिनों तक उत्तर बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। उसके बाद के दिनों में वर्षा की सक्रियता में वृद्धि होने की सम्भावना है। 30-31जुलाई के आसपास समस्तीपुर, वैशाली, सिवान, मुज्जफरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढी, पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण के जिलों के कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा भी होने का अनुमान है। इस अवधि में वर्षा होने के कारण तापमान सामान्य के आसपास रह रही है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है जबकि न्यूनतम तापमान 22-25 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 80 प्रतिशत तथा दोपहर में 45 से 55 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 12 से 18 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से बेगुसराय, समस्तीपुर, वैशाली तथा मुज्जफरपुर के जिलों में अगले दो दिनों तक पछिया हवा तथा उसके बाद पुरवा हवा चलने का अनुमान है।

### नवनिर्मित मंच का हुआ उद्घाटन

**छपरा।** यदुनंदन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विजय कुमार की अध्यक्षता में स्वर्गीय यदुनंदन सिंह के पौत्र इंजीनियर शांतनु द्वारा निजी कोष से बने, सेमिनार हॉल में नवनिर्मित मंच का उद्घाटन किया गया। पूर्व अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह विकल, ओम प्रकाश सिन्हा, सारण जिला जदयू उपाध्यक्ष, कमल किशोर यादव प्रखंड राजद अध्यक्ष, दिघवारा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित हुए। वैद्यनाथ प्रसाद विकल अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के विकास पठन-पाठन एवं प्रयोगशाला की क्रियाशीलता पर प्रसन्नता व्यक्त किए। ई.शांतनु सिंह ने भी अपने विचारों को साझा करते हुए महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन भूगोल विभागाध्यक्षा डॉ. उषा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्थपाल डॉ. सत्येंद्र प्रसाद यादव ने किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर बनने के सालों बाद भी नहीं बना सर्विस रोड

बोचहा ,प्रात :किरण संवाददाता

सरकार की नजर में भले ही एन एच 57 पर बना ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर हाईटेक हो वाहन चालकों से अब तक करोड़ों टॉल टैक्स भी वसूला जा चुका है। एनएचआई ऑथोरिटी बड़े- बड़े दावे भी कर रहे है। लेकिन जनता की नजर वो इससे गुजरने वाले वाहन चालकों की नजर में अभी भी यह फिसड्डी साबित हो रहा है।

कारण यह है कि इसे बने तो कई साल गुजर गए लेकिन कॉरिडोर के साथ जो सुविधाएं होती है वह यहां मौजूद नहीं है। सुविधा की बात तो छोड़िए यह कॉरिडोर अभी तक पूर्ण रूप से निर्मित भी नही हो पाया है। इसका प्रमाण शर्फुद्दीनपुर एवं एतवारपुर में बना अंडरपास है। इन दोनों जगहों पर बने अंडरपास के एक किनारे अर्धनिर्माण के कारण बड़े बड़े गडढ़े है जो बरसात के मौसम में हादसे और दुर्घटना को निमंत्रण देते है। आये दिन लोग गडढ़े में गिरकर घायल होते है। जबकि दूसरी तरफ दोनों ही जगहों पर अवैध टैम्पों स्टैंड चल रहा है। जीस करण सड़क दुर्घटना तो होती ही है साथ ही अंडरपास की नीचे से चलने वाले स्थानीय लोगों को भी जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। यही नहीं सर्विस रोड नहीं बनने के कारण इन जगहों पर वाहन चालक विपरीत दिशा से अपनी वाहन ले जाते है। जिस कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है। बल्थीरसुलपुर पंचायत के पूर्व मुखिया शमीम अख्तर उर्फ राजा बाबू शरफुद्दीनपुर निवासी सूरज चौधरी, विकाश चौधरी, मोहन गांधी , गोपी चौधरी, मनोज पंडित , भोरहां निवासी संजय राय, सहित अन्य लोगों ने बताया कि सर्विस रोड नहीं रहने के कारण यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिसमें एतवारपुर ताज गांव निवासी तेगल्ली , शरफुद्दीनपुर गांव के शिवजी चौधरी , सहित अन्य और कई लोगों की जाने जा चुकी है। अगर जल्द ही सर्विस रोड निर्माण नही हुआ तो आने वाले दिनों में और भी दुर्घटनाएं हो सकती है।

उसके बावजूद भी एनएचआई महकमा इसकी सुध नहीं ले रहे है। और वे कुंभ कारण की नींद में सोये है । इस पूरे मामले में सबसे हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ एनएचआई के अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है। इन दोनों अंडरपास से महज दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर टॉल टैक्स कार्यालय भी है । जहां एनएचआई के अधिकारी प्रायः आते - जाते रहते है। दूसरी तरफ इस क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। या यूं कह ले कि वो जनता की इस समस्या को दूर करने या करने में खुद को सामर्थ नहीं पा रहे हों । यही कारण है कि कई साल पहले बने इस कॉरिडोर के दोनों किनारे एक तरफ निर्माण नहीं पूरा हो ने के कारण अवैध कब्जा तो दूसरे किनारे अवैध टैम्पो स्टैंड मखमलमल में टाट का पेवंद साबित हो रहा है। हालांकि इस संबंध में पूछे जाने पर स्थानीय विधायक अमर पासवान ने बताया कि हमारे चुनावी जनसंपर्क के दौरान भी लोगों ने इस मुद्दे को मेरे सामने रखा था। सच में यह बड़ी समस्या है। हम शीघ्र ही एनएचआई के अधिकारियों से मिलकर इस अर्धनिर्माण कार्य को पूरा करने की पहल करेंगे। अगर स्थानीय स्तर पर भी किसी प्रकार की कठिनाई होगी तो वहां के आम लोगों से मिलकर भी उसका समाधान किया जायेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



संक्षिप्त खबरें



## ट्विटर के शेयरधारक मस्क के साथ डील पर 23 सितंबर को करेंगे वोटिंग

नई दिल्ली। सोशल मीडिया साइट ट्विटर ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के साथ अधिग्रहण की चल रही लड़ाई के बीच शेयरधारकों के लिए वोट डालने की तारीख तय कर दी है। ट्विटर के शेयरधारक मस्क के साथ 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर की डील पर हामी भरने के लिए 13 सितंबर को वोटिंग करेंगे। ट्विटर ने बुधवार को प्रतिभूति और विनिमय आयोग को रेग्युलेटरी फाइलिंग के दौरान यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि शेयरधारकों की बैठक 13 सितंबर को सुबह 10 बजे वेबकास्ट के माध्यम से शुरू होगी। ट्विटर के मुताबिक सभी शेयरधारक इस बैठक को लाइव देख सकेंगे और अपना वोट डाल पाएंगे। दरअसल, ट्विटर ने टेस्ला प्रमुख एलन मस्क के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कंपनी ने यह केस मस्क के 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अधिग्रहण प्रस्ताव से पीछे हटने के कारण दायर किया है। ट्विटर ने इस मामले में त्वरित सुनवाई का एक प्रस्ताव दायर कर सितंबर में इस मुद्दे पर चार दिवसीय ट्रायल की गुहार लगाई है, जबकि एलन मस्क की लीगल टीम ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है।

## गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने कमजोर आय, राजस्व की रिपोर्ट की

सैन फ्रांसिस्को। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने अप्रैल-जून की अवधि के लिए उम्मीद से कमजोर कमाई और राजस्व की सूचना दी है। कंपनी ने अपने खोज कारोबार में ठोस वृद्धि दर्ज की। पिछले साल की समान तिमाही में राजस्व वृद्धि 62 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत रह गई। कंपनी ने इस तिमाही में 13 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 69.7 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया। अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा, दूसरी तिमाही में हमारा प्रदर्शन सर्च और क्लाउड द्वारा संचालित था। हमने एआई और कंप्यूटिंग में वर्षों से जो निवेश किया है, वह हमारी सेवाओं को उपभोक्ताओं के व्यवसायों के लिए अत्यधिक प्रभावी बनाने में मदद कर रहा है। पिचाई ने कहा कि कंपनी लंबे समय तक डीप कंप्यूटर साइंस में जिम्मेदारी से निवेश करना जारी रखेगी। कंपनी ने कहा कि गूगल का सर्च और अन्य राजस्व 40.69 बिलियन डॉलर है, जो एक साल पहले 35.85 बिलियन डॉलर था। यूट्यूब विज्ञापन राजस्व 7.34 बिलियन डॉलर बनाम 7.52 बिलियन डॉलर है, जो कि अपेक्षित है। जबकि गूगल क्लाउड राजस्व 6.28 बिलियन डॉलर बनाम 6.41 बिलियन डॉलर है। अल्फाबेट ने कहा कि उसके कर्मचारियों की संख्या 21 प्रतिशत बढ़कर 174,014 हो गई है। गूगल ने अपनी कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा करने और भविष्य की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेने के लिए दो सप्ताह के लिए काम पर रखने पर रोक लगा दी है। कंपनी ने पिछले हफ्ते बाकी साल के लिए हायरिंग को धीमा करने की भी घोषणा की थी।

# भारत के साथ व्यापार, निवेश प्रोत्साहन के लिए ब्रिटिश सांसदों ने बनाया समूह

**लंदन, एजेंसी**



भारत के साथ व्यापार एवं निवेश के अलावा लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन के सांसदों का एक नया बहुदलीय समूह गठित किया गया है।

भारत की आजादी के 75वें साल के मौके पर आयोजित होने वाले समारोहों के क्रम में ब्रिटिश संसद के 25 सदस्यों ने मिलकर इस समूह के गठन पर सहमति जताई थी। पिछले हफ्ते इस समूह को औपचारिक रूप से पंजीकृत करा दिया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विचारों के लोग शामिल हैं।

भारत (व्यापार एवं निवेश) सर्वदलीय संसदीय समूह (एपीपीजी) का घोषित उद्देश्य दोनों देशों के नागिरकों की बेहतरी के लिए व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह समूह भारत एवं ब्रिटेन के बीच एक समावेशी सजीव पुल बनाने के लिए भी काम करेगा।

यह संसदीय समूह औपचारिक तौर पर अपना काम सितंबर में शुरू करेगा जब ग्रीष्म अवकाश के बाद संसद अधिवेशन फिर से शुरू होगा।

एपीपीजी ने भारत एवं ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी वार्ता को समर्थन देने के साथ ही दोनों देशों के इससे लाभान्वित होने की उम्मीद जताई है। सांसदों के इस समूह के सह-अध्यक्ष एवं विपक्षी लेबर पार्टी के सांसद नवेंदु मिश्रा ने कहा, भारत की आजादी के 75 साल पूरा होने के समय भारत के लिए केंद्रित एक सर्वदलीय संसदीय समूह का गठन भारत एवं ब्रिटेन की संसद के बीच तालमेल बिठाने का काम करेगा।

भारतीय मूल के सांसद मिश्रा ने कहा, लोगों में किया जाने वाला निवेश आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका है। एपीपीजी का इरादा भारत और ब्रिटेन दोनों ही देशों के लोगों को लाभ पहुंचाना है। इस संसदीय समूह के सह-अध्यक्ष एवं भारतीय मूल के उद्यमी लॉर्ड करण बिल्मोरिया ने इसे भारत-ब्रिटेन व्यापार साझेदारी में एक नया अध्याय बताते हुए कहा, मैं एक बेहतरीन व्यापार समझौते को संपन्न कराने और उसके कारगर क्रियान्वयन के लिए अथक परिश्रम करुंगा।

## कर्मचारियों की हड़ताल से लुफ्थांसा की 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द

**बर्लिन, एजेंसी**

जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा के लॉजिस्टिक एवं टिकटिंग कर्मचारियों के एक दिन की हड़ताल पर चले जाने से बुधवार को एयरलाइन की 1,000 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लुफ्थांसा की उड़ानों के इतने बड़े पैमाने पर रद्द होने से करीब 1.34 लाख यात्रियों को परेशानी उड़ानी पड़ी है।

उन्हें या तो अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी या फिर नए सिरे से योजना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके पहले मंगलवार को भी एयरलाइन की 47 उड़ानें रद्द की गई थीं। जर्मनी की इस अग्रणी एयरलाइन के फ्रैंकफर्ट एवं म्यूनिख में स्थित प्रमुख केंद्रों के अलावा डसेलडॉर्फ, हैम्बर्ग, बर्लिन, ब्रेमन, हनोवर, स्टटगार्ट और कोलोन से संचालित होने वाली उड़ानों को भी रद्द कर दिया गया। एयरलाइन ने ग्राउंड स्टाफ की हड़ताल को देखते हुए विमान यात्रियों से हवाईअड्डे पर न आने का अनुरोध करते हुए कहा है कि अधिकांश काउंटर खाली पड़े हुए हैं। हवाईअड्डों पर एयरलाइन की टिकटिंग एवं लॉजिस्टिक सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के संगठन ने सोमवार को ही हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी थी। वेतन एवं पारिश्रमिक संबंधी मुद्दों पर एयरलाइन प्रबंधन के साथ बातचीत नाकाम रहने के बाद यह हड़ताल की गई है।

## कंपनियां हर घर तिरंगा अभियान पर खर्च कर सकती हैं सीएसआर निधिः सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने कंपनियों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ी गतिविधियों के लिये अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। सरकार की तरफ से जारी एक परिपत्र में कंपनियों को इस अभियान के लिए सीएसआर निधि का इस्तेमाल करने की छूट दी गई। आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान चलाने की घोषणा की हुई है जिसमें लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के एक हिस्से के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कंपनियों को भी भागीदारी करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के सीएसआर प्रावधान में छूट देने की घोषणा की गई है। इस अधिनियम के तहत लाभ में चल रही कंपनियों को अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ का कम-से-कम दो प्रतिशत सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना होता है।

कंपनी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को जारी इस परिपत्र में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। ऐसे में कंपनियां भी अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय ध्वज बनाने और उसकी आपूर्ति करने, पहुंच और विस्तार से जुड़ी गतिविधियों पर कर सकती हैं। परिपत्र के मुताबिक, हर घर तिरंगा अभियान के लिए ये गतिविधियां कंपनी अधिनियम की अनुसूची सात के प्रावधानों के तहत सीएसआर निधि के दायरे में आएंगी। इन कार्यों को कंपनी सीएसआर नीति नियम, 2014 का हिस्सा माना जाएगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में बुधवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.10 प्रतिशत चढ़कर 104.50 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 95.31 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

## दूसरे दिन भी 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी, बोली प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश में पांचवीं पीढ़ी की 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया दूसरे दिन बुधवार को भी चल रही है। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियां रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और अडाणी एंटरप्राइजेज भी इस नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा ले रही है। 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां आई है। इस बीच दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दूसरे दिन की नीलामी के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू हुई है। उन्होंने अनुमान जताया कि शाम छह बजे के निर्धारित समय के पहले ही बोलियां लगाने का सिलसिला पूरा हो जाएगा। वैष्णव ने कहा कि सरकार को पहले दिन 5जी स्पेक्ट्रम के लिए उम्मीद से कहीं ज्यादा 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिली हैं, जो साल 2015 के रिकॉर्ड को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन चार दौर की नीलामी हुई है। इसमें मध्यम और उच्च बैंड में कंपनियों की रुचि ज्यादा रही। इन कंपनियों ने 3300 मेगाहर्ट्ज, 700 मेगाहर्ट्ज बैंड और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में मजबूती से बोलियां लगाई है। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए मुकेश अंबानी, सुनील भारती मित्तल और गौतम अडाणी की कंपनियों ने अब तक की सबसे बड़ी नीलामी के लिए बोली लगाई है। सरकार ने 5जी स्पेक्ट्रम 14 अगस्त तक आवंटित किये जाने का लक्ष्य रखा है, जबकि इसकी सेवाएं इस साल के अंत तक कई शहरों में शुरू होने की उम्मीद है। देश में 5जी सेवाओं के आने से इंटरनेट की गति 4जी के मुकाबले करीब 10 गुना ज्यादा हो जाएगी। 5जी स्पेक्ट्रम की वैधता 20 साल के लिए होगी। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए चार प्रमुख दूरसंचार मोबाइल कंपनियों ने 21,800 करोड़ रुपये बतौर बयाना जमा कराया है। रिलायंस जियो ने 14 हजार करोड़ रुपये एयरटेल ने 5,500 करोड़ रुपये, वीआई ने 2,200 करोड़ रुपये और अडानी डेटा नेटवर्क्स ने 100 करोड़ रुपये जमा कराया है।

**नीलामी**

- अश्विनी वैष्णव ने कहा, नीलामी के पहले दिन 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां लगी

## रुपया शुरूआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर 79.88 पर खिसका

**मुंबई, एजेंसी**



विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत रहने और कच्चे तेल की कीमतों में बनी तेजी के बीच बुधवार को रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे टूटकर 79.88 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर आ गया।

अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.83 के भाव पर खुला लेकिन जल्द ही यह 79.88 के स्तर पर खिसक गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपया शुरूआती कारोबार में ही 10 पैसे टूट गया।

मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.78 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।

हालांकि दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत गिरकर 107.02 पर आ गया। लेकिन विदेशी बाजारों में डॉलर की मांग बनी हुई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर के मजबूत बने रहने, कच्चे तेल की कीमतें चढ़ने और महीने के अंत में निर्यातकों की तरफ से डॉलर की मांग आने से रुपये पर दबाव बना रह सकता है। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा, निवेशक फेडरल रिजर्व की बैठक को देखते हुए मजबूत स्थिति लेने से परहेज कर सकते हैं। रुपये की कमजोरी में विदेशी पूंजी की निकासी भी एक अहम भूमिका निभा रही है। मंगलवार को भी विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1,548.29 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## आइएमएफ ने घटाई विकास दर फिर भी टॉप लिस्ट में बना है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को घटाकर 8.2 से 7.4 फीसद कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बाहरी प्रभाव और मौद्रिक नीति की सख्ती के चलते भारत की विकास दर उम्मीद से कमतर रहने का अनुमान है। अपने नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में आइएमएफ ने कहा है कि बढ़ती महंगाई के चलते सरकारों की प्राथमिकता उस पर काबू पाने की है। नीति निमार्ताओं ने मौद्रिक नीति को और सख्त करके मुद्रास्फीति पर काबू पाने को प्राथमिकता दी है। आइएमएफ ने वैश्विक विकास अनुमान में भी कटौती की और चेतावनी दी कि दुनिया जल्द ही मंदी के कगार पर हो सकती है। आइएमएफ ने कहा कि वैश्विक आर्थिक विकास इस साल 3.2 फीसदी तक धीमा होने की संभावना है। यह अप्रैल में आइएमएफ द्वारा लगाए गए 3.6 फीसदी के पूवार्नुमान से कम है। आइएमएफ ने अपने विश्व आर्थिक आउटलुक में कहा कि 2021 में हालात में आंशिक सुधार के बाद 2022 विकास दर में गिरावट आई है। चीन में छाई मंदी और यूक्रेन युद्ध से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। विकास दर में गिरावट के बावजूद, भारत 2022-23 और 2023-24 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। रिपोर्ट में 2022 के दौरान केवल सऊदी अरब की विकास दर भारत से अधिक रहने का अनुमान लगाया गया है। सऊदी अरब की विकास दर 7.6 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत के लिए आइएमएफ का विकास पूवार्नुमान सबसे आशावादी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। चीन की विकास दर 4.4 प्रतिशत से 2022 में धीमी होकर 3.3 फीसद रहने का अनुमान है। वहीं रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति पहले से बेहतर हो रही है।

## मारुति सुजुकी को पहली तिमाही में 1036 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। वित्त वर्ष 2022-23 की जून तिमाही में एमएसआईएल का मुनाफा दोगुना से ज्यादा उछलकर 1,036 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में कंपनी को 475 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

एमएसआईएल ने बुधवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ यानी मुनाफा 130 फीसदी बढ़कर 1,036 करोड़ रुपये रहा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 475 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

कंपनी के बताया कि 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल बिक्री बढ़कर 26,512 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 17,776 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी के राजस्व में 51 फीसदी उछलकर 26,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 17,776 करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह सालाना आधार पर कंपनी का सेल्स वॉल्यूम 3,53,614 इकाई से बढ़कर 4,67,931 इकाई रहा है। जून तिमाही में कंपनी का ब्याज और करों से पहले की कमाई (ईबीआईटी) मार्जिन 4.50 फीसदी से बढ़कर 5 फीसदी हो गया है।

एक्सपर्ट के मुताबिक पहली तिमाही में मारूति सुजुकी के क्षमता उपयोग में सुधार की वजह से सेल्स वॉल्यूम बेहतर रहा। इस दौरान तिमाही में मारुति सुजुकी की कीमतें भी बढ़ी हैं, जिसका फायदा कंपनी को मिला है। कंपनी ने अपने खर्चों पर भी लगाम लगाई थी, जिसका फायदा भी जून तिमाही में देखने को मिला है।

कंपनी को सालाना आधार पर कोरोना के चलते लो बेस होने का फायदा मिला है। शेयर बाजार में मारुति के शेयरों में आज 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली, जिससे कंपनी का शेयर 8,707 रुपये तक मजबूत हुआ।

**बढ़त**

- वित्त वर्ष 2022-23 की जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा दोगुना से ज्यादा

## जेट एयरवेज उड़ान भरने को तैयार कंपनी कर रही पायलटों की भर्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जेट एयरवेज लगभग तीन साल के अंतराल के बाद एक बार भी उड़ान भरने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती करने के उपरांत अब हवाई जहाज उड़ाने के लिए कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर की वैकेंसी निकाली है।

देश में निजी क्षेत्र की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी रही जेट एयरवेज को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से सभी जरूरी मंजूरी पहले ही मिल चुकी है।

जेट एयरवेज ने ट्वीट कर बताया कि कंपनी के मैनेजमेंट ने सभी वित्तीय समस्या को दूर कर लिया है। कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती के बाद अब पायलओं की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कंपनी के पास एयरबस ए-320 एयरक्राफ्ट और बोइंग 737-एनजी तथा मैक्स-737 विमान हैं, जिन्हें उड़ाने के लिए पायलटों की तलाश है। जेट ने एक ट्वीट में लिखा है कि ऐसे पायलटों का कंपनी में स्वागत है, जिन्हें इन विमान को उड़ाने का अनुभव है।

कंपनी पर कर्ज न चुकाने के बाद दिवालिया प्रक्रिया शुरू की गई थी, जबकि 17 अप्रैल, 2019 से इसकी उड़ानों पर विराम लगा हुआ है। एसबीआई ने अन्य बैंक समूहों के साथ मिलकर जून, 2019 में कंपनी के खिलाफ 8 हजार करोड़ रुपये वसूलने के लिए दिवालिया प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद यूके की कालरॉक कैपिटल और यूएई के बिजनेसमैन मुरारी लाल जालान ने इस कंपनी को बोली लगाकर खरीद लिया।

जेट एयरवेज के मुताबिक कंपनी को मई में डीजीसीए से सभी जरूरी मंजूरियां मिल गई थी। कंपनी के मुतबिक सितंबर तक उसके विमान आसमान में फिर उड़ान भरेंगे। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि जेट एयरवेज अपनी नई पारी की शुरूआत घरेलू रूट से करने वाली है।

हालांकि, उसे विमानन क्षेत्र की नई कंपनी आकासा एयर से तगड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने की संभावना है, जिसकी अगस्त से ही उड़ान शुरू होने जा रहे हैं। गौरतलब है कि इसी महीने की शुरूआत में टाटा समूह के एयर इंडिया के पायलटों की भर्ती में शामिल होने के लिए पायलट ऐसे उमड़े थे कि इंडिगो की सेवा बाधित हो गई थी।

## समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात 2025 तक एक लाख करोड़ रुपये पहुंचाने का लक्ष्य

**अमरावती, एजेंसी**



दो साल की सुस्ती के बाद समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यात में आई तेजी से उत्साहित समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने वर्ष 2025 तक एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है। एमपीईडीए के चेयरमैन के एन राघवन ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्राधिकरण ने एक ऐसी पारिस्थितिकी बनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है जो विविध समुद्री उत्पादों की पेशकश कर बढ़त को दीर्घकालिक रूप से कायम रखे। उन्होंने कहा, हमारे लिए 2018-19 से ही मुश्किल दौर शुरू हो गया था। फिर कोविड-19 महामारी भी आ गई। इस क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने में लॉजिस्टिक से जुड़े मुद्दों की भी भूमिका रही। लेकिन पिछले वित्त वर्ष में हमारा निर्यात बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात बढ़कर 774 करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि निर्यात में यह वृद्धि मालढुलाई किराया बढ़ने और कंटेनरों की कमी के बावजूद दर्ज की गई जो अपने-आप में प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा, अब हमने वर्ष 2025 तक एक लाख करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में हमने कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। हम एक ऐसी पारिस्थितिकी बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें निर्यात वृद्धि का सिलसिला कायम रखा जा सके और आने वाले समय में तेजी बनी रहे। समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यात में देश में सबसे आगे आंध्र प्रदेश का खास जिक्र करते हुए राघवन ने कहा कि राज्य सरकार के सक्रिय रवैये का भी इसमें अहम योगदान रहा है।

## सीके बिरला हॉस्पिटल द्वारा थायरॉयड सर्जरी के लिए स्वदेशी टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

पूरी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ केंद्रों में होने वाली थायरॉयड सर्जरी में पैराथायरॉयड ग्रंथि, जो मानव शरीर में कैल्शियम को नियंत्रित करती है और थायरॉयड ग्रंथि के काफी नजदीक स्थित होती हैद्ध में चोट लगने या गलती से उसे हटाए जाने के कारण 25 प्रतिशत संभावना कैल्शियम में गड़बड़ी की होती हैए और 8 प्रतिशत संभावना आवाज की नसए यानि रिकरेंट लैरेंजियल नर्व में चोट लगने की होती हैए जो थायरॉयड ग्रंथि के ठीक नीचे स्थित होती है। मरीज की जाँच करने पर डॉ॰ मंदीप सिंह मल्होत्राए डायरेक्टरए सर्जिकल ऑन्कोलॉजीए सीके बिरला हॉस्पिटल और उनकी टीम ने नीफी और नर्व मॉनिटरिंग का इस्तेमाल कर थायरॉयडेक्टोमी उपचार का परामर्श दिया। नीफी में थायरॉयड सर्जरी के दौरान पैराथायरॉयड ग्रंथियों को पहचान कर उन्हें सुरक्षित करने के लिए इन्फ्रारेड टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल होता है। नीफी के उपयोग द्वारा मरीज को पोस्ट थायरॉयड सर्जरी कैल्शियम की गड़बड़ी को 1 प्रतिशत से भी कम करने का फायदा मिलता है। नर्व मॉनिटर वॉईस नर्व को पहचान कर उसकी सुरक्षा करने में मदद करता है।

इस मामले में डॉ॰ मनदीप सिंह मल्होत्राए डायरेक्टरए सर्जिकल ऑन्कोलॉजीए सीके बिरला हॉस्पिटल ने कहाए ष्यह टेक्नॉलॉजी पहले केवल विदेशों में उपलब्ध थीए इसलिए इसके द्वारा इलाज महंगा था। लेकिन अब यह दिल्ली में सीके बिरला हॉस्पिटल में उपलब्ध हो गई हैए जिसके कारण भारतीय मरीजों के लिए इलाज ज्यादा सुरक्षितए किफायती और आसान हो गया है। इस उन्नत टेक्नॉलॉजी द्वारा छः थायरॉयड सर्जरी की जा चुकी हैंए तीन मरीजों को थायरॉयड कैंसर था और तीन को बड़े कोलॉयड ग्वाटर थे। सभी छः मरीजों को सर्जरी के बाद कैल्शियम की कोई गड़बड़ी नहीं हुई। नियर इन्फ्रारेड इमेजिंग सर्जरी के दौरान पैराथायरॉयड ग्रंथि की पहचान करने की एक प्रभावशाली टेक्नॉलॉजी है। भारत में यह टेक्नॉलॉजी उपलब्ध हो जाने से मरीजों को बेहतर क्लिनिकल परिणाम दिए जा सकते हैं। सीके बिरला में इस टेक्नॉलॉजी की उपलब्धता भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान की ओर एक कदम है। इस अवसर पर श्री अक्षत सेठए चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसरए सीके बिरला हेल्थकेयर ने कहाए ष्हम मरीजों को बेहतरीन परिणाम प्रदान करने के लिए उन्नत मेडिकल इनोवेशन एवं तकनीकों का इस्तेमाल कर विश्वस्तर की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत में इस मेडिकल टेक्नॉलॉजी का विकास लोगों की जिंदगियां बचाने में बहुत मददगार है।

**इलाज**

- सीके बिरला हॉस्पिटल ने हाल ही में थायरॉयड में बड़ी सूजन, ग्वाटर, से पीड़ित एक 59 वर्षीय पुरुष का इलाज किया





## संक्षिप्त खबरें

### भारत करेगा महिला विश्व कप 2025 की मेजबानी

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के बाद महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की मेजबानी के अधिकार भी हासिल कर लिये हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, बोर्ड इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। बीसीसीआई भारत में महिला क्रिकेट के प्रति समर्पित है। हमारे पास बुनियादी ढांचा है, और मुझे विश्वास है कि हम विश्व कप के एक सफल संस्करण का आयोजन करेंगे। इसी बीच, आईसीसी ने बताया कि महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी 2024 में बांग्लादेश और 2026 में इंग्लैंड करेगा। यदि श्रीलंका की महिला टीम 2027 टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी में जगह बना पाती है तो यह आयोजन श्रीलंका में होगा। आईसीसी ने कहा कि मेजबान देशों का चयन एक ह्यप्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रियाह्ण से किया गया है और हर बोली की समीक्षा मार्टिन स्नेडेन की अध्यक्षता में बोर्ड उप-समिति ने की है। आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा, ह्यमहिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाना आईसीसी की रणनीतिक प्राथमिकताओं में से एक है। इन आयोजनों को हमारे खेल के कुछ सबसे बड़े बाजारों में ले जाना हमें ऐसा करने का एक शानदार मौका देता है। साथ ही यह क्रिकेट के एक अरब से अधिक प्रशंसकों के साथ अपने संबंध को गहरा करता है।ह्ण बांग्लादेश दूसरी बार टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जबकि इंग्लैंड ने 2009 के बाद पहली बार इस आयोजन का मेजबान चुना गया है।

### करेन को कंधे पर उठाना महंगा पड़ा बेयरस्टो को

ब्रिस्टल, एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को अपने साथी खिलाड़ी सैम करेन को कंधे पर उठाकर ले जाना महंगा पड़ गया है क्योंकि इससे वह चोटिल हो गए हैं और उनका दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में खेलना संदिग्ध है। बेयरस्टो को अभ्यास सत्र बीच में ही छोड़ना पड़ा। उनके बाएं घुटने पर पट्टियां बंधी थीं। उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी लेकिन अभी तक उनके पहले टी-20 मैच में खेलने को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका को लगातार दो मैच खेलने हैं और ऐसे में वेरिटो को पहले मैच से बाहर रहना पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो फिल सॉल्ट और हैरी ब्रूक मध्यक्रम में बने रहेंगे। ये दोनों खिलाड़ी भारत के खिलाफ खेले थे। तब बेयरस्टो को विश्राम दिया गया था।

### वीवीएस लक्ष्मण और डेनियल विटोरी को आईसीसी में मिली जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल क्रिकेट एकेडमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण को आइसीसी में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें आइसीसी ने बतौर करेंट प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के तौर पर नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अलावा वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर रोजर हार्पर को सेकेंड पास्ट प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के तौर पर नियुक्त किया गया है। आइसीसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ह्रडेनियल विटोरी और वीवीएस लक्ष्मण को आइसीसी पुरुष क्रिकेट समिति में मौजूदा प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि रोजर हार्पर को श्रीलंका के महेला जयवर्धने के साथ दूसरे पास्ट प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

# वैश्विक टी20 लीग में आईपीएल फ्रेंचाइजी का दबदबा खतरनाक : गिलक्रिस्ट

मेलबर्न, एजेंसी



अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने विश्व क्रिकेट में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी के बढ़ते प्रभुत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी ह्यएकाधिकारह्ण की मौजूदा प्रवृत्ति खतरनाक है। गिलक्रिस्ट की टिप्पणी उन रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आई है जिनमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर इस सत्र में बिग बैश लीग (बीबीएल) से बाहर हो सकते हैं और उसके बजाय अधिक आकर्षक संयुक्त अरब अमीरात टी20 लीग में खेल सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि तीन आईपीएल फ्रेंचाइजी-मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स ने यूएई टी20 लीग में टीमों में निवेश किया है। गिलक्रिस्ट ने एसईएन के रेडियो कार्यक्रम में कहा, वह डेविड वॉर्नर को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं। मैं इस बात को समझता हूं। केवल वॉर्नर ही नहीं अन्य खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे।

यह आईपीएल फ्रेंचाइजी का वैश्विक स्तर पर बढ़ता दबदबा है जिनके पास कैरेबियाई प्रीमियर लीग में कई टीमों का स्वामित्व है। उन्होंने कहा, यह थोड़ा खतरनाक चलन है क्योंकि यह उस स्वामित्व और खिलाड़ियों के स्वामित्व और उनकी प्रतिभा पर एकाधिकार करने से जुड़ा है। यह इससे जुड़ा है कि वे कहां खेल सकते हैं और कहां नहीं खेल सकते हैं। गिलक्रिस्ट ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड को सलाह दी कि वह इस मसले पर गौर करे क्योंकि भविष्य में कई अन्य क्रिकेटर भी वॉर्नर की राह पर चल सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर गिलक्रिस्ट कहता है, सॉरी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट, मैं विभिन्न टूनार्मेंटों में अपनी भारतीय फ्रेंचाइजी टीमों के लिये खेलने जा रहा हूं तो आप उससे सवाल नहीं कर सकते, यह उसका विशेषाधिकार है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 96 टेस्ट और 287 वनडे मैच खेलने वाले गिलक्रिस्ट इससे पहले डेक्कन चार्जर्स और किंग्स इलेवन पंजाब जैसी आईपीएल टीमों की तरफ से खेल चुके हैं। डेक्कन चार्जर्स ने 2009 में जब आईपीएल खिताब जीता था तब गिलक्रिस्ट उसके कप्तान थे।

## स्वीडन को करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड यूरो 2022 के फाइनल में



शेफील्ड, एजेंसी

इंग्लैंड की महिला टीम ने स्वीडन को 4-0 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना जर्मनी या फ्रांस से होगा। इंग्लैंड की पुरुष टीम ने पिछले साल यूरो 2020 के फाइनल में पहुंची थी लेकिन वेम्बले में खेले गए फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में इटली से हार गई थी। विश्व में दूसरे नंबर की टीम स्वीडन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई जबकि इंग्लैंड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। इंग्लैंड ने अपने तीन गोल दूसरे हॉफ में किये। इंग्लैंड की तरफ से बेथ मीड (34वें), लूसी ब्रांज (48वें), एलिसा रूसो (68वें) और फ्रैन किर्बी (76वें मिनट) ने गोल किये।

# नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होने पर जताई निराशा



नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होने के बाद, स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बर्मिंघम में प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम नहीं होने पर निराशा व्यक्त की है।

चोपड़ा को रविवार को ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में कमर में चोट लग गई थी, जहां उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत के 19 साल के लंबे इंतजार को समाप्त करते हुए रजत पदक जीता। नीरज ने एक ट्वीट में कहा, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद निराश हूं कि मैं बर्मिंघम में रार्षमंडल खेलों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाऊंगा। विश्व चैंपियनशिप में अपने चौथे थ्रो के दौरान अपनी कमर में खिंचाव के बाद मैं असहज महसूस कर रहा था। अमेरिका में डॉक्टरों के एक समूह द्वारा कल इसकी चिकित्सकीय जांच करने के बाद, एक मामूली तनाव का पता चला और मुझे अगले कुछ हफ्तों के लिए पुनर्वास और आराम करने की सलाह दी गई है।

उन्होंने कहा, मैंने अपनी सहायता टीम और 10अ, एएफआई और साई के साथ इस पर चर्चा की है, और हमने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, किसी भी जोखिम से बचने के लिए मेरे लिए राष्ट्रमंडल खेल को छोड़ना सबसे अच्छा होगा। नीरज ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित सीडब्ल्यूजी 2018 में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने आगे कहा कि वह इस बात से बहुत आहत हैं कि वह अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने कहा, कहने की जरूरत नहीं है, मैं अपने खिताब की रक्षा करने में सक्षम नहीं होने और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का एक और मौका चूकने से आहत हूं। मैं विशेष रूप से उद्घाटन समारोह में टीम इंडिया के ध्वजवाहक होने के अवसर को खोने को लेकर निराश हूं। उन्होंने कहा, अभी के लिए, मैं अपने पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करूंगा और बहुत जल्द वापस आने की उम्मीद करता हूं। मैं पिछले कुछ दिनों में मुझे मिले सभी प्यार और समर्थन के लिए पूरे देश को धन्यवाद देता हूं, और आप सभी से इसमें शामिल होने का आग्रह करता हूं।

मैं आने वाले हफ्तों में बर्मिंघम में टीम इंडिया के अपने साथी एथलीटों का उत्साहवर्धन कर रहा हूं। चोपड़ा के चोटिल होने की खबर से भाला फेंक में भारत के पदक की संभावना को बड़ा झटका लगा है।

बता दें कि चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से काफी शानदार प्रदर्शन किया है। नीरज ने पुरुषों की भाला फेंक फाइनल में अपने चौथे प्रयास में 88.13 मीटर की दूरी दर्ज की और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में दूसरा स्थान हासिल किया।

## सुनील छेत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन कप के लिए बेंगलुरु एफसी टीम को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने यूनाइटेड किंगडम में नेक्स्ट जेनरेशन कप, 2022 से पहले बेंगलुरु एफसी रिजर्व टीम को शुभकामनाएं दीं हैं। आज रात खेले जाने वाले पहले दौर के मुकाबले में बेंगलुरू एफसी का सामना पूर्व प्रीमियर लीग चैंपियन लीसेस्टर सिटी एफसी अकादमी से होगा जबकि केरला ब्लास्टर्स एफसी की टीम शुरूआती दौर में टोटेनहम हॉटस्पर से खेलेगी। सुनील छेत्री ने ट्विटर पर एक विशेष प्रेरणादायक वीडियो संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने कोच नौशाद मूसा और उनके बच्चों को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को इस शानदार अनुभव का आनंद लेने की सलाह दी। छेत्री ने इंडियन सुपर लीग के ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मूसा भाई और सभी को शुभकामनाएं। मुझे लगता है कि यह आप सभी के लिए एक महान अवसर है। मुझे पूरा यकीन है कि आप लोग अच्छा प्रदर्शन करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि इंग्लैंड में आप कुछ सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों का सामना करने जा रहे हैं। आपको हमारा पूरा समर्थन है। बस वहां जाएं और आनंद लें। शुभकामनाएं। बता दें कि नेक्स्ट जनरेशन कप फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट (एफएसडीएल) और प्रीमियर लीग की दीर्घकालिक साझेदारी का हिस्सा है। भारत में फुटबॉल को समग्र रूप से विकसित करने के लिए अंग्रेजी और भारतीय लीग दोनों मिलकर काम कर रहे हैं।

# खेलो इंडिया के स्पोर्ट्स फॉर वूमेन योजना के तहत 9.5 करोड़ रुपये किए गए जारी



नई दिल्ली, एजेंसी

खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया के स्पोर्ट्स फॉर वूमेन योजना के तहत वर्ष 2020 से अब तक 9.5 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया, खेल विभाग की सभी योजनाएं लैंगिक तटस्थ हैं और सभी खिलाड़ियों को समान रूप से पूरा करती हैं। हालांकि, खेलो इंडिया योजना के घटकों में से एक स्पोर्ट्स फॉर वूमेन विशेष रूप से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

ठाकुर ने कहा, इसके अलावा, इस घटक के तहत, विभिन्न विषयों में महिला लीग राष्ट्रीय खेल संघों के सहयोग से आयोजित की जाती हैं, ताकि खेल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जा सके, लीग को प्रतिभा पहचान के लिए एक मंच के रूप में उपयोग किया जा सके और महिला एथलीटों को प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्रदान किया जा सके। इसके अलावा, देश में प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों के बीच खेल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देने के लिए, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और तीन साई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। इसके अलावा, साई की खेल प्रोत्साहन योजनाओं के तहत देश भर में कुल 3146 महिला एथलीटों को प्रशिक्षित किया जाता है। इसके अलावा, खेलो इंडिया योजना के प्रतिभा खोज और विकास योजना के तहत, देश भर में 1374 महिला एथलीटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें 6,28,400 रुपये (पॉकेट भत्ता 1,20,000 रुपये सहित) की दर से पर एथलीट प्रति वर्ष अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सामूहिक भागीदारी और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने की दृष्टि से, सरकार ने इस वर्ष फरवरी में 3165.50 करोड़ रुपये के परिव्यय पर 15वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) पर खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम की योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है। ठाकुर ने खेलो इंडिया योजना को जारी रखने को मंजूरी देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। ठाकुर ने कहा, मंत्रालय और सभी हितधारकों की ओर से, मैं खेलो इंडिया योजना के कार्यकाल को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही बजट 2022 में अपने बजटीय आवंटन में 48 प्रतिशत की वृद्धि करके और इसे प्रधान मंत्री पुरस्कार योजना में शामिल करके इसे राष्ट्रीय प्रमुखता में लेने के लिए धन्यवाद देता हूं। खेलो इंडिया योजना युवा मामले और खेल मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्टता प्राप्त करना है, जिससे आम नागरिक अपने क्रॉस-कटिंग प्रभाव के माध्यम से खेल की शक्ति का उपयोग कर सके।

# आईसीसी ने कंबोडिया, उज्बेकिस्तान और कोटे डी आइवर को दिया एसोसिएट सदस्य का दर्जा

दुबई, एजेंसी

आईसीसी ने बर्मिंघम में चल रहे अपने वार्षिक सम्मेलन के दौरान तीन देशों को एसोसिएट सदस्य का दर्जा दे दिया है। आईसीसी ने एशिया से कंबोडिया और उज्बेकिस्तान, और अफ्रीका के कोटे डी आइवर, को एसोसिएट सदस्य का दर्जा दिया गया है, जिससे आईसीसी के कुल सदस्य देशों की संख्या 108 हो गई है। जिसमें 96 एसोसिएट्स सदस्य शामिल हैं। एशियाई देशों की कुल संख्या अब 25 हो गई है, जबकि कोटे डी आइवर अफ्रीका का 21वां देश है। बता दें कि क्रिकेट फेडरेशन ऑफ उज्बेकिस्तान (सीएफयू) की महिला क्रिकेट योजना में 15 टीमों को शामिल किया गया है, जिसमें उनके अंडर-19 और अंडर -17 खिलाड़ियों के लिए पाथवे प्रोग्राम के साथ आयोजित प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कोटे डी आइवर क्रिकेट फेडरेशन का एक मजबूत जमीनी कार्यक्रम है और आठ टीमों के साथ एक राष्ट्रीय लीग सीनियर पुरुष प्रतियोगिता भी चलाता है। विशेष रूप से, उन्होंने महिला क्रिकेट को विकसित करने के लिए कई पहल की हैं, जिसमें एक महिला बोर्ड सदस्य की नियुक्ति भी शामिल है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ कंबोडिया, जो कोविड -19 से बुरी तरह प्रभावित था, को बोर्ड के अधीन सदस्यता से सम्मानित किया गया, जिसमें प्रदर्शित किया गया था कि वर्ष के अंत तक उनके पास महिला क्रिकेट के लिए संतोषजनक योजनाएं हैं। कंबोडिया में नवंबर 2022 में आठ टीमों के साथ एक टी20 टूनार्मेंट पर भी काम चल रहा है, जबकि आठ स्कूलों में इनडोर क्रिकेट गतिविधियों को फिर से शुरू किए जाने की उम्मीद है। कंबोडिया में 14 पंजीकृत टीमें हैं जो नियमित रूप से देश में पुरुषों की सीनियर घरेलू क्रिकेट खेलती हैं और स्थानीय कोचों के साथ एक आशाजनक जूनियर क्रिकेट कार्यक्रम है। आईसीसी सदस्यता के लिए यूक्रेन के आवेदन को तब तक के लिए टाल दिया जाता है जब तक कि देश के भीतर क्रिकेट गतिविधि सुरक्षित रूप से फिर से शुरू न हो जाए, लेकिन आईसीसी इस प्रक्रिया के माध्यम से यूक्रेन क्रिकेट महासंघ का समर्थन करना जारी रखेगा।




## राष्ट्रमंडल खेल : कोरोना संक्रमित हुई पूजा वस्त्राकर और मेघना सिंह





बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर और गेंदबाज मेघना सिंह कोरोना संक्रमित हो गई हैं। दोनों खिलाड़ी अपना आइसोलेशन पीरियड पूरा कर रही हैं और उन्हें बाहर जाने से पहले बीसीसीआई द्वारा अनिवार्य टेस्ट पास करना होगा। दोनों पहले दो लीग मैच मिस कर सकती हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, वस्त्राकर और मेघना सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के लिए टीम इंडिया के बाकी सदस्यों के साथ यूके नहीं गईं। पूजा का कोरोना संक्रमित होना भारत के लिए बहुत बड़ा झटका होगा, क्योंकि वह टीम में अहम भूमिका निभाती हैं। ऑलराउंडर को निचले क्रम में अपने शक्तिशाली हिटिंग कौशल और टीम के लिए जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। जबकि, मेघना को मौजूदा टीम में एक बैक-अप खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है, जिनकी अनुपस्थिति से भारतीय टीम को उतना नुकसान नहीं होगा। टीम में रिजर्व खिलाड़ी के रूप में लेग स्पिनर पूनम यादव, ऑलराउंडर सिमरन दिल बहादुर और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष शामिल हैं, ये सभी बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रही हैं और जरूरत पड़ने पर यूके के लिए उड़ान भर सकती हैं। महिला टी-20 क्रिकेट का बर्मिंघम में हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों में यह पहला साल है, जिसमें शीर्ष आठ टीमें स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। टीम इंडिया शुक्रवार को अपने शुरूआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी, इसके बाद रविवार को टीम इंडिया का सामना चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

## भारतीय टीम में शामिल हुए मानसिक कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी




दक्षिण अफ्रीका के पैडी अप्टन, जिन्हें मानसिक कंडीशनिंग कोच के रूप में नियुक्त किया गया है, त्रिनिदाद में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अप्टन को भारतीय सपोर्ट स्टाफ में शामिल किया गया है। अप्टन ने 2008 और 2011 के बीच गैरी कर्स्टन के अंडर में बतौर सहायक कोच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम किया है, उस दौरान भारत पहली बार नंबर 1 रैंक वाली टेस्ट टीम बना और घरेलू धरती पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 भी जीता। अप्टन ने दुनिया भर की यात्रा की है और मुख्य कोच के रूप में कई टी20 फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स के लिए काम किया है, जहाँ उनकी भूमिका में बायो-बबल के अंदर खिलाड़ियों की मानसिक कंडीशनिंग भी शामिल थी। बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत का शेड्यूल काफी व्यस्त है। वर्तमान में स्टैंड-इन कप्तान शिखर धवन के नेतृत्व में, भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेल रही है, जहां भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। श्रृंखला का आखिरी मैच आज खेला जाएगा। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेगी। इसके बाद भारत संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप में हिस्सा लेगा और फिर अगस्त के मध्य में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में जिम्बाब्वे से खेलेगा।

# शतरंज ओलंपियाड में सभी की निगाहें भारत पर

मामल्लापुरम, एजेंसी

कुछ शीर्ष टीमों की अनुपस्थिति में भारत गुरुवार से यहां शुरू होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। शतरंज में चोटी की टीम रूस और चीन इस बार शतरंज ओलंपियाड में भाग नहीं ले रहे हैं। ऐसे में भारत ओपन और महिला वर्ग में तीन तीन टीमें उतारेगा। यहां शतरंज का बुखार अपने चरम पर है और सभी की निगाहें भारतीय टीमों पर टिकी हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने ओलंपियाड में नहीं खेलने का फैसला किया है। वह इस बार भारतीय टीमों के मार्गदर्शक (मेंटोर) के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। निश्चित तौर पर भारतीय टीम उनके अनुभव का पूरा लाभ उठाना चाहेंगी। भारत ए टीम को सितारों से सजे अमेरिका के बाद दूसरी वरीयता दी गई है। वह मैगनस कार्लसन की अगुवाई वाले नॉर्वे, अमेरिका और अजरबैजान के साथ खिताब के दावेदारों में शामिल है।

भारत बी टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके कोच आर बी रमेश हैं। भारत भी टीम को 11वीं वरीयता दी गई है और उसे छुपा रुस्तम माना जा रहा है। शतरंज ओलंपियाड में इस बार ओपन वर्ग में रिकॉर्ड 188 टीमें और महिला वर्ग में 162 टीमें भाग लेंगी। इनमें छह टीमें भारत की शामिल हैं। भारत को मेजबान होने के कारण अतिरिक्त टीमें उतारने का अवसर मिला। रूस और चीन की अनुपस्थिति में मुकाबला थोड़ा आसान हो गया है लेकिन इससे अन्य टीमों को अपनी चमक बिखेरने का मौका मिलेगा। जैसे कि अमेरिका की टीम है जिसमें फैबियो कारुआना, वेस्ले सो, लेवोन आरोनियन, सैम शैंकलैंड और लीनियर डोमिनिग्ज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इनकी औसत ईएलओ रेटिंग 2771 है जिससे वह खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है।



लेकिन ओलंपियाड जैसी टीम प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की फॉर्म के अलावा टीमवर्क भी महत्वपूर्ण होता है। भारत ने नॉर्वे के ट्रॉमसो में 2014 में खेले गए ओलंपियाड में ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता था जबकि 2020 के ऑनलाइन ओलंपियाड में वह रूस के साथ संयुक्त विजेता रहा था। भारत ने 2021 में कांस्य पदक हासिल किया था। भारत के पास अब फिर से सोने का तमगा जीतने का स्वर्णिम अवसर रहेगा। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ए जहां खिताब के दावेदारों में शामिल है वहीं भारत बी टीम में कई प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा के अलावा निहाल सरीन, रौनक साधवानी और अनुभवी बी अधिबान शामिल हैं। कोच रमेश के अनुसार वे किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं। इस लंबी अवधि की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पूरे 11 दौर तक खुद को प्रेरित रखना होगा और यह अंतिम परिणाम में अहम भूमिका निभाएगा। यहां तक कि मौजूदा विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ियों की काफी तारीफ की है और उनके अनुसार भारतीय टीम पदक के दावेदारों में शामिल हैं। भारत ए टीम में अनुभवी पी हरिकृष्णा और तेजी से उभरते अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, अनुभवी के शशिकिरन और एस एल नारायणन शामिल हैं। गुजराती तब कप्तान थे जब देश ने 2020 ऑनलाइन ओलंपियाड में रूस के साथ स्वर्ण साझा किया था। भारत बी टीम को 17वी वरीयता दी गई है। उसमें अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। टीम में अनुभवी सूर्य शेखर गांगुली भी शामिल हैं। महिला वर्ग में भारत ए टीम को शीर्ष वरीयता दी गई है तथा कोनेरू हंपी और डी हरिका की उपस्थिति में टीम स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार है। इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा आर वैशाली और भक्ति कुलकर्णी भी टीम में हैं। भारत की दो अन्य टीमें भी उलटफेर करने में सक्षम है।

भारत को महिला वर्ग में यूक्रेन, जॉर्जिया और कजाकिस्तान जैसी टीमों से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

### भारतीय टीमें इस प्रकार हैं

**ओपनः एः** विदित एस गुजराती, पी हरिकृष्णा, अर्जुन एरिगैसी, एस एल नारायणन, के शशिकिरन।

**बीः** निहाल सरीन, डी गुकेश, आर प्रज्ञाननंदा, बी अधिबान, रौनक साधवानी।

**सीः** सूर्य शेखर गांगुली, एसपी सेथुरमन, अभिजीत गुप्ता, कार्तिकियन मुरली, अभिमन्यु पुराणिक।

**महिलाः एः** कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव, भक्ति कुलकर्णी।

**बीः** वंतिका अग्रवाल, सौम्या स्वामीनाथन, मैरी एन गोम्स, पद्मिनी राउत, दिव्या देशमुख।

**सीः** ईशा करवड़े, साहिती वार्शिनी, प्रत्युषा बोड्डा, पी वी नंदिधा, विश्व वासनावा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### डब्ल्यूएचओ ने युगांडा को 2,400 मंकीपॉक्स परीक्षण किट दान की

कंपाला। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीकी देश युगांडा को मंकीपॉक्स बीमारी से निपटने में मदद के लिए 2,400 मंकीपॉक्स परीक्षण किट दान में दी हैं। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि योनस तेगेगन वोल्डेमरियम ने मंगलवार को युगांडा के स्वास्थ्य मंत्री रूथ एकेंग को किट सौंपते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ युगांडा की परीक्षण क्षमता को मजबूत करने मदद के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने परीक्षण कीट दान के लिए डब्ल्युएचओ का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ 23 जुलाई को मंकीपॉक्स के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर चुका है।

### न्यूजीलैंड में कोरोना के 8,730 नये मामले

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस महामारी के 8,730 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक इस बीमारी से 1,427 लोगों की मौत हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि नये मामलों में 394 मामले विदेशों से आये लोगों के हैं। उन्होंने बताया कि इस समय अस्पतालों में 808 कोविड रोगियों का इलाज चल रहा है। जिनमें 25 गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती है। उन्होंने बताया कि नये मामले सामने आने के साथ ही देश में इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़कर 1,577,414 हो गई है।

### उत्तर फिलीपींस में 7.3 तीव्रता का भूकंप

मनीला। उत्तर फिलीपींस के अबरा प्रांत में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान ने यह जानकारी दी। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 0843 बजे आये भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7.3 मापी गई है। उन्होंने बताया कि भूकंप का केन्द्र लुजोन के मुख्य द्वीप पर लगंगिलंग शहर से करीब दो किमी उत्तर पूर्व में 25 किमी की गहराई में स्थित था। उन्होंने बताया कि मेट्रो मनीला सहित आसपास के इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए है। संस्थान ने बताया कि टेक्टोनिक्स प्रक्रिया के कारण भूकंप के और झटके महसूस किये जायेंगे और इससे नुकसान हो सकता है।

### सिंगापुर ने राजपक्षे के यात्रा पास की अवधि और 14 दिन बढ़ायी : खबरें

सिंगापुर। सिंगापुर सरकार ने श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को नया वीजा जारी करते हुए देश में उनके रहने की अवधि और 14 दिन बढ़ा दी है। मीडिया में आयी एक खबर में बुधवार को बताया गया कि राजपक्षे के यात्रा पास की अवधि 11 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गयी है। राजपक्षे श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण अपने खिलाफ जन आक्रोश के बीच देश छोड़कर 13 जुलाई को मालदीव चले गए थे और वहां से अगले दिन निजी यात्रा पर सिंगापुर आए थे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, राजपक्षे को नया वीजा जारी किया गया है, यहां उनके रहने की अवधि 11 अगस्त तक बढ़ा दी गयी है।

# भारत पश्चिम व दक्षिण एशिया के आर्थिक विकास में अहम योगदान देगा : संरा में भारतीय राजदूत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



भारत ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शांति और समृद्धि में उसके अहम हित हैं और उसे नवगठित आई2यू2 के जरिए क्षेत्र तथा दक्षिण एशिया में ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का विश्वास है। आई2यू2 में भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका शामिल हैं। इसमें आई का मतलब भारत और इजराइल से है जबकि यू यूएई और अमेरिका के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूह के 14 जुलाई को हुए पहले डिजिटल सम्मेलन में हिस्सा लिया था और कहा था कि आई2यू2 ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक विकास के क्षेत्रों में अहम योगदान देगा।

इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, इजराइल के प्रधानमंत्री येर लापिद और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान ने हिस्सा लिया था। मोदी ने कहा था कि समूह ने सकारात्मक एजेंडा स्थापित किया है और इसकी रूपरेखा बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं की स्थिति में व्यावहारिक सहयोग के लिए एक अच्छा मॉडल है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रभारी राजदूत आर रवींद्र ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को फलस्तीन का सवाल चर्चा में कहा, भारत के पश्चिम एशिया की शांति और समृद्धि में अहम हित हैं। हाल में आई2यू2 सम्मेलन में भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका के नेता जल, ऊर्जा परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा के छह अहम क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

उन्होंने कहा, हमें यकीन है कि आई2यू2 के जरिए हम पश्चिम एशिया एवं दक्षिण एशिया में ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। रवींद्र ने इजराइल और फलस्तीन में घटनाक्रम, खासकर हिंसक हमलों और आम लोगों की मौत तथा तबाही एवं उकसावे की कार्रवाई को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से हिंसा नहीं करने को कहता आया है और उन्होंने हिंसा रोकने के नई दिल्ली के आह्वान को दोहराया।रवींद्र ने जोर देकर कहा कि जब तक इजराइल और फलस्तीन के बीच राजनीतिक समाधान नहीं होता है, तब तक क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि द्वि-राष्ट्र के समाधान के लिए राजनीतिक समर्थन के अलावा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पश्चिम एशिया में शांति प्रक्रिया फिर से शुरू करने के लिए ऊर्जा लगानी चाहिए और राजनीतिक प्रयास करने चाहिए। रवींद्र ने कहा, भारत लगातार इजराइल और फलस्तीन के बीच सीधी बातचीत का आह्वान करता रहा है। इस बारे में हमारा मानना है कि यह द्वि-राष्ट्र समाधान के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बेहतरीन रास्ता है। उन्होंने कहा कि यह बातचीत अंतरराष्ट्रीय तौर पर सहमत हुई रूपरेखा पर होनी चाहिए जिसमें फलस्तीन के लोगों की पूर्ण राष्ट्र की आकांक्षा और इजराइल की सुरक्षा चिंताओं पर विचार किया जाना चाहिए।

## भारत ने इराक के दोहुक में बमबारी की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने उत्तरी इराक में एक पर्वतीय रिजॉर्ट में हाल में हुई बमबारी की कड़ी निंदा की है और संयुक्त राष्ट्र से इराक की चिंताओं का हल निकालने को कहा है। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इराक के विदेश मंत्री द्वारा जतायी गयी उन चिंताओं का समाधान निकालना चाहिए कि तुर्की की सेनाओं ने उनके देश की संप्रभुता के खिलाफ खुला और घोर हमला किया है।

दोहुक में हमलों पर मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के उपराजदूत आर रवींद्र ने कहा कि इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में दोहुक गवर्नरेट के जाखो जिले में हाल में बमबारी की कड़ी भारत कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा, सरकार तथा भारत के लोगों की ओर से, मैं इस हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। गौरतलब है कि इस हमले में नौ नागरिकों की मौत हो गयी और 33 अन्य घायल हो गए। रवींद्र ने कहा कि इराक क्षेत्र के भीतर इस तरह का हमला देश की संप्रभुता पर स्पष्ट हमला है। उन्होंने कहा कि एक असैन्य स्थान पर यह हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन भी दशार्ता है। सोमवार को एक बयान में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों ने दोहुक हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और सभी देशों से इराक सरकार के साथ सक्रियता से सहयोग करने का अनुरोध किया।

## जॉनसन ने जेलेंस्की को चर्चिल पुरस्कार से किया सम्मानित




लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को सर विन्सटन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया तथा संकट के समय में दोनों नेताओं की तुलना की। जेलेंस्की ने जॉनसन के लंदन कार्यालय में एक समारोह के दौरान वीडियो लिंक के जरिए पुरस्कार स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में चर्चिल के परिवार के सदस्य, यूक्रेन के राजदूत वैदिम प्रिस्तेको और वे यूक्रेनी भी शामिल हुए, जिन्होंने ब्रिटिश सैनिकों से प्रशिक्षण लिया है। जॉनसन ने यह याद किया कि जेलेंस्की ने कैसे 24 फरवरी को पुष्टि की थी कि रूस ने आक्रमण कर दिया है।

उन्होंने कहा, सबसे बड़े संकट की घड़ी में आपने अपने तरीके से नेतृत्व की परीक्षा का सामना किया जैसे कि चर्चिल ने 1940 में किया था। जेलेंस्की ने जॉनसन और ब्रिटेन का उनके सहयोग के लिए आभार जताया। उत्तर पूर्वी देश यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जॉनसन पहले पश्चिमी नेता थे जो कीव गए थे। इस माह के शुरू में जॉनसन द्वारा कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद से इस्तीफा देने के बाद जेलेंस्की ने कहा था कि वह इस घटनाक्रम से दुखी हैं।

## व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद पहली बार वाशिंगटन पहुंचे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस को अलविदा कहने के बाद बाद पहली बार मंगलवार को वाशिंगटन लौटे और एक बार फिर अपने झूठे चुनावी दावों को दोहराया, जो अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल हिल) में छह जनवरी को विद्रोह का कारण बने थे। ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि उनके 2020 का चुनाव जीतने के सभी सबूत मौजूद थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यवह चुनाव हमारे देश के लिए एक कलंक है।

पूर्व राष्ट्रपति ने 2024 के चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पेश करने का एक बार फिर संकेत दिया। उन्होंने कहा, हमें शायद एक बार फिर करके दिखाना होगा। व्हाइट हाउस के पूर्व अधिकारियों और कैबिनेट सदस्यों के एक समूह द्वारा आयोजित एक बैठक में लोगों की तालियों के बीच ट्रंप ने यह बयान दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक का मकसद ट्रंप के दोबारा चुनाव लड़ने के लिए एक एजेंडा तैयार करना था। जो बाइडन के 20 जनवरी 2021 को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने और खुद के व्हाइट हाउस को अलविदा कहने के बाद पहली बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप वाशिंगटन पहुंचे। पूर्व उप राष्ट्रपति माइक पेंस के भाषण के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने अपनी बात रखी। पेंस को 2024 चुनाव में ट्रंप का संभावित प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, शी चिनफिंग ताइवान पर तनाव के बीच बातचीत करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के उनके समकक्ष शी चिनफिंग ताइवान को लेकर तनाव के बीच बृहस्पतिवार को बातचीत करेंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाइडन और चिनफिंग चार महीने बाद पहली बार बातचीत करेंगे। दोनों नेताओं के बीच बातचीत की कई हफ्तों से योजना बनायी जा रही थी, लेकिन सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और कांग्रेस के शीर्ष डेमोक्रेट की ताइवान यात्रा की संभावना ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को और जटिल बना दिया है।

बीजिंग चेतावनी दे रहा है कि अगर पेलोसी स्वशासित ताइवान की यात्रा करती है तो वह बलपूर्वक कदम उठाएगा। बहरहाल, पेलोसी ने अभी ताइवान की यात्रा करने की योजनाओं की पुष्टि नहीं की है, लेकिन बाइडन ने पिछले सप्ताह पत्रकारों से कहा था कि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का मानना है कि अभी अध्यक्ष के लिए ताइवान की यात्रा करना अच्छा विचार नहीं है।

बाइडन ने ये टिप्पणियां तब की हैं जब फाइनेंशियल टाइम्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि पेलोसी की अगस्त में ताइवान की यात्रा करने की योजना है। पहले यह यात्रा अप्रैल में होनी थी, लेकिन उनके कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के कारण इसे टाल दिया गया था। पेलोसी ने अपनी यात्रा पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या उनकी ताइवान जाने की योजना है, लेकिन उन्होंने कहा कि बाइडन की टिप्पणी सैन्य अधिकारियों के उस डर से उपजी है कि कहीं चीन हमारे विमान को न मार गिराए या कुछ ऐसा न कर दे।



पेलोसी ने कहा, हमारे लिए ताइवान के प्रति समर्थन दिखाना महत्वपूर्ण है। जब भी ताइवान की बात आती है तो हमलोगों से किसी ने कभी नहीं कहा कि हम आजादी की बात कर रहे हैं। इसका फैसला ताइवान को करना है। प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर पेलोसी से कहा है कि ताइवान की यात्रा करने से संवदेनशील यथास्थिति बिगड़ सकती है। वहीं, चीनी अधिकारियों का कहना है कि पेलोसी की यात्रा को अमेरिका की नीति में बदलाव के तौर पर देखा जाएगा और इसे उकसावा माना जाएगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, अगर अमेरिका अपने रास्ते पर चलते रहने पर जोर देता है तो चीन इसका बलपूर्वक जवाब देगा और हम जो कहते हैं वही करेंगे। बाइडन और शी के बीच मुलाकात में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम, यूक्रेन में रूस के युद्ध पर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच मतभेदों, ईरान परमाणु समझौते को फिर से बहाल करने की बाइडन प्रशासन की कोशिशों और ट्रंप प्रशासन द्वारा चीन पर लगाए कड़े करों की अमेरिकी सरकार की समीक्षा की स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है।

## फिलीपीन ने रूस से हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा किया रद्द

मनीला, एजेंसी

फिलीपीन सरकार ने अमेरिका से प्रतिबंध लगने की आशंका के मद्देनजर रूस से 16 सैन्य परिवहन हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा रद्द कर दिया है। पूर्व रक्षा मंत्री डेल्फिन लोरेनजाना ने मंगलवार रात को बताया कि रूस से एमआई-17 हेलीकॉप्टर खरीदने के 22.7 करोड़ डॉलर का सौदा रद्द कर दिया गया है। पिछले महीने तत्कालीन राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने 30 जून को अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले इस सौदे को मंजूरी दी थी। लोरेनजाना ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया, हम पर प्रतिबंध लग सकते थे। उन्होंने कहा कि अगर फिलीपीन सौदे पर आगे बढ़ता तो इससे वाशिंगटन नाराज हो सकता था, क्योंकि रूस के साथ उसके संबंध काफी खराब हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी सौदा करने के मनीला के फैसले से वाकिफ हैं और फिलीपीन की सेना के लिए ऐसे ही हेलीकॉप्टर सौदे की पेशकश कर सकते हैं। दुतेर्ते के शासनकाल में लोरेनजाना रक्षा प्रमुख थे। नए राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने उन्हें पूर्व सैन्य अड्डों को व्यापारिक केंद्रों में बदलने के लिए जिम्मेदार सरकारी एजेंसी का प्रमुख बनाया है। वाशिंगटन में फिलीपीन के राजदूत जोस मैनुएल रोमुएलडेज ने एपी से कहा कि सौदे को इसलिए रद्द किया गया है, क्योंकि मनीला पर अमेरिकी संघीय कानून काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शन्स एक्ट के तहत प्रतिबंध लगने का खतरा था। फिलीपीन के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि सौदे को रद्द करने के फैसले के बाद इसे समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सौदे को रद्द करने के खिलाफ रूस अपील कर सकता है, लेकिन इस बात की बहुत कम गुंजाइश है कि फिलीपीन की सरकार उसकी अपील पर पुनर्विचार करे। यह सौदा पिछले साल नवंबर में हुआ था और लोरेनजाना ने बताया कि फिलीपीन ने इस साल जनवरी में शुरूआती तौर पर कुछ रकम का भुगतान कर दिया था और तत्काल यह साफ नहीं है कि इस भुगतान का क्या होगा।

## जन संस्कृति मंच का आयोजन : 31 जुलाई को प्रेमचंद जयंती पर कहानी पाठ और विमर्श

रायपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- आयोजन के बाद ईकाई से जुड़े सभी पदाधिकारी और सदस्य राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों में जुट जाएंगे जो 8 और 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा।

जन संस्कृति मंच की रायपुर ईकाई द्वारा 31 जुलाई को कथा और उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर कहानी पाठ और विमर्श का आयोजन किया गया है। स्थानीय वृंदावन हॉल में शाम साढ़े पांच बजे लब्ध प्रतिष्ठित कथाकार जया जादवानी और हरि भटनागर अपनी कहानियों का पाठ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश के सुप्रसिद्ध आलोचक जय प्रकाश करेंगे जबकि कहानियों पर टिप्पणी जसम रायपुर के अध्यक्ष और कथाकार आनंद बहादुर की होगी। प्रेमचंद का देश : कल आज और कल विषय पर युवा आलोचक भुवाल सिंह का व्याख्यान होगा. कार्यक्रम का संचालन अमित चौहान करेंगे।

इस मौके पर जन संस्कृति मंच की राष्ट्रीय ईकाई से संबंद्ध प्रसिद्ध आलोचक प्रोफेसर सियाराम शर्मा, लेखिका कल्पना मिश्रा, जसम रायपुर के सचिव मोहित जायसवाल, युवा आलोचक इंद्र कुमार राठौर, वसु गंधर्व, अजुल्का, बृजेंद्र तिवारी, नरोत्तम शर्मा, सृष्टि आलोक, कमलेश्वर साहू, उपन्यासकार किशन लाल, अखिलेश एडगर, डाक्टर दीक्षित, संस्कृतिकर्मी सुलेमान खान, अप्पला स्वामी, शंकर राव, उमेश बाबू, संतोष बंजारा, राजेंद्र पेठे, अशोक तिवारी, घनश्याम त्रिपाठी और राजकुमार सोनी सहित रायपुर-दुर्ग-भिलाई के अनेक साहित्यकार और संस्कृतिकर्मी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि लेखकों और संस्कृतिकर्मियों के सबसे महत्वपूर्ण संगठन जन संस्कृति मंच की रायपुर ईकाई का गठन इसी साल 3 मई 2022 को किया गया है. इस ईकाई ने पिछले दिनों चर्चित मार्क्सवादी विचारक रामजी राय की पुस्तक मुक्तिबोधः स्वदेश की खोज का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया था जो बेहद सफल था. ईकाई द्वारा आगामी 13 अगस्त को एक काव्य गोष्ठी भी रखी गई है। इस आयोजन के बाद ईकाई से जुड़े सभी पदाधिकारी और सदस्य राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों में जुट जाएंगे जो 8 और 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। इस दौरान देशभर के तीन सौ से ज्यादा लेखक और संस्कृतिकर्मी फासीवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

## भरतपुर में अवैध खनन में गहलोत सरकार के मंत्री की सीधी संलिप्तता : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान के भरतपुर में अवैध खनन के लिए गहलोत सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सरकार के मंत्री की इसमें सीधी संलिप्तता और अधिकारियों की मिलीभगत है।

भरतपुर में स्वामी विजयदास के आत्मदाह के बाद भाजपा ने राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह की अध्यक्षता में एक फैक्ट कमेटी का गठन किया था। समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपी। कमेटी में सिंह के अलावा सीकर से लोकसभा सदस्य स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद सत्यपाल सिंह और राज्यसभा सदस्य बृजलाल को शामिल थे।

नड्डा को रिपोर्ट सौंपने के बाद भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अरूण सिंह ने कहा कि संत विजयदास ने आत्मदाह करने से पहले राजस्थान सरकार को चेतावनी भी दी थी। लेकिन गहलोत सरकार कुछ नहीं समझी।




अपितु राजस्थान सरकार के मंत्री वहां जा जाकर साधुओं का मजाक उड़ाते थे। मामले की सत्यता की जांच के लिए हम लोग वहां मान मंदिर ट्रस्ट में भी गए और कई साधु संतों से भी मिले। उन्होंने कहा है कि यह पूरा अवैध खनन राजस्थान सरकार के संरक्षण में हो रहा था, सरकार के मंत्री की इसमें सीधी संलिप्तता है, अधिकारियों की मिलीभगत है।

सिंह ने कहा कि 20 जुलाई को स्वामी विजयदास ने आत्मदाह किया, 23 जुलाई को उनके प्राण नहीं रहे। 24 जुलाई को भाजपा द्वारा गठित यह उच्चस्तरीय कमेटी घटनास्थल पर गई। घटनास्थल पर जाने के बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट बनाई। वह रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी सौंपी।

उन्होंने कहा कि कमेटी ने घटनास्थल पर जाकर बहुत ही हृदय विदारक स्थिति देखी। लोगों के मन में राजस्थान सरकार के प्रति बहुत गुस्सा और सरकार के रवैये के प्रति बहुत आक्रोश था। कनकाञ्चल और आदि बद्री पर्वत दोनों ब्रज की 84 कोस परिक्रमा के अंदर आते हैं। इन पर्वतों के पास अवैध खनन हो रहा था। इससे पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति एवं धार्मिक स्थल को बहुत नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इससे क्षुब्ध होकर संत विजयदास और अन्य संत धरने पर बैठे । 551 दिन ये धरना चला, लेकिन उसके बाद भी खनन नहीं रुका।

सिंह ने कहा कि इस मामले में राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर सब मंत्री मिले हुए थे। स्थानीय मंत्री जाहिद खान के भी 2 पट्टे वहां थे। उन्होंने आगे कहा कि अवैध रूप से इतना पैसा कमाया जा रहा था कि राजस्थान सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

वार्ता

**यह पहला मौका होगा, जब जयशंकर पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद भुट्टो से मुलाकात करेंगे।**

## भारत-पाकिस्तान के विदेश मंत्री उज्बेकिस्तान के समरकंद में होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर उज्बेकिस्तान में होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। यहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो से मुलाकात करेंगे। यह पहला मौका होगा, जब जयशंकर पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद भुट्टो से मुलाकात करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर उज्बेकिस्तान में होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। यहां वह अपने पाकिस्तानी



समकक्ष बिलावल भुट्टो से मुलाकात करेंगे। यह पहला मौका होगा, जब जयशंकर पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद भुट्टो से मुलाकात करेंगे। उज्बेकिस्तान में होने जा रही विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत दो प्रमुख बैठकों में भाग लेगा। इन बैठकों में पहली एससीओ विदेशमंत्रियों की बैठक है। वहीं दूसरी बैठक अफगानिस्तान को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। अफगानिस्तान पर सम्मेलन 25 और 26 जुलाई को होगा, जबकि विदेश मंत्री की बैठक 28 और 29 जुलाई को होगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में शहबाज शरीफ के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद बिलावल ने भारत के साथ फिर से मैत्री संबंध बनाने की चाहत जताई थी। हालांकि, एससीओ के इतर भारत-पाकिस्तान की द्विपक्षीय बैठक के अभी तक कोई संकेत नहीं हैं। जहां तक पाकिस्तान के साथ बात का विषय है, भारत ने लगातार कहा है कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते।

इस बीच, एससीओ में जयशंकर की भागीदारी की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग यी भी शामिल होंगे। पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ गतिरोध को हल करने के लिए भारत और चीन के सैन्य कमांडरों के बीच हाल ही में हुई 16वें दौर की वार्ता के परिणाम की समीक्षा के लिए जयशंकर चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। ऐसे में अगर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होती है तो चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संभावित मुलाकात का रास्ता भी साफ हो सकता है।

दोनों नेताओं के उज्बेकिस्तान के समरकंद में 15 और 16 सितंबर को एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

## कांगो में यूएन के खिलाफ सशस्त्र विरोध, 15 की मौत, बीएसएफ के दो शांति सैनिक शहीद

किंशासा, एजेंसी

- प्रदर्शनकारियों ने गोमा में संयुक्त राष्ट्र की इमारतों में पत्थर फेंके और तोड़फोड़ कर आग लगा दी।

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के पूर्वी शहरों गोमा और बुटेम्बो में संयुक्त राष्ट्र विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के दूसरे दिन मंगलवार को कम से कम 15 लोग मारे गए और लगभग 50 घायल हो गए। मरने वालों में सशस्त्र प्रदर्शनकारियों के साथ संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक भी शामिल हैं। सशस्त्र विद्रोहियों के हमले में बीएसएफ के दो जवान भी शहीद हो गए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने गोमा में संयुक्त राष्ट्र की इमारतों में पत्थर फेंके और तोड़फोड़ कर आग लगा दी। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों ने जवाबी फायरिंग की। इसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। बताया गया है कि बुटेम्बो में हिंसक भीड़ ने मोरोक्को रैपिड डिप्लॉयमेंट बटालियन को घेर लिया था। यहीं पर बीएसएफ की टुकड़ी तैनात थी। कांगों की पुलिस और सेना हालात पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हवा में गोलियां दागी गईं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बीएसएफ के जवानों ने धुएं के गोले दागे। बावजूद इसके हिंसा पर आमादा भीड़ ने बटालियन की दीवार तोड़कर सैनिकों पर हमला किया। सशस्त्र प्रदर्शनकारियों ने हमले में संयुक्त राष्ट्र बल के ठिकानों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके। हमलावरों ने कांगो पुलिस से हथियार भी छीन लिए हैं और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर गोलीबारी की है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के मारे जाने से आहत है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ व्यक्तियों और समूहों की शत्रुतापूर्ण टिप्पणियों और धमकियों से प्रेरित सैकड़ों हमलावरों ने गोमा के साथ-साथ उत्तरी किवु के अन्य हिस्सों में हमला किया है। हक ने कहा है कि यह लोग लूटपाट भी कर रहे हैं। त्वरित प्रतिक्रिया बलों को भेजकर स्थिति को संभालने की कोशिश की जा रही है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555